राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 167
लखनऊ, बुधवार 05 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नगर निगम लखनऊ के रैमकी कंपनी को ठेका देने पर पार्षद आक्रोशित 03

भारत किसी भी महामारी से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार : जेपी नड्डा 12


## संक्षिप्त समाचार

### चाय-शराब व्यवसायी लोहिया के घर पर ईडी का छापा

**डिब्रूगढ़ (असम)।** डिब्रूगढ़ के प्रतिष्ठित व्यवसायी और मनोहारी चाय बागान के मालिक राजेन लोहिया के आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार सुबह छापेमारी की। यह छापेमारी सुबह लगभग 6 बजे शुरू हुई और उनके अन्य व्यावसायिक परिसरों समेत कुल छह स्थानों पर एक साथ कार्रवाई की गई। लोहिया न केवल चाय व्यवसाय से जुड़े हैं, बल्कि उनका संबंध शराब व्यवसाय से भी बताया जाता है। उनके पास अरुणाचल प्रदेश में वेयरहाउस और चाय उत्पादन इकाइयां भी हैं। 2022 में उनके स्वामित्व वाले मनोहारी चाय बागान ने उस समय सुर्खियां बटोरी थीं, जब वहां उत्पादित चाय की नीलामी प्रति किलोग्राम डेढ़ लाख रुपये में हुई थी। आयकर चोरी और अन्य आर्थिक अनियमितताओं के आरोप में यह छापेमारी की गई है। शाम तक यह कार्रवाई जारी थी, लेकिन ईडी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

### यूपीएससी ने दिसंबर 2024 के लिए भर्ती परिणाम किए घोषित

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिसंबर 2024 महीने के लिए भर्ती परिणामों की घोषणा की है। चुने हुए उम्मीदवारों को व्यक्तिगत रूप से डाक के माध्यम से सूचित किया गया है। आयोग ने बताया कि जिन उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया या उन्हें नियुक्ति के लिए सिफारिश नहीं की गई, उनके आवेदन पत्रों पर भी विचार किया गया। हालांकि, उन्हें इस बार सफलता नहीं मिल सकी। आयोग ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपने परिणामों की जांच करें। यह परिणाम विभिन्न सरकारी पदों के लिए आयोजित परीक्षाओं के तहत जारी किए गए हैं।


### राज्यसभा में बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला रखने की मांग

**नई दिल्ली।** संसद में मंगलवार को पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' करने की मांग की गई। यह मांग तृणमूल कांग्रेस सांसद रीताब्रता बनर्जी ने राज्यसभा में रखी। रीताब्रता बनर्जी ने शून्यकाल के दौरान सदन में कहा कि पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला किया जाए। यह एक तरह से पश्चिम बंगाल के 10 करोड़ लोगों की भावनाओं का सम्मान होगा। तृणमूल सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की आवश्यकता है। राज्य की ममता बनर्जी सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार को एक प्रस्ताव भी दिया है। उन्होंने केंद्र सरकार से उस प्रस्ताव को स्वीकार करने का अनुरोध किया।

### आईईडी विस्फोट व स्पाइक होल की चपेट से तीन जवान घायल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिला बीजापुर में गंगालूर थाना क्षेत्र अंर्तगत बीजापुर-दंतेवाड़ा सीमा से लगे ग्राम पुरगेल के पास मंगलवार की सुबह नक्सलियों के लगाए गए प्रेशर आईईडी विस्फोट और स्पाइक होल की चपेट में आने से सीआरपीएफ के 3 जवान घायल हो गए हैं। उन्हें एमआई 17 हेलीकाप्टर की मदद से उपचार के लिए रायपुर ले जाया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना के तुरंत बाद घायल जवानों को प्राथमिक उपचार दिया गया और इलाज के लिए हेलीकॉप्टर से रायपुर के श्री नारायणा अस्पताल लाया गया।

# मिल्कीपुर उपचुनाव : 3,71,578 मतदाता आज चुनेंगे अपना विधायक



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव को लेकर कल मतदान होगा। एक मात्र मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव हो रहा है लेकिन यह सीट बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। इस एक सीट पर जीत या हार से विधानसभा में कुछ खास फर्क भले न पड़े लेकिन बीजेपी और सपा की साख पर जरूर असर पड़ेगा। दोनों की ही प्रतिष्ठा जुड़ गई है।

सीएम योगी न कोई कोर कसर छोड़ी प्रचार में न अखिलेश यादव ने ही कोशिश में कोई कमी रखी। अब कल मतदाताओं की क्या मंशा है वो ईवीएम का बटन दबाकर 05 फरवरी को इजहार करेंगे जो 08 फरवरी बको रिजल्ट बनकर सामने आयेगी। अयोध्या में मिल्कीपुर के उपचुनाव में युवा मतदाताओं की निर्णायक भूमिका रहेगी। करीब 47.51 फीसदी मतदाताओं की उम्र 40 साल से कम है। जिस भी पार्टी विशेष के हक में इनके वोट पड़ेंगे, उनका पलड़ा भारी रहेगा। सियासी पार्टियो की युवा मतदाताओं पर खास नजर है। मिल्कीपुर क्षेत्र में 3,71,578 मतदाता हैं। इनमें 40 वर्ष से कम आयु के मतदाताओं की संख्या 1,76,567 है। लगभग 47.51 फीसदी मतदाता युवा हैं। मतदाता सूची के अनुसार मिल्कीपुर में 18 से 29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 77,166 है, जो मतदाताओं का 26.61 प्रतिशत है।

### सुरक्षा के साथ उपचुनाव को सम्पन्न कराने के लिए जीआईसी से पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** जिले के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी है। यहां बुधवार पांच फरवरी को मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण नैय्यर की देखरेख में मंगलवार को मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए राजकीय इंटर कॉलेज से 414 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई हैं। सभी पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मिल्कीपुर विधानसभा सीट से 2022 में समाजवादी पार्टी (सपा) के चिह्न पर अवधेश प्रसाद ने जीत दर्ज कर प्रसाद ने 2024 के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद (अयोध्या) से सपा से सांसद चुने जाने के बाद विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था, जिससे इस सीट पर उपचुनाव की जरूरत पड़ी। मल्कीपुर सीट पर दस उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी ने चुनाव से दूरी बनाई है। अलबत्ता कांग्रेस ने सपा को समर्थन दिया है।

### विपक्ष नेता राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के कल दिए बयान पर विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। निशिकांत दुबे ने पत्र में दावा किया है कि राहुल गांधी ने बिना प्रमाण दिए गंभीर आरोप लगाए हैं। इस पर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई होनी चाहिए। दुबे ने कहा कि राहुल ने देश में मोबाइल निर्माण की स्थिति और चीन के भारतीय सीमा को कब्जाने जैसी गलत बयानी की है। उनका बयान न केवल ऐतिहासिक तौर पर तथ्यों को विकृत करता है बल्कि देश का उपहास करने और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा कम करने वाला है।


# सनातन के खिलाफ गढ़े जा रहे हैं झूठ के प्रतिमान : योगी

- कांग्रेस व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पर बरसे मुख्यमंत्री योगी

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को कांग्रेस व समाजवादी पार्टी पर बरसे। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ सनातन धर्म के इस सबसे बड़े आयोजन का साक्षी बनकर देश व दुनिया गौरव की अनुभूति कर रही है तो वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म के खिलाफ सुपारी लेकर षडयंत्र करने वाले तत्वों द्वारा लगातार शरारत पर शरारत करते हुए झूठ व असत्य के नित नए प्रतिमान गढ़े जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के वक्तव्य न इनके सनातन धर्म विरोधी चरित्र को उजागर कराता है, बल्कि इनकी उस गिद्ध दृष्टि की ओर भी सबका ध्यान आकर्षित करता है, जो लगातार पहले दिन से महाकुम्भ के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। इनका यह बयान न केवल सनातन धर्म पर प्रहार है, बल्कि निंदनीय व शर्मनाक है। कांग्रेस अध्यक्ष का कहना कि मौनी अमावस्या में हजारों लोग मर गए, यह अफसोसजनक है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस के अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि संसद में मर्यादित बयान रखें। दोनों नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं। इनका बयान गुमराह करने वाला है। दोनों दलों में प्रतिस्पर्धा है कि कौन कितना सनातन धर्म विरोधी वक्तव्य दे सके। सीएम ने कहा कि कल बसंत पंचमी का अमृत स्नान हुआ। 12 को माघ पूर्णिमा व 26 फरवरी को महाशिवरत्रि होगी। देश-दुनिया के करोड़ों श्रद्धालु लगातार आना चाहते हैं।



#### कुंभ हादसे में प्रशासन ने दिया क्विक रिस्पांस

सीएम ने कहा कि यह कहना कि कोई आंकड़े नहीं दिए गए, गलत है। प्रशासन ने भी आंकड़े दिए गए और मैंने भी उन्हें सबके सामने रखा। घटना दुखद थी। इससे हर कोई दुखी थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने मिलकर क्विक रिस्पांस से घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। सीएम ने कहा कि उस दिन करोड़ों लोग प्रयागराज में थे। सनातन धर्म विरोधी और यह दोनों दल चाहते थे कि बड़ा हादसा हो जाए। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में जीरो हादसे तक लेकर जाएं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से यह घटना घटित हुई। प्रशासन व संबंधित संस्थाओं ने क्विक रिस्पांस से कार्य किया और उन्हें हॉस्पिटलाइज किया। इसमें कुछ लोग हादसे का शिकार हुए, यह दु:खद है।

#### घायलों का कराया गया इलाज

सीएम योगी ने कहा कि घायलों का समुचित उपचार कराया गया। कुछ घायल प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में हैं, शेष अपने परिवार में जा चुके हैं। मैंने, मंत्रियों, मुख्य सचिव, डीजीपी, प्रशासन ने भी सभी से मुलाकात की। प्रयागराज मेडिकल कॉलेज में भर्ती लोगों से मेरी बात हुई। वे सभी कह रहे थे कि व्यवस्था में खामी नहीं थी। सीएम ने कहा कि हमने तत्काल न्यायिक कमीशन गठित किया। सरकार सभी पहलुओं को लेकर जांच करा रही है। प्रयागराज में लगभग 8-9 करोड़ लोग थे, उन्हें सुरक्षित घरों तक वापस भेजना हमारी पहली प्राथमिकता थी।

### बुलंदशहर में मिलावटी भोजन करने से 181 बाराती बीमार

**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र में मिलावटी पनीर से युक्त भोजन करने से 181 बाराती बीमार हो गये। सभी की हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुये चिकित्सकों की टीम ने क्षेत्र के रामगढ़ी गांव में डेरा डाल दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी बारातियों का इलाज कर रहे हैं जिनमें कई की हालत में सुधार होने पर घर भेज दिया गया है जबकि 21 का इलाज अस्पताल में चल रहा है वहीं चार मरीजों को हायर मेडिकल सेंटर रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंजू अग्रवाल ने बताया कि जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र स्थित गांव रामगढ़ी से सोमवार शाम आठ बजे एक बारात तहसील स्याना क्षेत्र के गांव सांची रसूलपुर के लिए रवाना हुई थी। सभी रस्में एवं भोजन करने के बाद बारात दुल्हन लेकर रात में ही गांव लौट आई। थोड़ी देर बाद बारातियों को उल्टियां तथा दस्त शुरू हो गऐ। पेट खराब की शिकायत भी लोगों ने की। कुल मिलाकर 181 लोग फूड पॉइजनिंग का शिकार हुए हैं। एक एक कर लगातार लोगों के बीमार पड़ने से गांव वालों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण फूड पॉइजनिंग का शिकार लोगों को जहांगीराबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां उनका उपचार कर ज्यादातर लोगों को छुट्टी दे दी गई।

# कड़ी सतर्कता के बीच दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर मतदान आज

- वोटिंग से पहले पुलिस ने पूरे शहर में बढ़ाई सुरक्षा, गश्त जारी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर 5 फरवरी को वोटिंग होगी। वोटिंग से पहले दिल्ली पुलिस कड़ी सतर्कता बरत रही है और पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। दक्षिण जिला पुलिस ने देर रात गश्त की, जिसका नेतृत्व डीसीपी अंकित चौहान ने किया। यह गश्त चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी।

डीसीपी अंकित चौहान ने सुरक्षा व्यवस्था में किए गए सुधार के बारे में बताया, हमारे जिले में बाहरी सुरक्षा बलों की लगभग 15 कंपनियां आई हैं। इसके अलावा, होमगार्ड और अन्य इकाइयों से पुलिस कर्मियों को भी तैनात किया गया है। इस प्रकार, कुल मिलाकर, हमारे जिले में लगभग 3,800 पुलिसकर्मियों और सुरक्षाबलों की 15 कंपनियों के साथ-साथ 1,500 होमगार्ड को तैनात किया गया है। इस सक्रिय गश्त और सुदृढ़ीकरण का उद्देश्य सुरक्षा और चुनावों से पहले शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना है। 5 फरवरी को विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग होगी। आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने 3 फरवरी शाम पांच बजे तक मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए हर संभव प्रयास किया। तीनों पार्टियों ने अपने घोषणापत्र में कई गारंटी दी है। विधानसभा का चुनाव लड़ रही आप, भाजपा और कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है। तीनों पार्टी को उम्मीद है कि उनकी सरकार बनेगी। हालांकि, 8 फरवरी जब परिणाम आएंगे तो तस्वीर साफ होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए हाई-वोल्टेज प्रचार सोमवार शाम 5 बजे समाप्त हो गया, जिसमें तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों, सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने मतदाताओं को लुभाने के लिए अपने अंतिम प्रयास किए।

> आप, भाजपा व कांग्रेस में त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद

## फिर बढ़ीं आजम खान की मुसीबतें, 19 साल पुराने केस की दोबारा होगी जांच

समृद्धि न्यूज

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में सीतापुर जेल में बंद समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान के खिलाफ एक 19 साल पुरानी कार्रवाई की फिर से जांच की जाएगी।

2006 में समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान, आजम खान के कहने पर प्रशासन ने सैंजनी नानकार गांव में एक पापड़ फैक्ट्री, सेलर और आटा चक्की पर बुलडोजर चलाया था। आरोप है कि ये कार्रवाई 5 लाख रुपए का चंदा न देने पर की गई थी। मिली जानकारी के मुताबिक, इस मामले में पीड़ित अफसर खान, जुल्फिकार खान और अनवर खान ने रंगदारी मांगने का भी आरोप लगाया था। हालांकि पुलिस ने इस मामले में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी, लेकिन अब एमपी-एमएलए कोर्ट ने फाइनल रिपोर्ट को खारिज कर दिया है और दोबारा जांच के आदेश दिए हैं। बताया जा रहा है कि 2006 में जब यह घटना हुई, तब आजम खान यूपी सरकार में नगर विकास मंत्री थे। आरोप है कि 19 जुलाई, 2006 को प्रशासनिक अधिकारियों ने उनके निर्देश पर गांव में पापड़ फैक्ट्री, सेलर और आटा चक्की को ध्वस्त कर दिया था।



### उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी लागू होगा यूसीसी, समिति गठित

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति को 45 दिनों में अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश करनी होगी। उत्तराखंड के बाद गुजरात समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल करने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि प्रदेश में रहने वाले नागरिकों के लिए समान अधिकार व विशेषाधिकार सुनिश्चित करने को गुजरात में यूसीसी का मसौदा तैयार करने को सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में हो रहा है।

## अभिभूत : भूटान नरेश ने संगम में लगाई डुबकी

समृद्धि न्यूज

**महाकुंभनगर।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हुए। भूटान के नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक भी गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में पुण्य की डुबकी लगाने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया। दोनों महानुभावों ने मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूटान नरेश को छोटा चांदी का कलश सौंपा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने गंगा की जलधारा पर कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों में पीले रंग की बास्केट में दाना रखकर चुगाया। संगम में स्नान-ध्यान के उपरांत भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका।



- सीएम योगी व भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने गंगा में कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों से पीले रंग की बास्केट में चुगाया दाना

### विजिलेंस टीम ने महिला पीसीएस किरण चौधरी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा

**लखनऊ।** मथुरा जनपद की जिला पंचायत राज अधिकारी (पीसीएस) किरण चौधरी को लखनऊ से आई विजिलेंस टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया है। इस दौरान विजिलेंस टीम ने उनके दफ्तर को पूरी तरह से घेर लिया। जिसके बाद टीम ने कार्यालय में रखे अभिलेखों की जांच कराई और कुछ फाइलें भी जब्त की। सूत्रों की मानें तो विजिलेंस टीम किरण चौधरी के इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के आवास पर पहुंची थी। जहां शिकायतकर्ता ने उन्हें 70 हजार रुपये की रिश्वत दी। जैसे ही महिला अधिकारी ने रकम ली तभी टीम ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। फिर शिकायतकर्ता के साथ टीम उनके कार्यालय पर पहुंची।

## टिप्पणी

न्यायमूर्ति सौरभ की पीठ ने मां की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा

# बच्चों की बेहतरी के लिए अंतिम सांस तक एक रहे परिवार

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी और नाबालिग बच्चों वाले परिवार की अंतिम सांस तक एकता के लिए' ईश्वर से प्रार्थना' की। कोर्ट ने कहा कि यह अदालत वकीलों और वादियों के विस्तारित परिवार का हिस्सा होने के नाते, ईश्वर से प्रार्थना कर रहा है कि परिवार अपनी अंतिम सांस तक एक रहे। क्योंकि उसे उम्मीद है कि महिला और उसका पति अपने बच्चों के पालन-पोषण और बेहतर भविष्य के हित में अपने विवाद को सुलझा लेंगे।

न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह टिप्पणी एक मां की ओर से दायर बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर सुनवाई करते हुए की। प्रयागराज की रहने वाली एक मां ने पिता के साथ रह रहे अपने दो बच्चों की कस्टडी के लिए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दाखिल की थी। मां की ओर कहा गया कि उसके नाबालिग बच्चे पिता की अवैध कस्टडी में हैं। कोर्ट के आदेश पर बच्चे, मां और पिता हाईकोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए। इस दौरान पिता ने अपनी पत्नी को अपने घर पर रखने की इच्छा व्यक्त की।

महिला ने प्रस्ताव का सकारात्मक उत्तर देते हुए कहा कि वह भी अपने पति के साथ जाने के लिए तैयार है, खासकर अपने बच्चों के भविष्य की बेहतरी के लिए। कोर्ट ने पति-पत्नी के बीच सुलह के सकारात्मक परिणाम की उम्मीद करते हुए मामले को 28 अप्रैल, 2025 के लिए स्थगित कर दिया। पत्नी की ओर से अपने पति व परिवार के सदस्यों के खिलाफ दायर मामलों में आपराधिक कार्यवाही को संबंधित न्यायालय को वर्तमान मामले की अगली तारीख तक स्थगित रखने का निर्देश दिया।



#### उम्र सीमा पार याचियों को मुआवजा देना बेहतर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रेलवे में नियमितीकरण की लड़ाई लड़ रहे मजदूरों को मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार और उत्तर मध्य रेलवे को याचियों का नियमितीकरण करने के बजाय उनको मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि लम्बी कानूनी लड़ाई के चलते याची नौकरी के लिए निर्धारित आयु से अधिक हो चुके हैं। ऐसे में नियमित करने का निर्देश जारी करना उचित नहीं है। कोर्ट ने याचिका को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए प्रत्येक याची या उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने रमेश चंद्र बारी और 13 अन्य की याचिका पर दिया।

### यूपी : यातायात नियम पाठ्यक्रम में शामिल करने को सीबीएसई आईसीएसई बोर्ड को पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने सीबीएएसई और आईसीएसई बोर्ड को पत्र लिखकर सड़क सुरक्षा से जुड़े यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने बोर्ड को लिखे पत्र में कहा है कि सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी है कि बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। उनका सुझाव है कि कक्षा छह से 12 के पाठ्यक्रमों में यातायात नियमों को शामिल किया जाए। उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बीएन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी चाहते हैं कि जो भी सड़क हादसे हो रहे हैं, उसे तेजी से कोशिश करके आधा किया जाए। दिल्ली में अभी एक मीटिंग हुई थी, उसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं।

# जन शिकायतों के निस्तारण की रैंकिंग में हमीरपुर प्रदेश में अव्वल

- आईजीआरएस पोर्टल पर हमीरपुर पुलिस को मिले सौ फीसदी अंक

समृद्धि न्यूज

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (जनसुनवाई) की माह जनवरी 2025 में आईजीआरएस पोर्टल पर किए गए कार्यों के सम्बंध में रैंकिंग जारी की गई है। जिसमें पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व आईजीआरएस सेल के नामित नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक जिले के नेतृत्व में मंगलवार को जनपदों की रैंकिंग में हमीरपुर जनपद को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

जनपद के 14 में से 13 थाने प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में हमीरपुर को 125/125 फीसदी अंक मिले हैं। आईजीआरएस सेल में नियुक्त प्रभारी आईजीआरएस सेल उपनिरीक्षक प्रिंस दीक्षित ने मंगलवार को बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर सुनैना, कांस्टेबल वीरेंद्र कुमार व अंकित पाण्डेय, शिकायतकर्ताओं से फीडबैक प्राप्त कर कार्यवाही भी की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त प्रकरणों की सर्किलवार समीक्षा कर गुणवत्ता की जांच कराई गयी। उन्होंने समाधान दिवस पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों को मिलकर भूमि विवादों जैसी समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के लिए प्रेरित किया।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत, एक घायल

- खेत में पेड़ की जड़ उखाड़ते समय हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





खेत में ट्रैक्टर से पेड़ की जड़ उखाड़ते समय ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक की दबकर मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही ट्रैक्टर पर बैठा दूसरा व्यक्ति गंभीर घायल हो गया जिसे आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए ओयल ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

थाना भीरा के गांव रामालक्ष्ना निवासी रमेश कुमार मौर्य उर्फ कनौजी का 20 वर्षीय पुत्र जतिन मंगलवार सुबह 8 बजे अपने चचेरे भाई धर्मेश के साथ खेत पर यूकेलिप्टस के पेड़ की जड़ उखाड़ने को ट्रैक्टर से खेत गया था। खेत पहुंचकर यूकेलिप्टस की जड़ को ट्रैक्टर में लोहे की जंजीर से बांधकर खींचने लगा। इसी बीच गियर पड़े ट्रैक्टर की क्लच एकदम छूट गई जिससे ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और ट्रैक्टर एकदम वहीं पर पलट गया। जिसके नीचे दोनों युवक दब गए। ट्रैक्टर पलटा देख दौड़ कर आए पास पड़ोस के खेतों में गन्ना छील रहे मजदूरों ने आनन-फानन में आकर दोनों को ट्रैक्टर के नीचे से निकला। जिसमें ट्रैक्टर चला रहे जतिन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं ट्रैक्टर पर बैठे धर्मेश को गंभीर चोटे आ गई। गंभीर घायल को लोगों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भिजवाया जहां डॉक्टरों ने धर्मेश को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया। मौके पर पहुंची बिजुआ पुलिस टीम ने मृतक जतिन के शव को सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मैदान अभियान के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




मैदान अभियान के तहत आदर्श खेल मैदान रसूलपुर जंगल में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संविलियन विद्यालय रसूलपुर जंगल प्राथमिक विद्यालय हफीजपुर प्राथमिक विद्यालय लाल्हापुर, प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणजती, संविलियन विद्यालय देवकली, प्राथमिक विद्यालय घरथनियां आदि विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतियोगिता में सौ मीटर दौड में रियाज प्रथम, तमन्ना, कबड्डी प्रतियोगिता में रसूलपुर जंगल प्रथम, बालिका वर्ग कबड्डी में रसूलपुर जंगल द्वितीय, खो-खो में देवकली की टीम प्रथम, रसूलपुर जंगल द्वितीय, यूपीएस देवकली खोखो में प्रथम, यूपीएस रसूलपुर जंगल द्वितीय, ऊंची कूद में अमन प्रथम, सौ मीटर दौड में ओम सिंह प्रथम, अनस द्वितीय, लंबी कूद में महरुनिशा प्रथम, अंश भारती द्वितीय रही। प्रतियोगिता में तमाम बच्चों ने बढ चढकर प्रतिभाग किया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी कुंभी हनुमान प्रसाद मिश्रा, ग्राम प्रधान जनार्दन गिरि, राजीव शर्मा, मनीराम, ग्राम पंचायत सेवक केतन, तपेश्वर, खेल शिक्षक राजकुमार अनुज कुमार, ऋषिकेश, कुलदीप सिंह, धनन्जय सिंह, वंदना वर्मा, शशांक शेखर गिरि, रामगुलाम पांडे, विद्यालय प्रधानाध्यिपिका सरला देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### 70 बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार सृजन के प्रशिक्षण का शुभारंभ




**बेलरायां खीरी।** नागरिक कल्याण कार्यक्रम (गृह मंत्रालय निधि के अंतर्गत तृतीय वाहिनी स.सी.बल के अंतर्गत सीमा चौकी बेलपरसुआ एवं डंगा के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत देवानंद, कमाडेंट तृतीय वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, लखीमपुर खीरी के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर 70 बेरोजगार ग्रामीणों को रोजगार सृजन के अवसर के तहत नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत हरीशंकर शिक्षण सेवा संस्थान के द्वारा 15 दिन का दिनांक 03.02.2025 से 17.02.2025 तक होने वाले मधु मक्खी पालन, मेंस सलून एवं जनरेटर मरम्मत प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में पंचायतों के प्रधान तथा 70 प्रशिक्षु, 90 स्थानीय लोग एवं बेलापरसुआ समवाय प्रभारी चेतराम नेगी (सहायक कमाडेंट), डांगा समवाय प्रभारी एवं अन्य बालकर्मी सहित लोग मौजूद रहे।

### संविलयन विद्यालय दुलही के खेल मैदान में विभिन्न खेल आयोजित



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की प्रेरणा और खंड विकास अधिकारी सुशांत सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत आदर्श खेल मैदान कार्यक्रम के तहत पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत चयनित संविलयन विद्यालय दुलही के खेल मैदान में विभिन्न खेल जैसे बैडमिंटन, कबड्डी, खो खो, वालीबॉल, कुश्ती आदि खेलों का आयोजन किया गया। खेल महोत्सव का शुभारम्भ खण्ड विकास अधिकारी रमियाबेहड डॉ0 सुशांत सिंह के द्वारा किया किया गया। जिसमें नजदीकी परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। आयोजन के दौरान बीडीओ सुशांत सिंह ने बच्चों से परिचय प्राप्त कर हाथ मिलाकर बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### ईसानगर में बदला मौसम का मिजाज, बदली की वजह से तापमान गिरा, बच्चों तथा बुजुर्गों की बढ़ी परेशानी



**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।** जिला लखीमपुर खीरी के खंड क्षेत्र ईसानगर क्षेत्र में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। पिछले कई दिनों से छाई तेज धूप के बाद अचानक मौसम में बदलाव आया है। गावो में गुलाबी ठंड का एहसास हो रहा है। जिससे लोगों को राहत मिली है। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही जारी है। सूर्य देव कभी बादलों में छिप जा रहे हैं तो कभी निकलकर अपनी रोशनी बिखेर रहे हैं। इस धूप–छांवए– बूंदाबादी के खेल से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम के इस बदलाव को देखते हुए लोग गर्म कपड़ों का सहारा फिर से लेने लगे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने मौसम में आए इस अचानक बदलाव को देखते हुए विशेष एडवाइजरी जारी की है। विभाग ने खासतौर पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सावधान रहने की सलाह दी है। बार–बार मौसम में हो रहे बदलाव का सीधा असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। इसलिए लोगों को सलाह दी गई है कि वे घर से निकलते समय पर्याप्त सावधानी बरतें। मौसम के अनुसार कपड़े पहनें।

**जानते है क्या कहते है ग्रामीण:** लाही की फसल उठने को है मौसम तरह तरह के मिजाज बदल रहा है, अपनी तथा बच्चो के स्वस्थ के साथ फसल की भी चिंता बनी रहती है कब क्या होने लगे कुछ कहा नहीं जाता।

**–किसान ललित वाजपेई फत्तेपुर।**

किसानों की बड़ी ही दयनीय स्थिति है एक तरफ जानवरो की मार तो दूसरी तरफ मौसम का वार, चुनावी वादों को भूल नेता अपने विकास में लगे है।

**–पवन पाठक अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन धौरहरा।**

### पूर्व विधायक विनय तिवारी ने पीडीए बैठक में किया जोश का संचार



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** गोला विधानसभा में पूर्व विधायक विनय तिवारी के नेतृत्व में सेक्टर स्तरीय पीडीए जनपंचायत कार्यक्रम के तहत ग्राम नंदलालपुर, सेक्टर मोहम्दाबाद, जोन अजान में पीडीए जनपंचायत में चर्चा कर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समर्थन में 2027 के चुनाव में पीडीए की भागीदारी वाली सरकार बनने की अपील की। पूर्व विधायक विनय तिवारी ने कहा कि प्रदेश का भविष्य समाजवादी पार्टी के ही हाथों में सुरक्षित है। समाजवादी पार्टी ने किसी को भी आपस में लड़ाने का काम नहीं किया कभी कोई झूठी अफवाह नहीं फैले, 112, 108 एंबुलेंस जैसी उपयोगी सुविधाएं सपा शासन काल में ही दी गई। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष विजय पाठक, जिला सचिव सत्यराम वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष शेरसिंह यादव, युवजन सभा प्रदेश सचिव प्रभात गुप्ता, जोन प्रभारी ओमप्रकाश यादव, सेक्टर प्रभारी दिनेश यादव, सुंदरलाल पाल, अर्जुनलाल गौतम, राजकिशोर गौतम सहित तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीड़ित परिवार से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल, सौंपी आर्थिक मदद



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सहनवा गांव पहुंचा।पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने हैवानियत का शिकार हुई मृत दलित युवती के परिजनों से मिल कर उन्हें पचास हजार रुपए की आर्थिक मदद की तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय व महानगर अध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने सरकार से पीड़ित दलित परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा देने तथा बच्चों की शिक्षा से लेकर हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।पदाधिकारियों ने कहा कि अब पीड़ित परिवार की सुरक्षा का जिम्मा भी सरकार को लेना चाहिए जिससे परिवार के सदस्यों के साथ आगे कोई और घटना घटित न हो सके।दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी समाजवादी पार्टी दलित परिवार के साथ खड़ी है और आगे भी समाजवादी पार्टी परिवार के हर सुख दुख में साथ खड़ी रहेगी। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,विधानसभा अध्यक्ष रक्षाराम यादव, जिला उपाध्यक्ष अरौनी पासवान,महानगर उपाध्यक्ष रियाज अहमद, महानगर सचिव वीरेंद्र गौतम, अंसार अहमद,पार्षद सोनू यादव कमलेश कुमार सोलंकी, रामप्यारे पहलवान, सुनील रावत, प्रवीण राठौर, संजय चौधरी, सुभाष पासी, अजय रावत, सुरेंद्र यादव, केशव राम कोरी, उदल यादव,के.पी चौधरी, पंकज आजाद,सत्या कोरी, दिलीप रावत,प्रमोद चौधरी, लाल बहादुर, सुधीर रावत, मो असलम, रामकुमार यादव,रजी हसन, अमित यादव, मो इरफान, टी.टी राम यादव व मोहम्मद आमिर आदि लोग मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन मोहम्मदी का वार्षिक चुनाव संपन्न

- कुलदीप सिंह अध्यक्ष और अमित मिश्रा बने महामंत्री, वकीलों के साथ मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बढ़-चढ़ कर किया मतदान

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





मोहम्मदी बार एसोसिएशन मोहम्मदी तहसील परिसर में अधिवक्ताओ का वार्षिक चुनाव हुआ जिसमें तहसील परिसर के अधिवक्ताओ ने अपने अपने पर्चे दाखिल किए थे जिसका चुनाव सम्पन्न हुआ। बार एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के चार उम्मीदवारो मे से कुलदीप सिंह एडवोकेट 168 वोट अर्जित कर विजेता घोषित किए गए। शिव कुमार सिंह एडवोकेट को 77 वोट मिले, अवशेष चंद्र त्रिवेदी एडवोकेट को 161 वोट मिले, उमेश पाल भार्गव एडवोकेट को 39 वोट मिले। उम्मीद बार एसोसिएशन और महामंत्री पद के उम्मीदवारो में अमित मिश्रा एडवोकेट 123 वोट प्राप्त कर विजेता घोषित हुए, नित्यानंद एडवोकेट को 102 वोट मिले, राजशेखर अग्निहोत्री एडवोकेट को 12 वोट मिले, राम सागर कटेहरिया एडवोकेट को 83, पंकज कश्यप एडवोकेट 122 को वोट मिले। कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवारो में विजय कुमार गुप्ता एडवोकेट 175 वोट प्राप्त कर विजेता घोषित हुए, विमल कुमार एडवोकेट को 142 वोट मिले, अनादि मिश्रा एडवोकेट को 123 वोट मिले। संयुक्त मंत्री पद के उम्मीदवारो में बासुदेव गुप्ता एडवोकेट 228 वोट पाकर विजय बने, मो0 दानिस खां एडवोकेट को 130 वोट, और दिपांकर हंश एडवोकेट को 79 वोट मिले साथ ही बरिष्ठ उपाध्यक्ष के उम्मीदवारो मे नरेंद्र बहादुर सिंह एडवोकेट 278 वोट पाकर विजेता बने। कमलेश कुमार शुक्ल एडवोकेट को 162 वोट मिले। सभी बार एसोसिएशन मोहम्मदी वार्षिक चुनाव में जीत हासिल करने के लिए अधिवक्ता संघ का चुनाव जीतने के लिए काफी मेहनत और प्रयास किया। मतदान में सभी अधिवक्ताओ ने योगदान दिया। मोहम्मदी तहसील बार एसोसिएशन में अधिवक्ता मेंबर की कुल संख्या - 469 वोट है जिसमे अधिवक्ताओं के 447 वोट पड़े। चुनाव कमेटी के मेंबर वीपी सिंह एडवोकेट ने बताया वोटिंग समय सुबह 10 बजे से लेकर शाम के 3 बजे तक ही थी जिसे सावधानी पूर्वक करा ली गई।

# पूर्व सांसद ने फीता काट कर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया उद्घाटन



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मितौली के प्रांगण मे जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ और सा.स्वा.केंद्र के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया। कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जुगल किशोर के द्वारा फीता काटकर किया गया। मनोचिकित्सक डॉक्टर अखिलेश शुक्ला द्वारा कार्यक्रम के शुभारंभ मे उपस्थित जन समूह और विभागीय कर्मचारियों को विभिन्न प्रकार के मानसिक रोग के बारे मे विस्तार से बताया गया जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना,चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मो का अभिसाप, सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड.फूक, उपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन आदि विषय पर जागरूक किया गया और बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम मे जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा मितौली क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं सी.एच.ओ, आशा, ए.एन.एम.स्टाफ नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर बीमारी व उपचार के बारे मे विस्तार से बताया गया, और परामर्श दिया गया। शिविर मे चिन्हित किये गये मानसिक विकारों से पीड़ित मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर दवा वितरित की गई और पुराने मरीजों का फालोअप कर परामर्श दिया गया। साईक्रेटिकहेल्पलाइन नं. 9120984643 और मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस टोल फ्री न.14416 पर कोई समस्या होने पर सम्पर्क करने को बताया गया।चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। साथ ही सामु.स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को आने का सलाह दिया गया। शिविर मे 425 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 110 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा साईक्रेटिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा प्रदान की गई। स्तुति कक्कड़ नैदानिक मनोवैज्ञानिक द्वारा. 70 मरीजों का मानसिक परीक्षण किया गया और बुद्धिमत्ता की जाँच की गई। एन सी डी काउंसलर राघवेंद्र प्रताप सिंह और अमृता शुक्ला द्वारा मरीजों की ब्लड शुगर और बीपी की जाँच की गई। लैब टेस्ट शिवेंद्र सिंह आकाश वर्मा द्वारा 177 मरीज का किया गया। शिविर मे सामु. स्वा. केन्द्र मितौली से अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह एवं डॉक्टर शोएब, डॉक्टर अर्चना सिंह डॉक्टर के के भार्गव, बी पी एम मोहम्मद तय्यब, अभिषेक मिश्रा, अमित सक्सेना एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

# खेल मैदान का खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने किया शुभारंभ

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की प्रेरणा एवं निघासन बीडीओ जयेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे आदर्श खेल मैदान की श्रृंखला विकासखंड निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भैडोरी के मंजरे भुलनपुर प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए आदर्श खेल के मैदान पर आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर, हरबक्शपुरवा, लालापुर प्रथम, लालापुर द्वितीय व उच्च प्राथमिक विद्यालय भेड़ोरी, लालापुर आदि के बच्चों ने प्रतिभाग किया। बच्चों ने कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि खेलों में दमखम दिखाया। कबड्डी, बैडमिंटन व वॉलीबॉल में उच्च प्राथमिक भेड़ोरी के बच्चों ने प्रथम स्थान व उच्च प्राथमिक विद्यालय भी लालापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वही प्राथमिक स्तर पर कबड्डी, दौड़, में प्राथमिक विद्यालय भूलनपुर, ब द्वितीय स्थान हरबक्शाहपुरवा ने प्राप्त किया। इससे पहले खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रवजलित कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विजेता व उपविजेता बच्चों को ग्राम विकास अधिकारी विनय कुमार मौर्य ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे के चहरो पर खुशी दिखाई पड़ी साथ ही खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत सिंगहा खुर्द के भी खेल मैदान का शुभारंभ किया इस मौके पर ग्राम प्रधान टीकाराम, अध्यापक आदर्श श्रीवास्तव, सुधांशु, कपिल द्विवेदी,अमित कटियार, ब्रजेश कुमार, दिलीप कुमार, रवि तिवारी,गगन खेल अध्यापक मयंक, गुरदयाल, अजय, ग्राम रोजगार सेवक हरिशंकर वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी आशिक खान चंद्र मोहन, शिवम् वर्मा,जगजीवन लाल सहित तमाम ग्रामीण व बच्चे उपस्थित रहे।

### महान विभूतियों की जयंती का हुआ आयोजन



**लखीमपुर खीरी।** भगवान दीन आर्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के तुलसी सभागार में दिनांक 3 फरवरी 2025 को दो महान विभूतियों महाप्राण सूर्यकांत त्रिपाठी निराला एवं वंशीधर शुक्ल जयन्ती का आयोजन हिंदी विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या द्वारा माँ सरस्वती, महाप्राण निराला तथा अवधी सम्राट वंशीधर शुक्ल के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने कहा कि निराला जी विवेकानंद के वेदांत दर्शन से प्रभावित थे माया की भर्त्सना, ब्रह्म से जगत की उत्पत्ति और उसी में लय हो जाना बताया।

# प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल्स वेलफेयर एसोसिएशन संस्था के तत्वावधान में कॉन्फ्रेंस प्राइमेडिकोन 2025 संपन्न

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल्स वेलफेयर एसोसिएशन संस्था के तत्वावधान में सालाना कॉन्फ्रेंस प्राइमेडिकोन - 2025 दिनांक 3 फरवरी को संपन्न हुई। संस्था के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. नित्य मेहरोत्रा द्वारा सभा का शुभारंभ किया गया और कॉन्फ्रेंस के चेयरमैन डॉ. मुदित मेहरोत्रा द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात कॉन्फ्रेंस की मुख्य अतिथि डॉ. प्रोफेसर आरती दवे लालचंदानी, कार्डियोलॉजिस्ट, भूतपूर्व प्रिंसिपल, कानपुर मेडिकल कॉलेज एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ. वीरेंद्र आतम, हेड ऑफ डिपार्टमेंट, मेडिसिन विभाग, के. जी. एम .यू., लखनऊ द्वारा अपना वक्तव्य दिया गया साथ में जिले के प्रसिद्ध पैथोलॉजिस्ट डॉ. कुमार शरद सिन्हा एवं डॉ. प्रथम दुआ द्वारा अपना वक्तव्य जिले के डॉक्टर्स, सोशल क्लब्स के पदाधिकारी गण, सम्मानित जर्नलिस्ट्स, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के सामने प्रस्तुत किया गया। कॉन्फ्रेंस की थीम धौरहरा की सुप्रसिद्ध राम बटी रखी गई जिसका विश्लेषण डा. दिनेश दुआ जी द्वारा दिया गया, जिसके बारे में विस्तारपूर्वक वक्तव्य डा.रामपाल सिंह द्वारा दिया गया।

# मिल प्रबंधन ने बसंतकालीन गन्ना बुवाई को निकाली जागरूकता रैली

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




बजाज चीनी मिल की गोला यूनिट ने बसंतकालीन गन्ना बोआई को बढ़ावा देने के लिए किसान जागरुकता रैली निकाली। चीनी मिल गेट से रैली को जिला गन्ना अधिकारी सहित चीन मिल गोला इकाई प्रमुख जेएस जादौन, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पीएस चतुर्वेदी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति बलवंत चौधरी, कारखाना प्रबंधक आरके मिश्र एवं आईटी हेड संदीप कटियार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला गन्ना अधिकारी ने विभाग द्वारा स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बोआई करने, बीज सुरक्षित रखने का सुझाव दिया। जागरुकता रैली के संबंध में इकाई प्रमुख जेएस जादौन ने कहा कि यह रैली चीनी मिल परिक्षेत्र के सैकड़ो गांव में से होकर गुजरेगी तथा किसानों को बसंतकालीन गन्ना बोआई के संबंध में जागरुक करेगी। रैली के साथ चीनी मिल प्रबंधन एवं गन्ना विभाग के तमाम अधिकारी किसानों को वैज्ञानिक विधि से खेती करने तथा स्वस्थ व निरोग गन्ना उत्पादन करने के संबंध में जानकारी देंगे। वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना ने किसानों से अपील की कि उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को. 0118, को. 15023, कोलख 014201, कोशा. 13235 एवं जलभराव वाले क्षेत्र में को. 98014, कोलख. 94184 की बोआई कर अधिक पैदावार प्राप्त करने की सलाह दी। साथ ही किसानों से अपील की कि प्रतिबंधित एवं अनामित गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें। चीनी मिल द्वारा इन प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। पीएस चतुर्वेदी ने बताया कि यह रैली 15 दिनों तक प्रतिदिन सुबह 8 बजे से सायं 5 बजे तक भिन्न भिन्न क्षेत्रों में जाकर प्रचार वाहन व गोष्ठी के माध्यम से ट्रेंच विधि से गन्ना बोने के लाभ, पेडी फसल से अधिक पैदावार प्राप्त करने के तरीकों के साथ साथ चीनी मिल द्वारा अनुदान पर उपलब्ध कराए जा रहे भूमि शोधन के लिए ट्राईकोडर्मा एवं बीज शोधन के लिए फफूंदी नाशक के प्रयोग क्यों आवश्यक हैं आदि की विस्तृत जानकारी किसानों को दी जाएगी। इस अवसर पर ओदी शर्मा, संजीव सिरोही, सत्येंद्र मिश्र, संजीव चौधरी, राजेश मिश्रा, अनूप मिश्रा, रितेश दुबे सहित काफी संख्या में अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा के साथ श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ



**सहजनवा गोरखपुर।** भव्य एवं पारंपरिक वेश में मंगलवार से विडार में श्री रुद्र महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। अवध धाम के यज्ञाचार्य श्री राजेश जी महाराज के साथ कथा आयोजन स्थल से पवित्र जलस्त्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं। पवित्र जलस्त्रोत से कलश को भर कर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक विधि एवं मंत्रोच्चरण के साथ स्थापित किया गया। उन्होंने बताया कि रुद्र रुद्र महायज्ञ का आयोजन जहां भी होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने एवं आयोजन कराने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियां को ही मिलता है। ऐसे में अगर कोई दूसरा अन्य भी इसे गलती से भी श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए नव दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए। अगर कोई नव दिन तक किसी व्यवस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकालें। तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, इसके सुनने के प्रभाव से मनुष्य बुराई त्याग कर धर्म के रास्ते पर चलना शुरू कर देता है। कलश यात्रा में सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, छोटे लाल मौर्या रोशन सिंह डॉ विजय सिंह सहित हजारों महिलाएं पुरुष बच्चे शामिल हुए।

# कार्टेवा एग्रीसाइन्स के तत्वावधान में ड्रोन द्वारा किटनाशक का छिड़काव

**सहजनवां गोरखपुर**



इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स द्वारा संयुक्त रूप से मक्का की रवि फसल पर पूर्वांचल के चार जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज और संतकबीर नगर में पहली बार ड्रोन मशीन के माध्यम से किटनाशक का छिड़काव कराया गया। उक्त कार्यक्रम नाथनगर एग्रीटेक्नो फेड फॉर्मर्स प्रोडूसर्स कंपनी के निदेशक अमिताभ पांडेय के माध्यम से किसान सुरेश चन्द्र पांडेय के पाँच एकड़ खेत में कराया गया उसके बाद अन्य ज़िलों में छिड़काव का कार्य हुआ। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी, संतकबीर नगर सर्वेश यादव एवं सः मुख्य अतिथि जिला उद्यान अधिकारी समुद्रगुप्त मल्ल एवं सहायक विकास अधिकारी पृथुराम रहे और बताया की मक्के की खेती को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार भी नयी नयी योजना ला रही है और आईजीएल और कार्टेवा एग्रीसाइन्स के संयुक्त प्रयासों से किसानों को आधुनिक मशीनों द्वारा कृषि कार्य करने में सुगमता और सरलता आएगी। जिला कृषि अधिकारी, संतकबीर नगर ने बताया की इन मशीनो के उपयोग से किसान के समय की बचत और लागत भी कम लगेगी। इसी क्रम में आईजीएल के एसोसिएट मैनेजर एडमिन अखिलेश कुमार शुक्ल ने बताया कि जो किसान द्वारा उत्पादित मक्का आईजीएल द्वारा क्रय किया जायेगा जिससे किसानों को फसल विक्रय में होने वाली समस्या को आईजीएल ने दूर किया है। आईजीएल के बिज़नेस हेड एस के शुक्ल के दूरदृष्टि और किसानो को सम्मृद्ध बनाने के लिए निरंतर नए नए उपकरणो को उनके कृषि कार्य को सरल बनाने के लिए उपलब्ध कराने पर जोर रहता है इसी क्रम में आज किसानो को एग्री विंग्स द्वारा ड्रोन के माध्यम से उनके खेत में कीटनाशक दवा का छिड़काव का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र के किसानों को कृषि कार्य में सरलता होगी और अधिक से अधिक किसान मक्के की खेती करेंगे। उक्त अवसर पर कार्टेवा एग्रीसाइन्स के जोनल एग्रोनॉमिस्ट प्रदीप सिंह ने बताया की किसानो को प्रदत्त ये मशीने मक्के के क्षेत्रफल को बढ़ाने के लिए क्रान्ति का कार्य करेंगी और कार्टेवा एग्रीसाइन्स सदैव किसानों के विकास हेतु प्रतिबद्ध है। उक्त कार्यक्रम में आईजीएल से यशोवर्धन पांडेय एवं कार्टेवा एग्रीसाइन्स के मुस्तकीम मलिक, एग्री विंग्स से हरिओम राणा और सैकड़ों किसान बंधू उपस्थित रहे।

# रैमकी कंपनी को ठेका देने पर पार्षद आक्रोशित

## नगर निगम में 85 से अधिक पार्षदों ने किया हंगामा, विरोध पर महापौर खर्कवाल व नगर आयुक्त इंद्रजीत मुख्यालय से चले गए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम में 85 से अधिक पार्षद हंगामा कर रहे हैं। प्रदर्शन में भाजपा, सपा और कांग्रेस के पार्षद शामिल हैं। सभी रैमकी कंपनी को ठेका देने का विरोध कर रहे हैं। विरोध होने पर महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह निगम मुख्यालय से चले गए।

हंगामे से पहले सभी पार्षद, महापौर और नगर निगम अधिकारियों साथ बैठक चल रही थी। बैठक महापौर सुषमा खर्कवाल की तरफ से बुलाई गई थी। मौके पर पार्षदों ने रोड लेंथ ओर सर्वे प्रक्रिया पर सवाल उठाया है। पार्षदों का दावा है कि महापौर ने रोड लेंथ का सर्वे कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद बैठक खत्म हुई, लेकिन पार्षदों की बात नहीं सुनने पर हंगामा शुरू हो गया। पार्षदों का आरोप है कि नगर निगम के अधिकारी रैमकी के लिए एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। बैठक में 85 से अधिक पार्षदों ने साइन किया है। सभी ने रैमकी को मनमाने तरीके से टेंडर देने की बात कह रहे हैं। सदन बुलाकर मामले में कार्यवाही की सहमति बनने पर लोग यहां से बाहर निकले। पार्षदों ने संयुक्त रूप से कहा 28 मार्च 2024 को सदन में चर्चा हुई थी। महापौर ने संकल्प दिया था कि पहले सड़कों की लम्बाई और चौड़ाई की नाप कर ली जाए। जिसमें सम्बन्धित पार्षदों के सुपर विजन में रैमकी कम्पनी के अधिकारी एस.एफआई और अवर अभियन्ता शामिल रहेंगे। सदन के निर्णय को ध्यान में रखकर आपने एक पत्र दिनांक 30 मार्च 2024 को नगर आयुक्त को लिखा था। अब तक न तो सदन के निर्णय का पालन हुआ और न ही आदेश का। ये चिंता का विषय है। नगर निगम और रैमकी कंपनी (एलएसए) के बीच फिर से कोई एग्रीमेंट किए जाने की बात सामने आई है। यदि पूर्व में किया गया एग्रीमेंट उचित था, तो दुबारा एग्रीमेंट करने की क्या आवश्यकता पड़ी। इसमें कौन-कौन लोग दोषी हैं। यह भी पता चला है कि दुबारा एग्रीमेंट में स्वच्छ भारत मिशन 2016 की गाइड लाइन का पालन नहीं किया गया। जो अनुचित है।



पार्षदों का आरोप- रैमकी के लिए एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं नगर निगम के अधिकारी

उसी बजट में सफाई होगी। रैमकी तैयार हो गई है। हमारा बजट पिछले बजट से कम है। डोर टू डोर अच्छा कलेक्शन कर रही है। हर कॉलोनी में आप बांग्लादेशियों से काम कराते थे। अब जब यह कंपनी काम कर रही है तो बांग्लादेशी को बाहर करिए। रैमकी कंपनी को काम देना है।
– महापौर सुषमा खर्कवाल

अभी डिसीजन होल्ड रहेगा। सदन में यह निर्णय लिया जाएगा। तब तक पुराने ढंग से सफाई की व्यवस्था लागू रहेगी।
– इंद्रजीत सिंह, नगरआयुक्त

### राजस्व निरीक्षकों ने महापौर के समक्ष रखी चार मांगे

अगर समय से मांगों का निस्तारण नही किया गया तो एसोसिशन प्रदेश स्तरीय आन्दोलन को होगा बाध्य

**लखनऊ।** काम के अत्याधिक दबाव, अवकाश के दिन काम लिए जाने, राजस्व वसूली के लिए अनावश्यक उत्पीड़न के चलते गम्भीर रूप से गम्भीर बीमार होकर अस्पतालों में भर्ती हो रहे राजस्व अधिकारियों की चिन्ता लेकर उ.प्र. स्थानीय निकाय केन्द्रीयत राजस्व सेवा कर्मचारी कल्याण एसोसिशन के कई दर्जन राजस्व निरीक्षक महापौर सुषमा खर्कवाल से मुलाकात उन्हे पांच मांगो का निराकरण करने की मांग रखी। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रशान्त मिश्रा महामंत्री अभय प्रताप सिंह, स्थानीय निकाय महासंघ के शशि कुमार मिश्रा ने महापौर से इस तरह की आपातस्थिति से गुजर रहे राजस्व निरीक्षकों को निजात दिलाने की मांग रखी। अगर समय से मांगों का निस्तारण नही किया गया तो एसोसिशन प्रदेश स्तरीय आन्दोलन को बाध्य होगा। संरक्षक चंदवीर यादव, पकंज पटेल, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, आशीष कुशवाहा, सोनम सचान, नेहा, संगीता गुप्ता, रूचि यादव, प्रभाकर दायल ने बताया कि निरीक्षक साथियों के साथ अधिक कार्य का दबाव नगर निगम लखनऊ में विगत कुछ माह से हमारे राजस्व रहे विभिन्न प्रकार के मानसिक उत्पीड़न व आवश्यकता से शासन द्वारा कर्मचारी के कार्यों के कार्यावधि के चयन उपरान्त भी उनसे प्रातः 8 बजे से लेकर रात्रि के 10-11 बजे तक बिना किसी साप्ताहिक, सार्वजनिक अवकाश के प्रतिदिन उच्चाधिकारियों द्वारा कार्य लिया जा रहा है।

# कार्यक्रम : गायत्रीपुरम में दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण व कंबल

ममता चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में बीजेपी नेता नीरज सिंह रहे मुख्य अतिथि

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गायत्रीपुरम में ममता चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगजन सहायता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों जरूरतमंदों को कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं कंबल वितरित किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना और समाज में समरसता बढ़ाना था। कार्यक्रम में मुख्य आयोजनकर्ता पार्षद शंकरपुरवा द्वितीय वार्ड शिवम उपाध्याय व दीपक तिवारी थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद मिलती है। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज सेवा की दिशा में एक मिसाल बताया। इस आयोजन में भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, दीपक तिवारी, पार्षद शिवम उपाध्याय, पार्षद राजकुमारी मौर्या, राजकुमार मौर्या, कृष्ण प्रताप सिंह, अजीत प्रताप सिंह, रमाकांत शुक्ला, आनंद मिश्रा, गुलाब त्रिपाठी, एसएन तिवारी, नमन शुक्ला, एसडी बाजपेयी व पंकज समेत कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दिव्यांगजन ने कहा कि यह मदद उनके जीवन में नई रोशनी लेकर आई है। ट्रस्ट का यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आयोजक राजीव मिश्रा ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेले में 750 पदों के लिए महज 300 अभ्यर्थी पहुंचे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के लालबाग स्थित क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में मंगलवार को जॉब फेयर लगाया गया। इसमें 5 कंपनियां 750 पदों पर भर्ती के लिए पहुंची थीं, लेकिन महज 300 से अभ्यर्थी ही रोजगार मेले में आए। सुबह से ही अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस बीच रजिस्ट्रेशन के साथ अलग-अलग कंपनियों ने स्क्रीनिंग की शुरुआत की। वीविंग, पेटीएम, एममल्टी रिकल जॉयस प्रा.लि., इंस्टा ह्यूमन मैनेजमेंट, कस्टमर सपोर्ट एक्यूसेटिव प्रा. लि आदि कंपनियों ने हायरिंग की। लखनऊ मंडल के सहायक निदेशक सूर्यकांत कुमार ने बताया कि इंटरमीडिएट, स्नातक और डिप्लोमा की योग्यता रखने वाले 18 से 35 वर्ष आयु के युवाओं ने रोजगार मेले में हिस्सा लिया। हालांकि उम्मीद के अनुसार अभ्यर्थियों की संख्या नहीं रही। जिला सेवा योजन अधिकारी प्रज्ञा त्रिपाठी ने बताया कि मेले में शामिल होने से पहले संगम पोर्टल पर पंजीकरण जरूरी है। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं है, वे पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी के क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहायक रूम में संपर्क किया जा सकता है। इसके बाद रोजगार मेले में हिस्सा लिया जा सकता है।

### ईयर फोन लगाकर पटरी पार कर रहा था युवक, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में पलटन छावनी में किराए के मकान में रहता था। छोटे भाई बलराम ने बताया कि सोमवार को शाम करीब 4 बजे खाना खाने के बाद घर से निकला था। ताड़ीखाना मड़ियांव से गुजर रही रेलवे लाइन को पार कर रहा था। उन्होंने बताया कि तभी ट्रेन आ गई। कान में ईयर फोन लगा होने की वजह से आवाज नहीं सुनाई दी और चपेट में आ गया। जिससे उसके हाथ और सिर में गंभीर चोट आई। आसपास के लोगों की मदद से इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। परिवार शव लेकर कानपुर निकल गया। जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा।

### 10 साल के लड़के की ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** एसटीपी कॉलोनी गोमती नगर विस्तार के रहने सूरज (10) पुत्र जंगली प्रसाद कश्यप की सड़क हादसे में मौत हो गई। पिता ने बताया कि सोमवार को बाइक से अपने बच्चों को लक्ष्मी मार्केट जनेश्वर के पास शादी समारोह में ले गए थे। वहां से लौटने के दौरान करीब 11 बजे एसटीपी चौराहे के पास तेज रफ्तार भट्टे की ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से लड़का सूरज ट्रॉली के पहिए के नीचे आ गया। आनन फानन में उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में इंस्पेक्टर बीबीडी का कहना है कि शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूरज की दो बड़ी बहनें सुहानी और खुशी हैं। दो लड़कियों में एकलौता लड़का घर में सबका लाडला था। घटना के वक्त दोनों बहनें भी बाइक पर सवार थीं।

### प्रॉपर्टी डीलर युवती ने लगाई फांसी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई थाना क्षेत्र में 25 वर्षीय प्रॉपर्टी डीलर आफरीन ने नीलकंठ अपार्टमेंट में किराए के फ्लैट में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता का नाम कलीमुद्दीन है और वह मूल रूप से जानकीपुरम सेक्टर 6 की रहने वाली थी। घटना का पता तब चला जब आफरीन के साथ काम करने वाला एक युवक अपार्टमेंट पहुंचा। उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। बेटी की मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### रिक्त प्रधान पदों पर 19 को होगा चुनाव, तैयारियां शुरू

**लखनऊ/बिजनौर, समृद्धि न्यूज।** 7 जनपद बिजनौर में 4 ग्राम प्रधान 6 बीडीसी तथा 124 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों के लिए 19 फरवरी को चुनाव होगा जिसकी तैयारी शुरू हो गई है। उक्त जानकारी देते हुए एडीएम प्रशासन विनय कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए 8 फरवरी को पर्चे भरे जाएंगे। 11 फरवरी को नाम वापसी होगी तथा 19 फरवरी को चुनाव होंगे 21 फरवरी को मतगणना होगी। जनपद में धामपुर ग्राम पंचायत चक मोहम्मद नगर कोतवाली में ग्राम पंचायत भोगली, नजीबाबाद में रफीपुर मोहन तथा ब्लॉक नूरपुर में ग्राम पंचायत कोटा में प्रधान के रिक्त पदों पर चुनाव होना है। साथ ही 6 बीडीसी के पदों पर भी उपचुनाव होगा। मोहम्मदपुर देवमल में तीन बीडीसी अफजलगढ़ में एक जलीलपुर में दो बीडीसी पदों पर चुनाव होना है ।

### एफडीआई के विरोध में बीमा कर्मचारियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त मोर्चे के तत्वाधान में सरकारी बीमा कर्मचारियों के द्वारा एफडीआई को 74 फीसदी से बढ़ाकर 100 फीसदी करने के विरोध में ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय हजरतगंज लखनऊ में दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया,जिसमें बीमा कर्मियों द्वारा एफ्डी 100 फीसदी लागू होने से क्या हानियां होगी यह बताया गया तथा एफडीआई के विरोध के संघर्ष को बढ़ाने के लिए सांसदों से मिलकर ज्ञापन देकर लोकसभा में उठाने का भी प्रयत्न करने का निर्णय लिया गया। कामरेड जीएस सिंह ने बताया की वेज रिवीजन के मुद्दे से भटकाने के लिए एफडीआई को बढ़ाने का प्रस्ताव लाया गया है जिससे बीमा कर्मचारी रिवीजन से ध्यान हटाकर एफडीआई को न बढ़ने के लिए संघर्षरत हो जाए। प्रदर्शन में कॉमेडी अब्दुल नईम, संतोष कुमार अनिल वर्मा, निर्मल त्रिपाठी, भीम मौर्य, शिवेंद्र कुमार, रामदास, विमलेश कुमार, अमित शर्मा, रामआसरे, साजिद इत्यादि सैकड़ो साथियों ने हिस्सा लिया।

### मेट्रो स्टेशन पर तीन कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सरोजनी नगर स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन पर सोमवार रात एक युवक 315 बोर के 3 जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया। मेट्रो स्टेशन सुरक्षा कर्मियों ने उसे सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बरामद कारतूस कब्जे में लेकर आरोपी खिलाफकार्रवाई करते हुए मंगलवार को उसे जेल भेज दिया है। सरोजनी नगर प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति के मुताबिक सोमवार रात 8 बजे एक युवक ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन पहुंचा। उसे मेट्रो रेल से आलमबाग जाना था। लेकिन मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के समय उसके बैग की स्कैनिंग के दौरान उसके पास 315 बोर के 3 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस पर मेट्रो स्टेशन सुरक्षाकर्मियों ने उसे हिरासत में ले लिया। बाद में ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो कंट्रोलर विनय गौड़ ने इसकी सूचना सरोजनी नगर थाने पर दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पकड़े गए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अलीगढ़ जिले के इगलास थाना अंतर्गत महिवला निवासी दिनेश कुमार पुत्र ऋषि पाल सिंह बताया। पूछताछ के दौरान वह बरामद कारतूसों के बारे में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे सका। इसके बाद बरामद कारतूसों को कब्जे में लेने के साथ ही पकड़े गए युवक के खिलाफकार्रवाई करते हुए उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

# मेला मार्ग, स्नान घाट, नदी तटों पर रखें सफाई

प्रमुख सचिव व सचिव ने कुंभ में सफाई शौचालयों की स्वच्छता का लिया जायजा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** तीर्थराज प्रयाग महाकुम्भ को भव्य, दिव्य और स्वच्छ बनाने के लिए नगर विकास विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात व सचिव निदेशक अनुज कुमार झा ने प्रयागराज में कैम्प करते हुए व्यवस्थाओं का स्वयं जायजा ले रहे हैं।

मंगलवार को सुबह सचिव झा ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मेला मार्ग, टॉयलेट, स्नान घाट, नदी के तटों पर साफ सफाई का जायजा लिया। उन्होंने सफाई मित्रों से संवाद करते हुए व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाये रखने के निर्देश दिए। नदियों व घाटों पर श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित किये गए फूल, माला, पूजा सामग्री आदि को निरंतर हटाने के निर्देश दिए। सचिव अनुज झा ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र व निकटतम निकायों में स्वच्छता, रैन बसेरे, शौचालय जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को व्यवस्थित रखने के लिए निर्देश दिए हैं। शौचालयों की डिस्लजिंग की व्यवस्था के साथ ही निकटतम निकायों से भी मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था पूर्ण रखें। मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में डस्टबिन, शौचालय की व्यवस्था एवं साफ-सफाई, रोड स्वीपिंग आदि का निरीक्षण किया जा रहा। उन्होंने शौचालयों की जेट स्प्रे से निरंतर सफाई, नियमित डिस्लजिंग, खराब शौचालयों को तत्काल व्यवस्थित करने, शौचालयों व मूत्रालयों का स्थान व दूरी की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए। श्री झा ने महाकुंभ क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर्स में लगाये गए अतिरिक्त अधिकारियों से स्वयं उपस्थित रहकर 24 घंटे साफ सफाई की व्यवस्था का निरिक्षण करने के निर्देश दिए। सफाई मित्रों द्वारा हर घंटे पर गार्बेज पिंकिग, रोड स्वीपिंग कराते हुए मेला क्षेत्र में गार्बेज प्वाइंट्स डेवलप न होने देने के लिए भी निर्देशित किया। महाकुम्भ के तीन स्नान उपरांत मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था की श्रद्धालुओं ने सराहना की है। वहीं महाकुंभ को प्लास्टिक मुक्त बनाने में श्रद्धालुओं के साथ ही अखाड़ों ने भी पूर्ण सहयोग दिया है। सचिव श्री झा ने शौचालयों तथा कुंभ क्षेत्र के घाटों में सफाई व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात एस.एम.ओ. एवं सी.आई. के साथ बैठक कर गार्बेज कलेक्शन कर नजदीकी एमआरएफ एवं एसडब्लूएम प्लांट पर उनके त्वरित निस्तारण के लिए भेजने के निर्देश दिये।

### पीएम अगर महाकुंभ जाए तो उनसे जरूर मिले जिनके लोग खोए : रामगोपाल

**लखनऊ।** प्रयागराज महाकुंभ में कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहुंचने वाले हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने पीएम से बड़ी अपील की। समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव ने प्रधानमंत्री मोदी के कल महाकुंभ में जाने की खबरों पर कहा, 1954 में जब बहुत बड़ी भगदड़ मची थी, तो जवाहर लाल नेहरू ने सदन में पहले ही दिन कहा था कि 400 लोग मारे गए हैं और 2000 लोग घायल हैं और उन्होंने अपना बयान दिया था, उसके बाद सरकार ने कहा था कि कोई भी वीआईपी न जाए जिससे लोगों को असुविधा हो, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री वहां रोज रहते हैं। यह प्रधानमंत्री को सोचना है कि उन्हें जाना चाहिए या नहीं और अगर जाते हैं तो उन्हें उन लोगों से भी मिलना चाहिए जिनके लोग खो गए हैं और जो उन्हें खोज रहे हैं। सूत्रों की मानें तो पीएम नरेंद्र मोदी 5 फरवरी को महाकुंभ में संगम घाट पर स्नान करेंगे। हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं आई है।

# शिवरी प्लांट को बड़े मॉडल के रूप में तैयार करना उद्देश्य : सुरेश खन्ना

मंत्री ने शिवरी प्लांट का किया निरीक्षण सुंदरीकरण के आदेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने मंगलवार सुबह शिवरी प्लांट और जोन-2 के दो वार्ड का निरीक्षण किया। शिवरी प्लांट में कूड़ा निपटारे की व्यवस्था को देखा और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा- लखनऊ के शिवरी प्लांट को एक बड़े मॉडल के रूप में तैयार करना है। इसके साथ ही जोन-2 में दिखी समस्याओं को जल्द से जल्द हल करने के भी आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह मौजूद रहे। सुरेश खन्ना ने सुबह शिवरी प्लांट के निरीक्षण के दौरान कूड़ा निस्तारण के काम की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सुषमा खर्कवाल के काम को सराहा और कहा जिस तरह से बीते एक साल में कूड़े के पहाड़ को कम करने का काम किया गया है वो सराहनीय है। उन्होंने नगर निगम की टीम की भी इस बात के लिए तारीफ की। सुरेश खन्ना ने कहा शिवरी प्लांट को एक बड़े मॉडल के रूप में तैयार करना है, जिससे देश के अन्य राज्यों से अधिकारी आकर लखनऊ मॉडल को अपने राज्य और शहर में इम्प्लीमेंट कर सकें। प्रभारी मंत्री ने चरक चौराहे पर हो रखे अतिक्रमण को देखकर उसे तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चरक चौराहे के बगल से गुजर रहे नाले की बाउंड्री वॉल खड़ा करके आसपास पार्किंग की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। सुरेश खन्ना ने जोन-2 स्थित राजा बाजार वार्ड और नेताजी सुभाष चंद्र बोस यहियागंज वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नालियों और नाले की सफाई को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा जो भी अधिकारी समय पर अपना काम नहीं करेगा। उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# संशोधन कर लागत बढ़ाने पर दोषी अधिकारी के खिलाफ होगी कार्रवाई

मंत्री जयवीर सिंह ने की पर्यटन व संस्कृति विभाग की समीक्षा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं की डीपीआर तथा अन्य वित्तीय मामलों को विधिवत जांच करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू कराया जाय। भूमि का स्वामित्व आदि की जांच एवं आवश्यक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किये जायं। किसी भी विवादित जमीन का प्रस्ताव तैयार न किया जाए।

उन्होंने कई योजनाओं की टेण्डर प्रक्रिया की गति धीमी पाये जाने पर नराजगी जाहिर करते हुए कहा कि विलम्ब के लिए दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। एक प्रकरण में जिलाधिकारी मिर्जापुर को निर्देश दिए कि एक विवादित मामले को यथाशीघ्र हल करायें, जिससे निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। पर्यटन मंत्री आज गोमती नगर स्थित पर्यटन भवन में पर्यटन तथा संस्कृति विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कई परियोजनाओं की स्वीकृति मिलने के बाद भी टेण्डर न किए जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। डीपीआर को पूरी सावधानी से के साथ तैयार किया जाए। किसी भी दशा में डीपीआर को शंसोधित अथवा पुनर्शसोधित न किया जाए। उन्होंने उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा बार-बार डीपीआर की धनराशि बढ़ाने एवं केन्द्र सरकार द्वारा कराये गये 5.5 करोड़ रुपये की परियोजना को स्टीमेट में शामिल करने पर जांच के निर्देश दिए और कहा कि जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाए।जयवीर सिंह ने यह भी निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाए यदि निर्माण कार्य अधोमानक है या घटिया सामग्री का उपयोग पाया गया है, तो संबंधित कार्यदायी संस्था एवं पीएम एपीएम के खिलाफकार्रवाई की जाए।

### बाक्सिंग : वैष्णवी, अलंकृता व मानवी ने जड़ा स्वर्णिम पंच

**लखनऊ।** समन्वय लखनऊ जिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के पहले दिन मुक्केबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया, जहां बालिका वर्ग में वैष्णवी मिश्रा, जोया, वंशिका सिंह लोधी, अलंकृता सिंह और मानवी मिश्रा ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बॉक्सिंग एरिना में बॉक्सिंग एसोसिएशन लखनऊ और क्षेत्रीय खेल कार्यालय, लखनऊ के समन्वय से आयोजित चैंपियनशिप का उद्घाटन सेंट जोसेफ इंटर कॉलेज के एमडी अनिल अग्रवाल ने किया। पहले दिन खेले गए फाइनल मुकाबलों में मिनी बालक आयु वर्ग के 30-32 किग्रा वर्ग में मॉडर्न अकादमी के शौर्य पी. सिंह ने कॉम्बैट फाइट क्लब (सीएफसी) के अशर अहमद को पराजित किया। 36-38 किग्रा भारवर्ग में सेंट जोसेफ के विवांश अवस्थी ने मॉडर्न अकादमी के मो. शाद को हराया, जबकि 40-42 किग्रा वर्ग में एलपीएस-विनम्र खंड के रितेश ने किड फिट स्पोर्ट्स फिटनेस जोन के श्रेयांश थापा को हराकर स्वर्ण पदक जीता।

# महाकुंभ : लगातार मेले में ही बने रहें अधिकारी

नगर विकास मंत्री कुम्भ मेला क्षेत्र में कर रहे हैं प्रवास

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** तीर्थराज प्रयाग महाकुंभ के व्यवस्थापन, सफाई, स्वच्छता के लिए नगर विकास विभाग भगीरथ प्रयास कर रहा है। व्यवस्था कहीं पर चूक व शिकायत न हो, इसके लिए नगर विकास मंत्री एके शर्मा लगातार कुम्भ मेला क्षेत्र प्रवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार को बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर लगभग 04 करोड़ श्रद्धालुओं सहित महाकुंभ में अब तक 35 करोड़ से अधिक देश-विदेश से आये श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कुम्भ मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था हेतु 20 हज़ार सफ़ाई कर्मियों, सैकड़ों सुपरवाइज़र, हज़ारों मशीनें, वाहन और संसाधन नगरीय निकायों से लगाये गये।

नगर विकास मंत्री ने बताया कि बसंत पंचमी में संगम में पुण्य स्नान के लिए भारी भीड़ होने के बाद भी मेला क्षेत्र की विशेष एवं त्वरित सफ़ाई सुनिश्चित करने के लिए प्रयागराज नगर निगम की निकटतम निकायों से अपर नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारी स्तर के 14 अधिकारियों की अतिरिक्त रूप से ड्यूटी लगायी गयी। शौचालयों की डिस्लजिंग की व्यवस्था पूर्ण करायी गयी तथा निकटतम निकायों से लाकार लगभग 25 मोबाइल ट्वायलेट की और अतिरिक्त रूप से व्यवस्था की गयी।

विभागीय मंत्री सहित प्रमुख सचिव एवं सचिव/निदेशक द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर शौचालयों एवं सफाई व्यवस्था की जांच की गयी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर से विशेष टीमों द्वारा सचिव के नेतृत्व में डेडिकेटेड टीम द्वारा विभिन्न सेक्टर्स का स्थलीय निरीक्षण, डस्टिबिन की उपलब्धता, शौचालय की व्यवस्था एवं साफ-सफाई, रोड स्वीपिंग आदि का निरीक्षण लगातार किया जा रहा। ट्वायलेट के इस्तेमाल के उपरांत जेट स्प्रे से तुरंत सफाई एवं चूना आदि की व्यवस्था की गयी तथा खराब पाए गए शौचालयों को तत्काल व्यवस्थित किये जाने की व्यवस्था की गई। महाकुंभ क्षेत्र में भारी भीड़ के कारण शौचालयों की उपयोगिता अत्यधिक होने के कारण तत्काल डिस्लजिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी गयी। शेड वाले समस्त अस्थायी मूत्रालयों पर साइनेज की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी। सभी शौचालय पर भी साइनेज की व्यवस्था की गयी तथा जगह-जगह पर शौचालयों की दूरी के बारे में बोर्ड भी लगाए गए।

आरोप

## भाजपा के इशारे पर प्रशासन लोकतंत्र को प्रभावित करने में लगा

# मिल्कीपुर में सपा पोलिंग एजेंटों को धमकाया जा रहा : राजेन्द्र चौधरी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता की। इसमें मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने कहा कि मिल्कीपुर में सपा पोलिंग एजेंटों को धमकाया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के समर्थकों के घरों पर जाकर तलाशी ली जा रही है।

मिल्कीपुर में आतंक का वातावरण व्याप्त है। इसीलिए अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि मीडिया को मिल्कीपुर के उपचुनाव को देखने पहुंचना चाहिए। यह देखना चाहिए कि किस तरह से भाजपा के इशारे पर प्रशासन लोकतंत्र को प्रभावित करने में लगा हुआ है। समाजवादी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र ने कहा कि मिल्कीपुर में एक दिन पहले समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर में चुनाव सभा को संबोधित किया था।

पहले परिमिशन नहीं दी गयी, फिर जहां दिया गया, वहां पर भी प्रशासन ने आम जनता को सभा में पहुंचने में अवरोध प्रस्तुत किया। भाजपा लोकतंत्र की हत्या करना अपना धर्म मानती है। डिम्पल यादव ने मिल्कीपुर में रोड शो किया तो उसमें भी व्यवधान पैदा किया गया। मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि कल मतदान है, निष्पक्ष चुनाव हो जायें इसमें प्रशासन रोड़ा बनी हुई हैं। लोकतंत्र में प्रशासन की जिम्मेदारी व्यवस्था करने की होती है। भाजपा जिस तरह से प्रशासन का उपयोग कर रही है, सत्ता का दुरूपयोग कर रही है, उससे निर्वाचन आयोग मौन नहीं रह सकता। निर्वाचन आयोग को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी है। पिछले दिनों जो उपचुनाव में नंगा नाच हुआ, उसे देश जानता है।

### मिल्कीपुर उपचुनाव : सांयकाल साढ़े छह बजे के बाद दिखाया जा सकेगा एग्जिट पोल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव से संबंधित एग्जिट पोल दिखाने पर पांच फरवरी 2025 (बुधवार) की सायंकाल छह बजकर तीस मिनट तक प्रतिबंध है।



उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में विगत दिनों सम्पन्न हुए लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 एवं विधानसभा उप निर्वाचन 2024 में यह देखा गया कि मतदाताओं द्वारा मताधिकार का प्रयोग करने के उपरांत मतदान केन्द्र के बाहर कतिपय इलेक्ट्रानिक मीडिया कर्मियों द्वारा उनसे मतदान को लेकर सवाल पूछे गये थे। जिसमें मतदाताओं से यह भी प्रश्न किया गया कि उनके द्वारा किस पार्टी अथवा प्रत्याशी को मत दिया गया है। यह कृत्य मतदान की गोपनीयता को प्रभावित करने के साथ साथ एग्जिट पोल न दिखाने के निर्देशों का भी उल्लंघन करता है। उन्होंने अपील करते हुए बताया कि इलेक्ट्रानिक एवं डिजिटल मीडिया से अपेक्षा हैं, वे पांच फरवरी 2025 को मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में मतदाताओं से ऐसे कोई प्रश्न न पूछे, जिससे मतदान की गोपनीयता भंग होती हुई दिखायी दे। अथवा एग्जिट पोल न दिखायें, जिससे निर्देशों का उल्लंघन होता दिखे।

## सूचना

मैं विश्वेंद्र सिंह अपने पुत्र तक्ष सिंह (taksh Singh)का नाम बदलकर तश्विक सिंह (tashwik singh) कर रहा हूं। भविष्य में तक्ष सिंह को तश्विक सिंह के नाम से जाना और पहचाना जाए।

**विश्वेंद्र सिंह**
**ग्राम कुल्हनामऊ पोस्ट कलियाबाद**
**जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश**
**222001**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की सख्ती

# वित्त व लेखाधिकारी की कार्यशैली पर उठे सवाल

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिला प्रशासन की सख्ती के चलते वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला पंचायत गोंडा की बड़ी लापरवाही उजागर हुई है।

स्वर्गीय रामयश मौर्य के दत्तक पुत्र अनूप कुमार को पारिवारिक पेंशन न मिलने के मामले में डीएम नेहा शर्मा ने सख्त रुख अपनाते हुए वित्त एवं लेखाधिकारी कामेश्वर प्रसाद की ÷परिनिन्दा÷ कर दी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी द्वारा की गई गलती को सुधारते हुए एक सप्ताह के भीतर संशोधित प्रस्ताव सक्षम स्तर पर भेजा जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में कार्यरत रहे स्व. रामयश मौर्य के दत्तक पुत्र अनूप कुमार ने पारिवारिक पेंशन के लिए आवेदन किया था। इस पर वित्त एवं लेखाधिकारी, जिला पंचायत गोंडा ने टिप्पणी देते हुए गोदनामा विलेख की पंजीकरण तिथि को संदेहास्पद बताया और क्लेम को अस्वीकार करने की संस्तुति कर दी। लेकिन जब डीएम नेहा शर्मा ने इस प्रकरण की जांच कराई, तो वित्त एवं लेखाधिकारी की गंभीर लापरवाही सामने आई।

## डीएम की सख्ती, वित्त एवं लेखाधिकारी की परिनिन्दा

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वित्त एवं लेखाधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए और इसे प्रथमदृष्टया गंभीर लापरवाही करार दिया। उन्होंने कहा कि गलत तथ्यों के आधार पर निर्णय लेना प्रशासनिक कर्तव्यों के प्रति लापरवाही दर्शाता है। इसके चलते श्री कामेश्वर प्रसाद की परिनिन्दा की गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की त्रुटियां दोबारा न हों।

**लापरवाही हुई उजागर**

डीएम के निर्देश पर जब उप निबंधक, तरबगंज के कार्यालय से जांच कराई गई, तो स्पष्ट हुआ कि गोदनामा 17 अगस्त 1999 को पंजीकृत हुआ था, जबकि स्व. रामयश मौर्य का निधन 20 सितंबर 1999 को हुआ था। इसके बावजूद वित्त एवं लेखाधिकारी ने बिना तथ्यों की पुष्टि किए गलत टिप्पणी देते हुए गोदनामा की पंजीकरण तिथि 20 जुलाई 2000 बताकर उसे संदेहास्पद घोषित कर दिया।

- पारिवारिक पेंशन प्रकरण में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई
- पारिवारिक पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे अनूप कुमार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आदेश

डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया है कि वे प्रकरण का स्वयं परीक्षण करें और पारिवारिक पेंशन का संशोधित प्रस्ताव सक्षम स्तर पर भेजना सुनिश्चित करें। साथ ही, एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। डीएम नेहा शर्मा की इस सख्ती से स्पष्ट हो गया है कि प्रशासनिक लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी मनमाने तरीके से जनहित के मामलों को प्रभावित करेगा, तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी। इस फैसले से पारिवारिक पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे अनूप कुमार को न्याय मिलने की उम्मीद जगी है और यह प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सख्त चेतावनी भी है कि वे बिना तथ्यों की जांच किए किसी भी प्रकार की अनुचित टिप्पणी न करें।

# थाना प्रभारी के नेतृत्व में आग पर पाया काबू

- जन-सहयोग और पुलिस की तत्परता से टली बड़ी दुर्घटना



**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम महरौली में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने छप्पर के गैर-रिहायशी मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि कुछ ही समय में क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी करुणा कर पांडेय के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीणों ने अदम्य साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए आग पर काबू पा लिया। थाना प्रभारी करुणा कर पांडेय ने बताया कि पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और ग्रामीणों के सहयोग से आग को फैलने से रोक दिया गया। उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण बड़ी दुर्घटना टल गई और शांति व्यवस्था बनाए रखने में सफलता मिली। स्थानीय जनता और प्रशासन ने थाना प्रभारी करुणा कर पांडेय और उनकी टीम के साहसिक प्रयासों की सराहना की है। उनका यह कार्य न केवल पुलिस विभाग की जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है, बल्कि यह दर्शाता है कि पुलिस और जनता के बीच सहयोग से किसी भी आपदा पर विजय पाई जा सकती है।

# सड़क दुर्घटना में दूल्हे के भाई चाचा सहित तीन की मौत

- दहेज में मिली बाइक पर सवार थे सभी

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

बहराइच जनपद के विशेवर गंज थाना क्षेत्र में एक ही बाइक पर सवार दूल्हे के भाई चाचा सहित तीन लोगो की अज्ञात भारी वाहन की टक्कर लगने से दर्द नाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

बहराइच जनपद के हुजूर पुर मोकला गांव के निवासी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि उस के चाचा के लड़के 22वर्षीय बब्लू सिंह पुत्र दुख भजन सिंह भतीजा 20 वर्षीय टिंकू सिंह उर्फ गुलसन सिंह व दोस्त 22वर्षीय शनि सिंह पुत्र अंग्रेज बहादुर सिंह तीन लोग एक ही बाइक पर सवार हो कर गोंडा जिले के थाना धानेपुर के गडरही बाजार जा रहे थे। सोमवार की देर रात्रि में एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। तीन लोगो को मरणासन्न हालत में मेडिकल कालेज गोंडा इलाज के लिए लाया गया। चिकित्सक ने देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि दूल्हा भोला सिंह का छोटा भाई बब्लू सिंह और चाचा टिंकू सिंह उर्फ गुलशन सिंह है। टिंकू सिंह का दोस्त शनि सिंह था। बाइक दहेज में मिली थी। उसी से बरात जा रहे थे। मौत की खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

# बाबा श्याम का 451वां शोभायात्रा निकली

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



दद्दुआ बाजार स्थित श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव तीन दिवसीय कार्यक्रम में दुसरे दिन मंगलवार को बाबा खाटू श्याम जी का निशान शोभायात्रा निकाली गई।

जिसमें पहली यात्रा रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर अग्रसेन चौराहा होते हुए बड़गांव पुलिस चौकी पर पहुंचीं और दूसरी यात्रा चौक बाजार के पीपल चौराहे से निकलकर नगर में भ्रमण करते हुए पुलिस चौकी पर पहुंचकर होकर दोनों यात्राएं श्री श्याम मंदिर में पहुंचकर बाबा खाटू श्याम का दर्शन किया और निशान अर्पित कर प्रसाद ग्रहण किया। बाबा खाटू श्याम हम दादी का दरबार फूलों से भव्य सजाया गया था। निशान यात्रा में महिला पुरुष भक्त हाथों में निशान लहराते हुए बाबा खाटू श्याम के भजनों पर खूब झूमे। निशान यात्रा में जगह-जगह बाबा दादी का लोगों ने दर्शन कर आरती किया। एवं जगह-जगह श्याम प्रेमियों द्वारा जलपान की व्यवस्था थी एवं साहबगंज के पास श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार द्वारा फल,जूस और नमकीन का भी वितरण किया गया। निशान यात्रा में आगे आगे हाथी की सवारी मौजूद रही और बाबा खाटू श्याम एवं श्री राणी सती दादी जी का दरबार भव्य सजा हुआ था । यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग रहा। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, विमलेश सिंघल,सुशील पचेरिया,अनिल मित्तल, गोविंद जालूका, अरिहंत जैन, उत्कर्ष सिंघल, पुनीत बंसल, आशीष भावसिंहका, दीपक अग्रवाल,विशाल बंसल, राजेश बंसल,शलभ गर्ग , अजय अग्रवाल एवं श्री श्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्ष सरोज अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल,नीतू गर्ग ,बेनू अग्रवाल,पूनम मित्तल,शारदा गर्ग ,प्रेमलता सिंघल,किरन बंसल,सरोज गर्ग , संगीता भावसिंहका सहित अन्य लोग मौजूद रहीं।



## चौकी प्रभारी सहित 10 उपनिरीक्षक बदले

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने दो चौकी प्रभारी सहित 10 उपनिरीक्षक का तबादला कर दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र के दर्जी कुआ चौकी प्रभारी संजीव कुमार राय को चौकी प्रभारी गौरा थाना खोड़ारे चौकी प्रभारी जिगना बाजार थाना मनका पुर के सुनील कुमार पाल को चौकी प्रभारी दर्जी कुवा थाना कोतवाली देहात इटिया थोक थाना के उपनिरीक्षक विजय प्रकाश को जिगना बाजार का चौकी प्रभारी थाना मनका पुर खरगू पुर थाना के उपनिरीक्षक घिटेंदे कुमार को थाना कोतवाली देहात नवाब गंज के उपनिरीक्षक माया राम को जनसूचना प्रकोष्ठ उमेश सिंह को मनका पुर थाना के वाचक उपनिरीक्षक गौरव सिंह तोमर को थाना कर्नल गंज कामेश्वर राय को तरब गंज थाना जनार्दन सिंह को थाना ऊमरी बेगम गंज तारकेश्वर को समसेल भेजा गया।



## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**गोंडा ,ससमृद्धि न्यूज़।** नगर के शहर स्थित रवि चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल में आज, राष्ट्रीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा 4 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को सामान्य ज्ञान की परीक्षा आयोजित की गई। विद्यालय के प्रबंधक श्री शिव मूर्ति मिश्रा जी ने बताया कि इस परीक्षा में 185 बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं। परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। इससे बच्चों का शैक्षिक, बौद्धिक, मानसिक, कलात्मक विकास कर उनका शैक्षिक स्तर पर, सर्वांगीण विकास कर उन्हें उज्जवल भविष्य हेतु अग्रसर करना है। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ हर्षित कुमार, हरिशंकर शुक्ला, मीना सिंह, शिल्पी अग्रवाल, एसपी गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कैंसर दिवस पर सीएचसी में हुआ जागरूकता कार्यक्रम



**पयागपुर,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पयागपुर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने की। इस अवसर पर डॉ. शरद भारती, बीपीएम, और अन्य स्वास्थ्यकर्मी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव, और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी ने कैंसर के प्रति जागरूकता को ही सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा, ÷कैंसर जैसी घातक बीमारी से डरने की नहीं, बल्कि समय रहते पहचान कर उसके खिलाफ लड़ने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि तंबाकू, शराब का सेवन, अनियमित जीवनशैली, गलत खानपान, और शारीरिक गतिविधियों की कमी कैंसर के मुख्य कारण हो सकते हैं। साथ ही, उन्होंने नियमित जांच और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया।डॉ. शरद भारती ने भी कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों जैसे कि असामान्य सूजन, अस्पष्टीकृत वजन घटाव, लगातार खांसी या खराश, त्वचा में बदलाव आदि के बारे में जानकारी दी और कहा कि इन लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

कार्यक्रम में बीपीएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्थानीय लोगों को निःशुल्क जांच और परामर्श के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी स्वास्थ्यकर्मियों और जागरूक नागरिकों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं जागरूक रहेंगे बल्कि अपने आस-पास के लोगों को भी कैंसर के प्रति सजग करेंगे। कार्यक्रम के अंत में अधीक्षक डॉ. धीरेन्द्र तिवारी के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और प्रभावशाली संवाद के लिए सराहना की गई। सजग रहें, स्वस्थ रहें - कैंसर के खिलाफ जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है।

# नागरिक संवाद कार्यक्रम में नहीं सुनी गई पीड़ितों की फरियाद

- कार्यक्रम में पहुंचा दिव्यांग वृद्ध भी रहा संवाद से वंचित

**मनकापुर/ गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**





जिला अधिकारी की पहल पर जनपद में चल रहे नागरिक संगम कार्यक्रम की मनकापुर में हवा निकल गई, और जिलाधिकारी के साथ चलने वाले ही कई विभागों के विभाग अध्यक्ष नागरिक संगम चौपाल में नदारद दिखे।इसके साथ ही जिलाधिकारी की मौजूदगी में भी अपनी पीड़ाओं को लेकर उपस्थित कई लोगों को संवाद तो दूर जिला अधिकारी के पास तक भी पहुंचने का मौका नहीं मिला। जिससे उन्हें मन मसोस कर वापस अपने बैरंग लौटना पड़ा। इसके साथ ही एक तय कार्यक्रम के तहत जिला अधिकारी ने नागरिक संगम कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान मनकापुर में पहुंचकर माइक संभाल लिया और अपना संबोधन करते हुए आम लोगों के बीच मौजूद नगर पालिका अध्यक्ष के साथ अपनी बातों को रखते हुए कार्यक्रम की शुरुआत कर दी और दूसरी तरफ़ फोटो का दौर शुरू हो गया, इतना ही नहीं कार्यक्रम में न तो जिलाधिकारी का ध्यान कमियों की तरफ आकर्षित कराया गया और न ही कमियों को पहुंचाने वालों को उनके पास तक जाने दिया गया। जिससे मनकापुर की कई उम्मीद पर पानी फिर गया।

वहीं जिलाधिकारी के नागरिक संगम चौपाल को सुनकर कार्यक्रम में अपनी पीड़ा बयां करने के लिए दिव्यांग हीरालाल उम्र करीब 58 वर्ष निवासी भीरवा दिव्यांग पेंशन तथा साइकिल की मांग को लेकर पहुंचे थे तथा उनके साथ बगल में एक अन्य दोनों पैर से दिव्यांग भी कस्बे के जवाहर नगर गली से आकर अपनी पीड़ा सुनने के लिए नागरिक संगम कार्यक्रम में जाना चाहा लेकिन वहां तक नहीं पहुंच पाया। जिससे मन मसोस कर दोनों दिव्यांगो को वापस लौटना पड़ा। जिलाधिकारी के नागरिक संगम कार्यक्रम में दिव्यांग ही नहीं अपनी पीड़ा लेकर जिलाधिकारी के नागरिक संगम कार्यक्रम में पहुंचे ऐसे कई लोगों को वापस होना पड़ा और मनकापुर में नागरिक संगम कार्यक्रम में महज कागजी कोरम पूरा करते हुए अमली जामा पहनाकर कार्यक्रम को परवान चढ़ा दिया गया। मौके पर प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी रविंद्र कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी तथा ई ओ मनकापुर समेत कई जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

वही इस संबंध में जब जिलाधिकारी गोंडा नेहा शर्मा से पूछा गया कि आखिर कई जिम्मेदार विभाग समेत पुलिस विभाग के आला अफसर कार्यक्रम में ना मौजूद थे तो उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम शहरी मुद्दों और उनसे संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान आकर्षण करने के लिए किया गया था।तथा जल निगम शहरी विभाग बलरामपुर से भी अधिकारी उपस्थित थे और उप जिलाधिकारी मनकापुर छुट्टी पर गए थे वहीं पुलिस के अधिकारियों को सूचना नहीं दी गई थी।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसडीएम ने व्यवस्थाओं को परखा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के इंडो नेपाल सीमा का सोमवार शाम को एसडीएम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। उपजिलाधिकारी अधिकारी अंजनी यादव एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रद्युमन सिंह ने रूपईडीहा पहुंचकर भारत नेपाल सीमा का अवलोकन कर यहां की आवागमन एवं सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। दोनों अधिकारियों रूपईडीहा पहुंचकर सर्वप्रथम रुपईडीहा थाना प्रांगण में एसएसबी 42 वी वाहिनी के सहायक कमांडेंट सुनील कुमार शांति, निरीक्षक सत्येंद्र सिंह के साथ बैठक कर सीमा पर हो रहे जांच एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।तत्पश्चात थाने से सीमा के नो मेंस लैंड तक पैदल चलकर सीमा के समानांतर सड़क पर की जा रही सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सीमा पर डीएसपी नेपालगंज बांके आयुष प्रसाद जोशी तथा नेपाली थाना जमुनहा इंचार्ज उपेन्द्र बूढ़ाथोकी से भी मुलाकात की। उन दोनों नेपाली अधिकारियों से सीमा पर एक दूसरे के सहयोग से कैसे अपराध पर नियंत्रण पाया जाए इस पर भी चर्चा की एवं आपस में सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उसके बाद नो मेंस लैंड पर बने शिव मंदिर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की और उसकी जर्जर हालत को देखते हुए उसका कोई हल निकालने की बात कही। सीमा पर बन रहे गेट के पूर्व की दिशा में जमुनहा गांव से आने वाले चार मार्गों को बंद करने के बारे भी चर्चा की।

# पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री ने बार एसो. अध्यक्ष को दिलाई शपथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



- समारोह की अध्यक्षता जिला बार एसो. के अध्यक्ष राम जी वाजपेई और संचालन मनोज कुमार सिंह ने किया

कैसरगंज बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को तहसील परिसर कैसरगंज मे सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम जी वाजपेई और संचालन मनोज कुमार सिंह एडवोकेट ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी व विशिष्ट अतिथि एमएलसी पदमसेन चौधरी रहे। सबसे पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष गंगाधर मिश्र को पूर्व केन्द्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने शपथ दिलाई। इसके पश्चात अध्यक्ष मिश्र ने नवनिर्वाचित महामंत्री अजय प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, देव शरण सिंह, उपाध्यक्ष मध्यम धीरेंद्र कुमार व अनिल शुक्ला,कनिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल कुमार वर्मा ,रमेश कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष सतीश यादव, संयुक्त मंत्री राजमणि यादव,आडीटर अमर सिंह चौहान, पुस्तकालय अध्यक्ष सम्पर्णानन्द मिश्र, व कार्यकारिणी के सदस्य वरिष्ठ राधेश्याम यादव, सजीव कुमार यादव, रीतेंद्र विक्रम सिंह, उमेश चंद्र मिश्रा, हसमुद्दीन,शहिद खान,कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अब्दुल समद खान, हरीराम चक्रवर्ती, शिवम सिंह विसेन,योगेश कुमार मिश्र, सिराज अहमद को पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी।

कार्यक्रम मे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम आलोक प्रसाद,न्यायिक मजिस्ट्रेट लालताधर यादव, तहसीलदार अभयराज पांडे, ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह विसेन, जानकी शरण पाण्डे, अवधेश सिंह,बाल कृष्ण मिश्र, डॉ .अरविंद सिंह,पूर्व प्रधान कौशलेंद्र चौधरी, विजय प्रताप सिंह, बृजेश मिश्र, नरायण शर्मा,पंकज श्रीवास्तव,नसीब अहमद, राजकुमार मौर्या, शिवाजी पाण्डे, विश्वपाल, बादशाह सिंह,बिन्नू सिंह, मधुकर मिश्र, चुनाव अधिकारी सत्यशरण सिंह, नारायण शर्मा,इल्डर्स कमेटी के चेयरमैन भगौती प्रसाद राव, मनोज सिंह,बादशाह सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

पीएम श्री राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा के नौ व ग्यारह के विद्यार्थियों ने मंगलवार को लखनऊ के इंटेगरल विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। वहां पर उन्होंने लैब, लाइब्रेरी, मैकेनिकल वर्कशॉप, ऑडिटोरियम, ग्राउंड समेत विभिन्न दृश्यों को देखा और जानकारियां प्राप्त की। प्रधानाचार्य डा. अमित कुमार पाण्डेय ने बताया कि नौ व ग्यारह के छात्र छात्राओं को लखनऊ के इंटेगरल विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण कराया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि भ्रमण के दौरान उन्हें काफी रोचक जानकारियां मिली। भ्रमण में शिक्षक अनिल कुमार,नीरज चतुर्वेदी, अरविंद मिश्र,रफी अंसारी, प्रिरंजन कुमार, महेंद्र सिंह, पंकज अवस्थी, अजय सिंह, दीपशिखा,मानसी मौजूद रही।

# महाकुंभः घायलों-मृतकों की सूची सार्वजनिक करे सरकार



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

- कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

बहराइच में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रयागराज के महाकुंभ मेले हुई भगदड़ में मरने वालों और घायल की सूची जारी करने समेत घटना की न्यायिक जांच को लेकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन दिया। प्रयागराज कुंभ मेले में बीते सप्ताह भगदड़ में कई लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इसके विरोध में मंगलवार को कांग्रेस के निवर्तमान जिलाध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा और शहर अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल की अगुवाई में सभी ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस प्रवक्ता प्रशांत सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में भाजपा सरकार पूर्ण रूप से नाकाम है। कहा कि हजारों लोग कुंभ मेले में परिवार से बिछड़ गए, लेकिन सरकार झूठ बोल रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अमरनाथ शुक्ला ने कहा कि कुंभ मेले में शासन और प्रशासन ने मानवता को तार तार कर दिया है। सभी ने मौत और घायलों के आंकड़े सार्वजनिक करने और घटना की न्यायिक जांच करने की मांग की। इसके बाद सभी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य पूजा भारती, कमला सोनी, इरम ठाकुर, मुकुंद जी शुक्ल, हमजा शाहिद, मुनऊ मिश्र, तारिक बेग, अब्दुल मुईद चौधरी, डॉ हलीम अहमद, जगदीश सिंह, मो फरीद, राघवेंद्र द्विवेदी पुल्लू, मो बशीर, हीरा लाल, इंद्र कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत, पुलिस ने दिखाया त्वरित एक्शन



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

**पुलिस की तत्परता बनी राहत की किरण**

घटना के तुरंत बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने यह सुनिश्चित किया कि घायलों को समय पर इलाज मिल सके। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और घायलों को बिना किसी देरी के अस्पताल भिजवाया। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता के चलते स्थानीय लोगों ने उनकी सराहना की है।थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया, यह एक दुखद घटना है। अज्ञात वाहन की तलाश के लिए जांच तेज कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं ताकि दोषी को जल्द से जल्द पकड़ा जा सके।

**शोकाकुल परिवार और गांव में मातम**

इस हादसे ने मोकला गांव में गहरा शोक फैला दिया है। मृतकों के परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। बारात का उत्सव एक ही झटके में गम में बदल गया। मृतक के चाचा संतोष सिंह ने बताया कि तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे और बेहद खुशमिजाज थे।

गोंडा-बहराइच मार्ग पर सोमवार रात एक हृदयविदारक हादसे में बारात की खुशियां मातम में बदल गईं। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के मोकला गांव के तीन युवक, जो गोंडा जिले के गडरहवा गांव में अपने भाई की शादी में शामिल होने जा रहे थे, एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही विशेश्वरगंज थानाध्यक्ष नवीन कुमार सिंह अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से गोंडा जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो और युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की गहन जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मोकला गांव निवासी राम आशीष के बेटे की बारात सोमवार को गडरहवा गांव के लिए रवाना हुई थी। बारात में शामिल होने के लिए शनि सिंह (25), टिंकू सिंह (20), और बबलू सिंह (25) एक ही बाइक पर सवार होकर गोंडा जा रहे थे। रात करीब 10 बजे विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के उधरना सरहदी गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

# जांच होने की डर से दवा की दुकानें रही बन्द

- ग्रामीण क्षेत्र में चल रही बिना लाइसेंस की दुकानें

**धानेपुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** औषधि निरीक्षक की जाँच की डर से दवा की दुकाने बंद रही। मिली जानकारी के अनुसार बग्गीरोड, बाबागंज व स्थानीय क्षेत्र मे ड्रग्स इंस्पेक्टर क़े दुकानों की जाँच क़े लिए आने की सूचना से दवा की दुकाने बंद रही ताले लटक रहे थे। लोग दवा क़े लिए भटकते रहे।

जबकि बहुत सी दुकाने बिना किसी लाइसेंस क़े ग्रामीण क्षेत्रो मे चल रही है जिस पर विभाग अंकुश लगाने मे अक्षम साबित हो रहा है।

# अदिति सिंह ने विभिन्न निर्मित कार्यों का किया लोकार्पण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

विधायिका सदर अदिति सिंह द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत विकास क्षेत्र अमावां अन्तर्गत निर्मित आंगनबाड़ी केन्द्रों, स्कूल बाउन्ड्रीवाल व इण्टर लाकिंग का लोकार्पण किया गया। मनरेगा से निर्मित इन कार्यों में कोटे की दुकान व जनसुविधा केन्द्र संचालन हेतु निर्मित अन्नपूर्णा भवन बघई अहलवार, पीएम श्री विद्यालय अमावां बाउन्ड्रीवाल निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल बाउन्ड्रीवाल ताजपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र रूपामऊ व इण्टर लाकिंग कार्यों के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पित किया गया। इसके अतिरिक्त विधायक अदिति सिंह द्वारा मनरेगा व राज्य वित्त के अभिसरण से बघई अहलवार में लर्निंग लैब के रूप में विकसित किये गये आंगनबाड़ी केन्द्र का लोकार्पण भी किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गर्भवती महिलाओं के गोद भराई एवं बच्चों के अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी किया गया। विधायक अदिति सिंह अपने उद्बोधन में ग्रामवासियों से कहा कि मनरेगा अब केवल ग्रामीण परिवारों को 100 दिवस का रोजगार देने का माध्यम नही रह गयी है, बल्कि ग्रामीण विकास की धुरी बन गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य अच्छे आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कर व स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार कर भारत के भविष्य को उज्ज्वल बनाना है। विधायक अदिति सिंह ने स्थानीय ग्रामवासियों को इन कार्यों के निर्माण की बधाई दी तथा बच्चों को नियमित स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने के लिए प्रेरित किया। सभी कार्यक्रमों के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमावां उपस्थित रहें तथा सभी कार्यक्रमों में खण्ड विकास अधिकारी के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे के विषय में सभी ग्रामवासियों के साथ जानकारी साझा करते हुए सर्वेयर के साथ-साथ स्वयं के द्वारा भी सेल्फ सर्वे करने की अपील की गयी। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, व सम्बन्धित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मंदिर की खुदाई के दौरान मिली ऐतिहासिक मूर्तियां

- मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हो रही थी खोदाई
- 1000 वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं मूर्तियां



**डलमऊ (रायबरेली), समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र के सुरसना गांव में स्थित करीब 300 साल पुराने शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए चल रही खोदाई में प्राचीन विखंडित मूर्तियां मिली हैं। इनमें विशेष लिपि में शब्द लिखे है। ये मूर्तियां ग्रामीणों के बीच कौतूहल का विषय बनी हुई हैं। एसडीएम डलमऊ राजित राम गुप्ता ने बताया कि इस संबंध में पुरातत्व विभाग को सूचित किया जाएगा।सुरसना गांव के इस प्राचीन शिव मंदिर में शिवरात्रि के पर्व पर विशाल मेला लगता है। मंदिर काफी जर्जर हो जाने के कारण प्रधान एवं ग्रामीणों के सहयोग से इसका जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। इस काम के दौरान खोदाई में विशेष लिपि में लिखी हुई विखंडित पुरानी मूर्तियां करीब सात फीट नीचे मिली हैं। ये मूर्तियां किस देवी देवता की हैं, लोग इसकी जानकारी नहीं दे सके। मूर्तियों में लिखे लेख किस लिपि के हैं, इसका भी पता नहीं चल सका है। प्रधान प्रतिनिधि नरेंद्र बहादुर सिंह व 90 वर्षीय हुकुम सिंह ने बताया कि ग्राम सभा में लगभग 300 वर्ष पूर्व मिट्टी के बर्तन बनाने वाले समुदाय के लोगों रहते थे। खोदाई के समय मिलीं पुरानी विखंडित मूर्तियां करीब 300 वर्ष से अधिक पुरानी मानी जा रही हैं। ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह, कमलेश का कहना है कि मंदिर बहुत पुराना है।

## खबरें एक नजर में

### महंत राजूदास के खिलाफ परिवाद दाखिल, नोटिस जारी करने का दिया आदेश



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** अयोध्या के महंत राजू दास के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की कोर्ट में परिवाद दाखिल किया गया है। कोर्ट ने परिवाद दायर होने पर विपक्षी राजू दास को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।मामले में अब आगामी 20 फरवरी को सुनवाई होगी। अधिवक्ता व मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव अखिलेश माही ने परिवाद पत्र में बीती 22 जनवरी 2025 को महंत राजूदास द्वारा सोशल मीडिया पर सपा संथापक मुलायम सिंह यादव के खिलाफ अभद्र व अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाया है साथ ही महंत के बयान को देश में नफरत फैलाने व सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला बताया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय ने मामला परिवाद के रूप में दर्ज कर महंत राजू दास को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

### अनियंत्रित बस बाइकसवारों को टक्कर मारने के बाद डिवाइडर पर चढ़ी, दो घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर चुरुवा गांव के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई, इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि हादसे में बाइक सवार दो सगे भाई सौरभ चौरसिया व शिवम चौरसिया पुत्रगण रामचंद्र चौरसिया निवासी जीगो थाना बछरावां गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें घायल अवस्था में सूचना पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के पश्चात दोनों की हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वही अनियंत्रित बस टक्कर मारने के बाद डिवाइडर पर चढ़ गई, गनीमत यह रही की बस में बैठे सभी यात्री सकुशल बच गए। बस यात्रियों ने बताया कि वह प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर रायबरेली से लखनऊ होते हुए गोला गोकर्णनाथ जा रहे थे। इस बाबत इंचार्ज थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई है तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पीआरबी पुलिसकर्मियों को एसपी करेंगे सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** डलमऊ से रायबरेली निकले बुजुर्ग श्रीपाल सिंह को महज 2 घंटे में ढूंढ निकालने वाली पीआरबी पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक डॉ यसबीर सिंह सम्मान करेंगे। दरअसल पुलिस अधीक्षक को कल सूचना मिली थी कि डलमऊ थाना क्षेत्र के पूरे बच्चा सिंह मजरे आंबा जो घर से यह बता कर निकले थे कि वह रायबरेली जा रहे हैं लेकिन उनकी मानसिक दशा ठीक ना होने के चलते वह रास्ते में भटक गए परिजनों की सूचना पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वायरलेस जारी किया गया सूचना मिलते ही डायल इंस्पेक्टर 112 प्रभारी जावेद अख्तर ने डलमऊ रूट की समस्त चौपहिया डायल वाहनों को बुजुर्ग की फोटो भेज कर एक्टिव मोड पर किया नतीजा यह रहा की महज दो घंटे में श्रीपाल सिंह को डायल 112 पीआरबी 1763 पर तैनात हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह (कमांडर) कांस्टेबल रजत सब कमांडर व होमगार्ड भूपेंद्र ने डलमऊ थाना क्षेत्र के चौदहमील नरसवां के रास्ते पर श्रीपाल को शाह कुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया था पीआरबी पुलिस की तत्परता को देखते हुए एसपी ने उन्हें सम्मान करने की बात कही है। डायल 112 प्रभारी जावेद अख्तर ने बताया कि जैसे मुझे सूचना प्राप्त हुई उस रूट के सभी चौपहिया वाहनों को अवगत कराया गया नतीजा सफलता प्राप्त हुई।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं का स्वास्थ्य चेकअप, सेनेटरी नैपकिन वितरित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बलरामपुर नगर में स्वास्थ्य टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ प्रतिभा यादव द्वारा छात्राओं को विस्तारपूर्वक साफ सफाई , हेल्दी आहार, एनीमिया से बचाव आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में सभी छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन, अल्बाडजोल की गोली, आयरन की गोली, कैल्शियम की गोली का वितरण किया गया। इस दौरान संबंधित शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### आईजीआरएस शिकायत निवारण में उतरौला तहसील प्रदेश में अव्वल

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के तहत प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में उतरौला तहसील ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि की जानकारी उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने दी। एसडीएम अवधेश कुमार ने बताया कि आईजीआरएस पटल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित संज्ञान लिया गया और संबंधित कर्मचारियों द्वारा सटीक जांच और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इससे जनता को न्याय और प्रशासनिक सेवाओं का त्वरित लाभ मिला। शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण में तहसील प्रशासन की अहम भूमिका रही। इस सफलता में तहसीलदार सत्यपाल प्रजापति, नायब तहसीलदार रेहरा राजीव वर्मा, नायब तहसीलदार प्रतिमा मौर्य, तथा राजस्व निरीक्षक और लेखपालों का विशेष योगदान रहा। आईजीआरएस प्रणाली के तहत जनता द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों को गंभीरता से लिया गया और उनका शीघ्र समाधान किया गया, जिससे जनता का प्रशासन पर विश्वास बढ़ा है। प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने पर तहसील प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह देखा गया। उन्होंने भविष्य में भी जनता की शिकायतों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का संकल्प लिया। उतरौला तहसील की इस उपलब्धि से साबित होता है कि प्रभावी प्रशासन और समर्पित टीम वर्क से जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सकता है। यह सफलता प्रशासनिक कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही को भी दर्शाती है।

### भाजपा युवा मोर्चा ने बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा की मरम्मत के लिए सौंपा ज्ञापन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** नगर के फक्कड़ दास चौराहे पर स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की बाउंड्री वाल की मरम्मत और रंग रोगन को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि उतरौला नगर स्थित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा की बाउंड्री वाल काफी जर्जर हो चुकी है और उसका रंग भी फीका पड़ चुका है। इससे प्रतिमा का सौंदर्य और गरिमा प्रभावित हो रही है, जो उनके आदर्शों और योगदान के प्रति सम्मान को भी कम करता है। भा.ज.पा. युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने उपजिलाधिकारी से अनुरोध किया कि बाउंड्री वाल की मरम्मत और प्रतिमा के रंग रोगन का कार्य शीघ्रता से किया जाए, ताकि प्रतिमा को एक नई चमक और गरिमा मिल सके और वह नगरवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा सामाजिक सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए काम करती रही है और आगे भी करती रहेगी। बाबा साहेब की प्रतिमा समाज के हर वर्ग को समानता और सम्मान के अधिकार की प्रेरणा देती है। इस कारण से उनका सम्मान और प्रतिमा का सौंदर्य बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बाबा साहेब के अनुयायी और समाज के कई प्रमुख लोग भी उपस्थित रहे, जिनमें पूर्व प्रधान गोपाल चौधरी, जयराम गौतम सहित अन्य लोग शामिल थे।

## बुलेट व बाइक में टक्कर, बाइकसवार युवक घायल

**बछरावां, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** बुलेट व बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना मंगलवार दोपहर 12:00 बजे के आसपास बछरावां मौरावां हाईवे पर समोधा चौराहे के पास की है जब एक बाइक व बुलेट में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सोनू द्विवेदी पुत्र रामप्रकाश द्विवेदी निवासी खालेगांव मजरे शेखपुर समोधा गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बुलेट सवार व्यक्ति बाल बाल बच गया। इंचार्ज थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ओरीदास तपोस्थली पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

- तीन दिवसीय मेले में हो चुकी है करोड़ों की खरीददारी

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को बाबा ओरीदास तपोस्थली पर आस्था का जन सैलाब उमड़ पड़ा लाखों की संख्या में भक्तों ने बाबा ओरीदास के पावन प्रांगण में पहुंचकर बाबा ओरीदास का विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की साथ-साथ कई कर्मकांड भी बाबा ओरीदास की तपोस्थली पर किए गये ।मुंडन छेदन शादी विवाह सहित कई प्रकार के मांगलिक कार्यक्रम बाबा ओरीदास तपोस्थली पर किए गए वर्षों से मांगलिक कार्यक्रम बाबा ओरीदास की तपोस्थली पर भक्तों द्वारा किए जाते हैं ।वहीं इस वर्ष भी बसंत पंचमी से शुरू हुआ बाबा ओरीदास का विशाल मेला आज मंगलवार को भी लाखों की भीड़ के साथ लोगों ने जहां बाबा के दर्शन किए तो वही मेले का भी लुत्फ उठाया। किसानों ने जहां कृषि यंत्र जैसे हसिया, फावड़ा, खुरपा खरीदा तो वहीं शादी विवाह में दहेज देने के लिए भी लकड़ी के समान और लोहे के सामानों की जमकर खरीदारी की। गई इस मौके पर बाबा ओरीदास मेला कमेटी सीताराम प्रधान प्रतिनिधि रोहित अवस्थी, योगेश मिश्रा, गुड्डू बाजपेई, सुरक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग भी मौके पर मौजूद रहा।

**मेले में भक्तों द्वारा की गई करोड़ों की खरीददारी:** जलेबी के दुकानदारों ने बताया पिछले तीन दिनों से लगभग 10 लाख से अधिक की जलेबी बिक चुकी है वहीं चाट चाऊमीन भी लाखों में बिका है लकड़ी का सामान और बक्से भी लाखों में बिके हैं।

# विश्रामालय में रुक कर सुविधाओं का लाभ ले रहे श्रद्धालु



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं के लिए जनपद में बनाए गए विभिन्न होल्डिंग्स एरिया में श्रद्धालुओं के लिए खान-पान, स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा, पंडाल, पार्किंग, मोबाइल टायलेट, मोबाइल / लैपटॉप चार्जिंग प्वाइंट इत्यादि की जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है, इसके साथ ही श्रद्धालुओं की साथ सुविधा के लिए सुविधा केंद्र व स्वागत केंद्र भी बनाए गए है, जहां पर श्रद्धालुओं को पुष्पगुच्छ देकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जा रहा है। जनपद रायबरेली से कुंभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालु जनपद में बनाए गए विश्रामालय में रुककर उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाकर विश्राम कर सुखद अनुभूति के साथ प्रयागराज की ओर प्रस्थान कर रहें है। आज प्रयागराज जाते समय जगतपुर, सलोन में बनाए गए होल्डिंग्स एरिया में रुके हुए श्रद्धालुओं को भोजन कराकर प्रयागराज के लिए प्रस्थान कराया गया।

# मीना मंच द्वारा दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का किया गया आयोजन


**सलोंन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर एक्टिविटी के अंतर्गत मीना मंच और पावर एंजेल सशक्तीकरण एवं नेतृत्व क्षमता तथा जीवन कौशल शिक्षा विकसित करने तथा सेल्फ एस्टीम के क्रियान्वयन हेतु ब्लॉक स्तर पर सुगमकर्ता की दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र राजापुर माफी में खंड शिक्षा अधिकारी सुधा कुमारी वर्मा की अध्यक्षता संचालित है।जिसमें बछरावां से ऋचा गोस्वामी एवं शाजिया परवीन सुगमकर्त्ता के रूप में विकास क्षेत्र के 31 विद्यालयों एवं कस्तूरबा विद्यालय के मीना मंच सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षित कर रही हैं।प्रथम दिवस परिचय रजिस्ट्रेशन सामग्री वितरण और आधा फुल कॉमिक बुक के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रगति के पंख,मीना मंच को जागरूक करने और सशक्त बनाने हेतु सभी बालिकाओं का विद्यालय में शत प्रतिशत ठहराव उपस्थिति एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। बीईओ ने कहा मीना मंच का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में बालिकाओं को आगे बढ़ने एवं आत्मविश्वास नेतृत्व क्षमता बढ़ाना जीवन कौशल का विकास एवं सामाजिक मसलों पर स्वयं के विचार रखने का अवसर प्रदान करना है।सेवानिवृत्त मो इस्माईल खान ने ऋचा गोस्वामी एवं शज़िया परवीन सुगमकर्ताओं को बुकें भेंट कर सम्मानित किया।प्रतिभागियों ने चार्ट और पोस्टर के माध्यम से मीना के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

# क्रॉफ्ट बाजार में निफ्ट के विद्यार्थी दिखाएंगे स्केचिंग प्रतिभा

- दो दिन लगेगा हस्तशिल्प-हथकरघा का मेला



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) में दो दिवसीय क्राफ्ट बाजार का आयोजन 5 और 6 फरवरी को होगा जिसमें उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड से आने वाले 40 से अधिक हस्तशिल्प और हथकरघा के कारीगरों व कलाकारों का मेला लगेगा। यह दो दिवसीय आयोजन कला, संस्कृति और शिल्प के समृद्ध संगम को दर्शाएगा, जिसमें शिल्पकारों और डिजाइनरों के साथ निफ्ट के विद्यार्थी भी प्रतिभाग करेंगे। आम जनता के लिए क्राफ्ट बाजार खुलेगा जिससे आम लोग भी कलाओं से परिचित हो सकेंगे। दो दिवसीय क्रॉफ्ट बाजार की साज-सज्जा की तैयारी तेज है। निफ्ट के विद्यार्थी दीवारों को पेंट कर आकर्षक बना रहे हैं। आयोजन में हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों के साथ निफ्ट की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके लिए निफ्ट के विद्यार्थी तैयारियों में जुटे हैं। विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम भी क्रॉफ्ट बाजार को आकर्षक बनाएंगे। दोनों दिन क्राफ्ट बाजार आम जनता के लिए खोला जाएगा ताकि लोग हथकरघा और हस्तशिल्प के उत्पादों को देख सकें। उन्हें खरीदकर अपने घर की सजावट कर सकें।

## अधिवक्ता संघ भवन में विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** ज्ञान, बुद्धि और कला की देवी मां सरस्वती की पूजा मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन, उतरौला में विधि-विधान से की गई। इस अवसर पर अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वंदना, हवन और आरती कर आशीर्वाद की कामना की। मां सरस्वती की प्रतिमा को सुंदर पुष्पों और वस्त्रों से सजाया गया। पूजन कार्यक्रम में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। अधिवक्ताओं ने मां सरस्वती से बुद्धि, ज्ञान और न्यायप्रियता बनाए रखने की प्रार्थना की। इस धार्मिक आयोजन में सिविल जज (जूडि.) योगेश चौधरी,अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रह्लाद यादव, महामंत्री अमित श्रीवास्तव, अजीत सिंह, अखिलेश सिंह, रघुवंश सिंह, मारुति नंदन, रमेश गुप्ता, डी. एन. सिंह, स्वतंत्र मौर्य, सुधीर श्रीवास्तव, और शंभू लाल गुप्ता सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि मां सरस्वती न्याय और ज्ञान की देवी हैं, और उनके आशीर्वाद से वे अपनी न्यायिक जिम्मेदारियों को निष्पक्षता और ईमानदारी से निभा पाते हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि हर वर्ष इसी प्रकार मां सरस्वती की पूजा का आयोजन किया जाएगा, जिससे सभी को ज्ञान, बौद्धिक क्षमता और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती रहे। अधिवक्ता संघ भवन में हुए इस धार्मिक आयोजन ने संस्कार, श्रद्धा और न्याय के प्रति समर्पण का संदेश दिया। पूजन कार्यक्रम के दौरान भक्ति, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का माहौल बना रहा, जिससे अधिवक्ताओं ने अपनी न्यायिक सेवा में और अधिक निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत



**बछरावां, रायबरेली।** रेलवे ट्रैक को पार करते समय एक महिला ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना मंगलवार सुबह 7:00 के आसपास की बताई गई है। जब थाना क्षेत्र बछरावां के ग्राम कन्नावा गांव के निकट लखनऊ रायबरेली रेल खंड पर रेलवे ट्रैक को पार करते समय महिला रेनू पत्नी रामचंद्र उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम कन्नावा जो रेलवे ट्रैक को पार कर रही थी। जानकारी प्राप्त हुई है कि महिला सुबह घर से शौच के लिए निकली थी, तभी रेलवे के एक ट्रैक को पार करते समय दूसरे ट्रैक पर अचानक ट्रेन आ गई जिसकी चपेट में महिला आ गई, और उसकी दर्दनाक मौत हो गई। महिला का शव क्षत विक्षत अवस्था में कई टुकड़ों में तब्दील हो गया। घटना की जानकारी होते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए, महिला की पहचान करना मुश्किल हो रहा था। परंतु महिला के कपड़ों के द्वारा उनके परिजनों ने पहचान की है। सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस बाबत इंचार्ज थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आईएसआई प्रमाणित हेलमेट की बिक्री व प्रयोग किया जाए सुनिश्चितः सीडीओ

- स्कूल वाहन/बसों पर लिखा हो ड्राइवर का नाम एवं मोबाइल नंबरः सीडीओ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन में सीडीओ श्री हिमांशु गुप्त की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान सीडीओ ने रोड सेफ्टी के अंतर्गत तीव्र मोड़ आदि पर साइनेज बोर्ड लगाए जाने, ड्राइविंग के दृष्टिगत रोड की बेहतर इंजीनियरिंग का निर्देश दिया। उन्होंने तुलसीपुर रोड पर टोल प्लाजा पर एम्बुलेंस, स्पीड मीटर, रिसीवर क्रेन आदि की व्यवस्था आदि निर्देश दिया कि टोल प्लाजा पर यह सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किया जाए। सड़क जागरूकता हेतु प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सहयोग से रोड सेफ्टी कॉर्नर बनाए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आईएसआई प्रमाणित हेलमेट की ही बिक्री हो तथा आईएसआई प्रमाणित हेलमेट का ही प्रयोग दो पहिया वाहन चालक करें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ओवरलोडिंग एवं ओवर स्पीड पर अभियान चलाकर प्रवर्तन आदि की कार्यवाही की जाए। परिषदीय विद्यालयों, इंटर कॉलेज में यातायात नियमों के जागरूकता कार्यक्रम, प्रतियोगिता कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों के बसों पर ड्राइवर का नाम एवं मोबाइल नंबर अंकित यह सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता गोष्ठी एवं हस्ताक्षर अभियान का आयोजन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने की।

सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने गोष्ठी में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, कैंसर शब्द अपने आप में इतना भयावह है कि इसे सुनते ही व्यक्ति की रूह कांप जाती है। उन्होंने बताया कि कैंसर के मरीजों की मानसिक स्थिति का बयान करना नामुमकिन है, लेकिन इस बीमारी का सही समय पर उपचार संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कैंसर को शुरुआती अवस्था में पहचान लिया जाए, तो इसके उपचार से हम कैंसर के खिलाफ जंग जीत सकते हैं। डॉ. रस्तोगी ने कहा कि हमें कैंसर के बारे में जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि लोग इस बीमारी के प्रति सजग हो सकें और समय पर निदान ले सकें। उन्होंने कहा कि जीवनशैली में बदलाव जैसे सेहतमंद आहार, शारीरिक व्यायाम, एल्कोहल और तंबाकू का सेवन न करना कैंसर से बचाव के कारगर उपाय हैं। इसके साथ ही, उन्होंने रोग की रोकथाम, जल्दी निदान और उपचार के महत्व को भी बताया। सीएमओ ने आगे बताया कि विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है ताकि लोगों को इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने बताया कि कैंसर तब होता है जब हमारे शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में गांठ या ट्यूमर बन जाता है। यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है। सीएमओ ने जोर देकर कहा कि रोग की रोकथाम, जल्दी निदान, उपचार और पैलिएटिव केयर से जुड़ी सेवाओं को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज में शामिल किया जाना चाहिए ताकि कैंसर के उपचार में पहुंच आसानी से हो सके। इस अवसर पर डीपीएम शिवेंद्र मणि त्रिपाठी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, नासिर खान सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे। एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने और इसके उपचार के लिए समर्थन व्यक्त किया। विश्व कैंसर दिवस के इस आयोजन ने लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक किया, इसके प्रारंभिक लक्षणों और उपचार के महत्व पर जोर दिया। साथ ही, यह भी बताया गया कि स्वस्थ जीवनशैली से न सिर्फ कैंसर से बचाव होता है, बल्कि यह जीवन की गुणवत्ता को भी बेहतर बनाता है।

# विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर होगा आयोजित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश बलरामपुर ने बताया कि जनपद बलरामपुर के तीनों तहसीलों के विभिन्न स्थानों पर माह फरवरी, 2025 में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। तहसील सदर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता का आयोजन दिनांक 6 फरवरी को अपराह्न 1:00 बजे मेमोरियल अस्पताल, 14 फरवरी एमआईके जिला महिला चिकित्सालय अपराह्न 1:00 बजे, 18 फरवरी को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय नगर क्षेत्र, बलरामपुर में अपराह्न 3:00 बजे, 25 फरवरी को अपराह्न 3:00 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय देहात क्षेत्र, वहीं तुलसीपुर विकास खण्ड में 6 फरवरी, तुलसीपुर तहसील सभागार में दिनांक 14 फरवरी, 19 फरवरी को तहसील सभागार तुलसीपुर में व 25 फरवरी को सभागार विकास खण्ड तुलसीपुर में अपराह्न 2:00 बजे आयोजन किया जायेगा। तहसील उतरौला सभागार कक्ष में दिनांक 7 फरवरी, तहसील सभागार उतरौला में 14 फरवरी, ब्लाक गैण्डास बुजुर्ग उतरौला में 21 फरवरी, ब्लाक श्रीदत्तगंज में 28 फरवरी को अपराह्न 2:00 बजे आयोजित किये जायेगें तथा दिनांक 14 एवं 28 फरवरी को एडीआर केन्द्र, बलरामपुर में दोपहर 12:00 बजे आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्धारित तिथियों एवं समय अवधि में समस्त सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण शासन की योजनाओं सहित प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगें।

## रेवड़ी बांटने की परंपरा पर लगे रोक

कांग्रेस, आम आदमी पार्टी पर मुफ्त की रेवड़ी बांटने का आरोप लगाने वाली भाजपा को भी उसी रास्ते पर चलना अब रास आने लगी है, जिसका वह अभी तक विरोध करती रही। दिल्ली विधान सभा की सत्ता हथियाने के लिए भाजपा ने भी प्रचार अभियान के दौरान अपने संकल्प पत्र से एक से बढ़कर एक मुफ्तवाली लॉलीपॉप दिल्ली वासियों को दिखाएं हैं, जो दर्शाती है कि भाजपा उनसे हटकर कोई अलग पार्टी नहीं है। दिल्ली विधान सभा चुनाव प्रचार में प्रमुख पार्टियों में इसके लिए मानो होड़ सी लगी रही। मतदान आज है और किस पार्टी की मुफ्त की रेवड़ी मतदाताओं को ज्यादा जायकेदार लगती है उसका स्वाद 8 फरवरी को पता चल जाएगा। भाजपा ने अपने पहले संकल्प पत्र में महिलाओं को 2500 प्रतिमाह और सभी बुजुर्गों को सस्ता और बेहतर इलाज, गैस सिलेंडर पर सब्सिडी समेत कई अन्य लोक लुभावन घोषणाएं कर चुकी है। अपने दूसरे संकल्प पत्र भाजपा ने ऑटो टैक्सी चालकों, घरेलू कामगारों और युवाओं के लिए विशेष तौर पर मदद करने की भी घोषणाएं की है। पार्टी ने यूपीएससी और राज्य सिविल सेवा परीक्षाओं के लिए पंद्रह हजार की एकमुश्त वित्तीय सहायता देने का वादा किया है। यही नहीं अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए डॉक्टर अंबेडकर वजीफा योजना के अंतर्गत एक हजार रूपये प्रतिमाह दिए जाते की घोषणा की है। जबकि दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी महिला सम्मान योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,100/ रुपए देने का वादा पहले ही कर चुकी है। बुजुर्गों के लिए संजीवनी स्वास्थ्य सेवाओं के तहत मुफ्त इलाज और ऑटो चालकों के लिए 10 लाख रुपए तक का बीमा दिए जाने की घोषणा की है, जबकि 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली आम आदमी पार्टी पहले से ही दे रही है। वहीं कांग्रेस ने दोनों प्रमुख पार्टियों से 2 कदम और आगे निकल गई है। पार्टी ने प्यारी दीदी योजना के तहत महिलाओं को 2,500/ प्रति माह देने का वादा किया है। दिल्ली वासियों का वह 25 लाख तक मुफ्त इलाज कराएगी और 300 यूनिट बिजली मुफ्त देगी। वैसे भारत की राजनीति में मुफ्त की चीज बांटने की प्रवृत्ति कोई नई नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इसका चलन बढ़ता गया है और अब यह प्रवृत्ति अस्थाई तौर पर स्थापित हो गई है। राजनीतिक दल सार्वजनिक कल्याण करने की अपेक्षा व्यक्तिगत लाभ लेने की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं, जो देश और देश की अवाम के लिए गंभीर हो सकते हैं। मुफ्त की ऐसी लोकलुभावन स्कीमों से राज्य द्वारा किए जाने वाले सामाजिक, आर्थिक कार्यों में अवरोध पैदा होंगे। सड़के, अस्पताल, सार्वजनिक कल्याण के कार्य के लिए धन कहां से आएगा। इस विषय पर कोई राजनीतिक दल गंभीरता से विचार नहीं कर रहा है। अगर मुफ्त की रेवड़ी बांटने की परम्परा चुनावी मॉडल में तब्दील हो गई तो राजनीतिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के लिए धक्का होगी और आर्थिक व्यवस्था बेपटरी हो जाएगी। समय रहते इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव आयोग, बुद्धजीवियों और सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा।


# नर्मदा संरक्षण के लिए जरूरी नहीं है, भक्त होना

**राजेन्द्र जोशी**

दुनियाभर में हमारा देश अकेला है जहां नदियों की भक्ति को अहमियत दी जाती है। 4 फरवरी को नर्मदा जयन्ती है जिसमें हम हर साल की तरह फिर नर्मदा को भक्तिभाव से याद करेंगे, लेकिन क्या इस कर्मकांड में नदी की अविरलता, साफ-सफाई पर भी गौर किया जाएगा? नर्मदे हर, हर हर नर्मदे। नर्मदा का जयघोष नदी किनारों पर लगातार सुनाई देता है। सरकार के नुमाईंदे, राजनीतिक दलों से जुड़े लोग, गैर-सरकारी सामाजिक संगठन और विभिन्न समाजजन समय-समय पर नर्मदा संरक्षण की बात करते हैं।

सरकार योजना बनाती है, राशि भी खर्च करती है, लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात। कोई इस बात का खुलासा नहीं करता कि सदियों पुरानी नदी का संरक्षण क्यों जरूरी है, ऐसे कौन से कारण बन गये जिसके चलते नर्मदा नदी का संरक्षण जरूरी है। हर साल की तरह इस बार भी नर्मदा जयंती मनाई जाने वाली है, नर्मदा नदी के उदगम अमरकंटक से समुद्र संगम स्थल भरूच तक के दोनों किनारों के विभिन्न नगरों व ग्रामों में धार्मिक आयोजनों, भंडारों की धूम रहेगी। इन आयोजनों में जहां ग्रामवासी, साधु-सन्यासी स्वेच्छा से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं तो सफेदपोश और बजरी चोर चांदी के सिक्कों की खनक से समाजसेवी और धर्मालु होने का प्रपंच पोस्टर बैनरों के माध्यम से करते दिखाई देते हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक नर्मदा विश्व की अकेली ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है। समाज के हर तबके का व्यक्ति अपनी श्रद्धा, आस्था और आर्थिक-सामाजिक व्यवस्था को देखकर नर्मदा परिक्रमा करना चाहता है। कोई वाहनों से, कोई दो-पहिया वाहन से, कोई सायकल से, लेकिन सर्वोत्तम परिक्रमा पैदल ही मानी जाती है। इस यात्रा का अपना अलग ही अनुभव होता है। इसे वही महसूस करता है जो इसे करता है।

नर्मदा के दोनों तटों पर मंदिरों, मठों, स्मारकों की लम्बी श्रंखला मौजूद है, जिसका अपना इतिहास और महत्व है। कुछ सालों से एक बात सभी ओर से सुनाई देती है- नर्मदा का संरक्षण करना है। ऐसा क्या हुआ जो आदिकाल से अपने पूर्ण अस्तित्व के साथ सभी को धन-धान्य देने वाली नदी को संरक्षण की आवश्यकता पड़ने लगी? प्रकृति प्रदत्त नदी के लिये संरक्षण आवश्यक नहीं है, वह तो अपना 1312 किमी का बहाव सदियों से अनवरत कर रही है। आज विचारणीय है कि हमने विकास के नाम पर नर्मदा को जितनी क्षति पंहुचाई, विकास के नाम पर नर्मदा नदी के साथ हमने जो-जो किया, श्रद्धा और आस्था के नाम पर हम जो कर रहे हैं, पर्यटन को लेकर नित नई योजना बना रहे हैं और बात कर रहे हैं, नर्मदा के संरक्षण की? नर्मदा के जल का अधिकतम दोहन हो सके इसलिये नदी पर बांधों की विशाल श्रंखलाएं बन चुकी हैं, नहरों और लिफ्ट सिंचाई योजनाओं से कृषि को अधिक सिंचित और गांव-गांव पेयजल पहुंचाने के दावे किये जा रहे हैं, जो कि कुछ हद तक सही हैं, तो कुछ नहरों का अस्तित्व बिना पानी के ही समाप्त हो गया है।



**नर्मदा के दोनों तटों पर मंदिरों, मठों, स्मारकों की लम्बी श्रंखला मौजूद है, जिसका अपना इतिहास और महत्व है। कुछ सालों से एक बात सभी ओर से सुनाई देती है- नर्मदा का संरक्षण करना है। ऐसा क्या हुआ जो आदिकाल से अपने पूर्ण अस्तित्व के साथ सभी को धन-धान्य देने वाली नदी को संरक्षण की आवश्यकता पड़ने लगी? प्रकृति प्रदत्त नदी के लिये संरक्षण आवश्यक नहीं है, वह तो अपना 1312 किमी का बहाव सदियों से अनवरत कर रही है। हमने विकास के नाम पर नर्मदा को जितनी क्षति पंहुचाई, विकास के नाम पर नर्मदा नदी के साथ हमने जो-जो किया, श्रद्धा और आस्था के नाम पर हम जो कर रहे हैं, पर्यटन को लेकर नित नई योजना बना रहे हैं और बात कर रहे हैं, नर्मदा के संरक्षण की?**

वहीं बांधों के बनने से पानी थमने के कारण नर्मदा का प्रवाह थम गया है, मात्र मानसून के मौसम में बहता पानी नजर आता है, पानी रुकने से कई स्थानों पर नर्मदा का जल आचमन लायक भी नहीं रहता और बैक-वाटर से अन्य गंदगी भी नदी में मिल जाती है। धार्मिक श्रद्धा और आस्था के कारण नर्मदा नदी में विसर्जित की जाने वाली घरों, मंदिरों की पूजा सामग्री से पुण्य लाभ तो नहीं मिलता, उलटे जल-प्रदूषण होता है। साथ ही विभिन्न धार्मिक अवसरों पर नदी किनारे होने वाले आयोजनों से भी नदी में प्रदूषण बढ़ रहा है। नदी को हम धर्म के नाम पर प्रदूषित कर रहे हैं। नर्मदा को नर्मदा न रहने देगा यह पर्यटन-धार जिले के शमेघनाथ घाटश् से गुजरात के स्टेच्यू ऑफ यूनिटी (सरदार सरोवर बांध स्थल) तक क्रूज संचालन की चर्चा जोरों पर है। मध्यप्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा यह गतिविधि पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की जा रही है। विभाग की योजना के अनुसार 3 दिनों की इस यात्रा के दौरान पर्यटकों को जलक्रीड़ा तथा अन्य गतिविधियों से आकर्षित किया जाएगा।

170 किमी लंबे जलाशय के रास्ते में पड़ने वाले टापुओं पर भी रुकवाया जाएगा, ताकि बड़ी राशि खर्च करने वालों के मनोरंजन में कोई कमी न रहे। पैसा खर्च करने वाले पर्यटकों को राजसी प्राकृतिक वैभव का अहसास करवाया जा सके। नर्मदा का अर्थ केवल पानी नहीं है। किसी भी नदी में रहने वाले सारे जीव और जलीय वनस्पतियां सामूहिक रुप से नदी होते हैं जो उसे एक जीवित पारिस्थितिक तंत्र बनाते हैं। मध्यप्रदेश विधानसभा भी मई 2017 में ध्वनिमत से पारित एक संकल्प में नर्मदा को कानूनी जीवित इकाई मान चुकी है। क्रूज संचालन से नर्मदा में पलने वाले कई जीव और वनस्पतियां विलुप्ति की कगार पर पहुंच जाएगी।

जीव-जंतुओं और वनस्पियों का खात्मा एक तरह से नर्मदा के अंग-भंग के समान होगा और खण्डित मूर्तियों की पूजा करने की हमारे यहां परंपरा नहीं है। एक सवाल यह भी है कि पर्यटन यात्री मल-मूत्र विसर्जन भी क्रूज में ही करेंगे? तब आस्था और श्रद्धा का क्या होगा? हिंदू धर्म में नदियों, पहाड़ों से लेकर पेड़ों तक को पवित्र माना जाता है। नर्मदा की मान्यता ऐसी तारणहार देवी के रूप में हैं जिसके दर्शन मात्र से व्यक्ति पापमुक्त होकर आसानी से भवसागर पार कर सकता है। नर्मदा पुराण में भी कहा गया है-गंगा कनखले पुण्या कुरूक्षेत्रे सरस्वती, ग्रामे वा यदि वारण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा। अर्थात् गंगा कनखल (हरिद्वार) में, सरस्वती कुरूक्षेत्र में विशेष रूप से पुण्य स्वरूपा होती हैं, परंतु नर्मदा ग्राम में, वन में कहीं भी प्रवाहित हों, वे सर्वत्र पुण्य स्वरूपा हैं। नर्मदा के अस्तित्व पर चुनौतियां कम नहीं हैं। गांवों और शहरों की सीवेज के साथ हानिकारक रसायनों का मिलना इसके उद्गम से संगम तक लगातार जारी है। सीवेज रोकने के कार्यक्रमों की घोषणाएं जुमले सिद्ध हो चुकी हैं। अमरकंटक से लेकर भरूच तक नर्मदा नदी के किनारे के कई ग्रामों, शहरों व कस्बों पर अवैध रेत खनन से जो खाइयां व गड्ढे बन गये हैं वे अरबों रुपयों के बजट से भी नहीं भर पायेंगे। ग्राम पंचायतों को दिये खनन के अधिकारों को ठेंगा दिखाते बजरी माफिआओं के लिये कानून के हाथ लंबे नहीं हैं।

## विचार

# जागरूकता से ही होगा कैंसर पर नियंत्रण

**रमेश सर्राफ धमोरा**

कैंसर बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है । इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं।

कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस की स्थापना 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन की गई थी। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। कैंसर ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है।



कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

**कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरुआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है। कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस की स्थापना 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन की गई थी। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। कैंसर ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है।**

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के मुताबिक देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे। दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोगों की समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मौत हो जाती है। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने की आशंका है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं। अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है।

## रोबोट हमारे परिवार का हिस्सा बन सकते हैं?

**डॉ. आर. बी. चौधरी**

विज्ञान की निरंतर प्रगति और अकल्पनीय अनुसंधान से समूचा विश्व तेजी से बदल रहा है। आबादी की चुनौतियों के बीच घटती प्रजनन दर और घटती जन्म दर जैसी समस्याएं आधुनिक विज्ञान से टक्कर लेने के लिए तैयार हैं। ऐसी हालत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को एक संभावित समाधान के रूप में देखा जा रहा है। अब सवाल खड़ा होने लगा है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा बन सकता है? स्वीडन के उमेओ विश्वविद्यालय के शोधकर्ता एआई और किन्शिप नामक परियोजना के माध्यम से इस प्रश्न का समाधान ढूंढ़ने में लगे हैं हैं।

अमेरिका से प्रकाशित होने वाली साइंस दिल्ली नामक पत्रिका में प्रकाशित पेपर में डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने लिखा है कि यह परियोजना इस बात की जांच करने में लगी है कि काल्पनिक कथाओं जैसे विज्ञान कथा कहानियों और फिल्मों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई को किस प्रकार बताया और समझाया गया है, ताकि यह समझा जा सके कि हम एआई को क्या अपने जीवन या परिवार के हिस्से के रूप में ऐसी दुनिया की कल्पना कर सकते हैं, जहां रोबोट परिवार का हिस्सा बन सके। डॉ. बेरिट ऑस्ट्रोम ने यह भी लिखा है कि यह परियोजना सिर्फ रोबोट और एआई के बारे में नहीं कार्य कर रही है, बल्कि परिवार और रिश्तों को कैसे बेहतर ढंग से सजाया, संवारा और चलाया जा सकता है, उसपर भी काम कर रही है। डॉ. ऑस्ट्रोम ने आगे लिखा है कि इसमें कोई दो राय नहीं है जब हमारे घनिष्ठ रिश्ते हमारे समाज का आधार बनते हैं जिसमें देखभाल की जिम्मेदारियों से लेकर जीवन में होने वाली तमाम परिवर्तनकारी निर्णयों तक हर चीज को नियंत्रित करना पड़ता है। उन्होंने आगे लिखा है कि जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में जिसमें स्वास्थ्य सेवा और सामाजिक देखभाल मैं आगे बढ़ रहा है,वैसे-वैसे हम अधिक से अधिक इस पर भरोसा भी कर रहे हैं। यहां तक कि मानव और गैर-मानव(रोबोट) के बीच की सीमाएं तेजी से घटती जा रही हैं। ऐसी स्थिति में जहां यह विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं पर हमारे परिवार से लेकर हमारी कम्युनिटी के बीच जगह बनाती हुई एआई की संभावित भूमिका के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठने लगे हैं।

एआई और नाते-रिश्ते तक पहुंचने की संभावनाओं पर आधारित इस परियोजना की आधारशिला काल्पनिक कथाओं पर गहन शोध कार्य जारी है। अनुसंधानकर्ताओं ने इस विषय में विशेष चिंता की है कि अगर रोबोट घर का सदस्य बन गया तो क्या हमारे विशेष रुचि का ध्यान रख पाएगा और क्या पारिवारिक संबंधों में एआई की क्षमता विद्यमान है।

ऐसी दशा में इसमें दो राय नहीं कि जैसे-जैसे जनसंख्या वृद्धि हो रही है, देखभाल करने वालों से लेकर हर परिवार में सभी के सहयोग-सहायता देने वाली सुविधाओं की आवश्यकता बढ़ती जाती है। इस मामले में एआई-संचालित रोबोट और वर्चुअल असिस्टेंट संभवतः इस अंतर को भर सकते हैं तथा मैत्रीपूर्ण व्यवहार, भावनात्मक अनुभव और व्यावहारिक देखभाल प्रदान कर सकते हैं। हालाँकि, इससे परिवार और रिश्तेदारी की प्रकृति के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए जा रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि क्या रोबोट सचमुच हमारे परिवार का हिस्सा हो सकता है या यह हमारे रिश्तों को सहारा देने वाला एक उपकरण मात्र बंद कर रह जाएगा? जैसे-जैसे एआई हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हिस्सा होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में यह विचार करना आवश्यक है कि हम इन प्रौद्योगिकियों से कैसे और क्यों जुड़ना चाहते हैं। क्या रोबोट रूपी मां या रोबोट रूपी भाई-बहन या बच्चा हो तैयार किया जा सकता है? क्या, इस तरह की दुनिया जल्दी ही आने वाली है ? एआई या रोबोट के द्वारा तैयार पारिवारिक रिस्ते परियोजना हमें इन सवालों का पता लगाने और एक ऐसे दुनिया की कल्पना साकार हो सकती है, जहां एआई हमारे परिवारों का हिस्सा बन सकता है। कुल मिलकर, इस परियोजना का लक्ष्य यह है कि वैज्ञानिक इस प्रकार के अनुसंधान कार्यों को अभी बढ़ाने से पहले इसके परिणाम पर गंभीरता से सोच विचार कर लें कि हम अपने समाज में एआई या रोबोट परिवार चाहते हैं या नहीं। वैज्ञानिकों ने माना है कि शुरुआती तौर पर काल्पनिक कथाओं को आधार मानकर एआई की कल्पना की जाती है। फिर इस पर अनुसंधान किया जाता है।



## राशिफल

**मेषः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**बृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ मिलेगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। समस्याओं के समाधान से उत्साह में वृद्धि होगी।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** अच्छे कायरें से परिजनो के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही न करें।

**कन्याः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीनभाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंतायें मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। कल्पनाओं में जीना छोड़े।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनो के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**मकरः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**कुंभः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया आपनायें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# चिंताजनक है बच्चों के साथ समय न बिताना

**प्रियंका सौरभ**

बच्चों के साथ पर्याप्त समय न बिताना और उनकी बातों को अनदेखा करना उन्हें बहुत तनाव में डाल सकता है। उन पर चिल्लाना या बात करने से पहले उन्हें दोष देना उनके तनाव को बढ़ाता है और उन्हें अपने प्रियजनों से नाराज़ भी कर सकता है। उनके अच्छे और बुरे दोनों गुणों को अनदेखा करने से अवसाद की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। साथ ही, उन्हें दूसरे बच्चों के साथ घूमने न देना या खराब ग्रेड के लिए शिक्षकों द्वारा आलोचना किए जाने से वे भारी निराशा में डूब सकते हैं। दुख की बात है कि कुछ बच्चे इन दबावों के कारण आत्महत्या करने के बारे में भी सोचते हैं। यह बात बच्चों के साथ हमारी चर्चाओं के दौरान सामने आई, जिन्होंने अपने माता-पिता से जुड़ी कई समस्याओं को साझा किया।

हमने उनके परिवारों से भी बात की और पाया कि इनमें से कई बच्चे एकल-अभिभावक वाले घरों से आते हैं। बड़े परिवारों से ज़्यादा बच्चे नहीं थे लेकिन जो थे, उनका आपस में संवाद बेहतर था, खासकर दादा-दादी के साथ। माता-पिता अक्सर अपने बच्चों से सही व्यवहार की उम्मीद करते हैं, जिससे दबाव और भी बढ़ जाता है। जबकि बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम को सीमित करना अच्छा है, माता-पिता को अपने फोन के इस्तेमाल को नियंत्रित करने और अपने बच्चों के लिए भी समय निकालने की ज़रूरत है। यह परीक्षा अवधि के दौरान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हमारी चर्चा के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता से जुड़े कई मुद्दों का उल्लेख किया। किसी बच्चे को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज़्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नज़रअंदाज़ किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं।

वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ़ ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं, भले ही वह नकारात्मक ही क्यों न हो। बच्चों को पर्याप्त ध्यान न देना उनके मस्तिष्क के विकास और स्कूल में उनके प्रदर्शन को भी नुकसान पहुँचा सकता है, क्योंकि वे सीखने के लिए प्रेरित या प्रोत्साहित महसूस नहीं कर सकते हैं। जब बच्चों को बातचीत करने का मौका नहीं मिलता है, तो यह उनके भाषा कौशल और समग्र सोचने की क्षमताओं को धीमा कर सकता है क्योंकि वे महत्वपूर्ण सीखने के क्षणों से चूक जाते हैं। वे असुरक्षित लगाव शैलियों के साथ समाप्त हो सकते हैं, जो वयस्कों के रूप में उनके भविष्य के रिश्तों और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित कर सकता है। यह सब भावनात्मक उपेक्षा बाद में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना को बढ़ा सकती है। इसलिए, संक्षेप में, एक बच्चे की अनदेखी करने से बहुत सारी नकारात्मक भावनाएं, सामाजिक संघर्ष, व्यवहार संबंधी समस्याएं और सीखने की समस्याएं हो सकती हैं। देखभाल करने वालों के लिए बच्चों पर ध्यान देना, उन्हें स्वस्थ रूप से बड़ा होने के लिए आवश्यक समर्थन और संचार देना बहुत महत्वपूर्ण है। बात करना बहुत ज़रूरी है, साथ ही ज़रूरत पड़ने पर दयालु होना भी ज़रूरी है! जितना हो सके अपने बच्चे को अपने काम में शामिल करने की कोशिश करें। उन पर ध्यान दें और उनकी पसंदीदा गतिविधियों में शामिल हों, इससे आप दोनों के बीच नज़दीकियाँ बढ़ेंगी। बच्चे स्वाभाविक रूप से अपने माता-पिता का ध्यान और स्वीकृति चाहते हैं, इसलिए समझदार माता-पिता इसका इस्तेमाल अपने बच्चों को अलग-अलग तरीकों से सहयोग करने के लिए करते हैं। अनुशासन का मतलब है सिखाना और सीखना। अपने बच्चों को यह समझने में मदद करने के लिए कि उन्हें क्या जानना चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर उनके व्यवहार को सुधारने के लिए, आपको उनसे इस तरह बात करनी होगी कि वे आपका सम्मान करें और समझें। इस महत्वपूर्ण पेरेंटिंग कौशल पर कुछ बेहतरीन सुझावों के लिए, एडेल फ़ार्बर की किताब हाउ टू टॉक सो किड्स विल लिसन एंड हाउ टू लिसन सो किड्स विल टॉक÷ देखें। और याद रखें, किसी भी तरह की सज़ा जैसे मारना, शर्मिंदा करना, अलग-थलग करना, चिल्लाना या डांटना बिलकुल भी नहीं है।

**किसी बच्चे को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ करना लंबे समय में उसके भावनात्मक, सामाजिक और सोचने के कौशल को प्रभावित कर सकता है। बच्चों को लग सकता है कि वे ज़्यादा मूल्यवान नहीं हैं या कोई उनसे प्यार नहीं करता, जिससे उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुँच सकती है। नज़रअंदाज़ किए जाने से वे बेचैन और दुखी भी हो सकते हैं और कुछ मामलों में, यह गंभीर अवसाद का कारण भी बन सकता है। वे या तो खुद पर या उनकी देखभाल करने वाले लोगों पर गुस्सा हो सकते हैं और यह गुस्सा उनके गुस्से या आक्रामकता के रूप में सामने आ सकता है। बच्चों को अच्छी दोस्ती बनाने में मुश्किल हो सकती है क्योंकि वे संवाद करना या दूसरों के साथ घुलना-मिलना नहीं सीखते हैं। वे सामाजिक स्थितियों से दूर रहना शुरू कर सकते हैं, जिससे उन्हें और भी अकेलापन महसूस हो सकता है। कभी-कभी, वे सिर्फ ध्यान आकर्षित करने के लिए कुछ कर सकते हैं।**


**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# आर्थिक तंगी से जूझ रहे दो युवकों ने लगायी फांसी

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना मसौली एव सफदरगंज मे आर्थिक तंगी एव बीमारी से परेशान दो युवकों ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के मोहल्ला मँझपटिया निवासी 30 वर्षीय उदयराज वर्मा पुत्र दयाराम वर्मा वर्तमान समय मे आर्थिक तंगी के कारण परेशान था।

मृतक उदयराज की पत्नी शांतिदेवी तीन दिन पूर्व अपने पिता की तेहरी संस्कार मे अपने मायके ग्राम पड़री गयी थी तथा मृतक अपने 5 वर्षीय पुत्र के साथ घर पर था।

रात्रि मे पुत्र को नीचे सुलाकर उदयराज अपने दो मंजिला मकान के कमरे मे साडी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक ने गाय पाल रखी थी जिसका दूध बेचकर घर का खर्च चलाता था सुबह मोहल्ले के बच्चे जब दूध लेने गये तो देखा दो मंजिला मकान के कमरे मे उदयराज का शव लटक रहा है बच्चो के शोर मचाने पर आये ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी घटना सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मजरे अम्बौर में एक 34 वर्षीय युवक ने गांव के बाहर लगे आम के पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली मृतक बीमारी से परेशान बताया जा रहा हैं। रसूलपुर मजरे अम्बौर निवासी विष्णु कुमार विश्वकर्मा पुत्र राम प्रकाश विश्वकर्मा ने बीती रात्रि गांव के बाहर जैसीराम के खेत मे लगे आम के पेड़ से फांसी लगाकर जान दी। मृतक के एक 11 वर्षीय पुत्री निधि व 8 वर्षीय वंशिका है सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक विष्णु विश्वकर्मा फाइल फोटो | मृतक उदयराज वर्मा फाइल फोटो

> मृतक की एक 11 वर्षीय पुत्री निधि व 8 वर्षीय वंशिका है सूचना पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## फार्म की रखवाली करने वाले युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ कोतवाली अंतर्गत बरांवा गांव स्थित मुर्गी फार्म की रखवाली करने वाले 24 वर्षीय युवक की मंगलवार की सुबह आकस्मिक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी कल्लू रावत गाँव के ही विपिन कुमार सिंह के गाँव के बाहर मुर्गी फार्म की रखवाली करता था। मृतक दिल व सांस का रोगी था और गांव में अकेले ही रहता था। मंगलवार की सुबह यह युवक गांव में पान मसाला लेकर मुर्गी फार्म पर चला गया गया। सुबह लगभग 10 बजे अन्य दिनों की तरह हैदरगढ़ जाने से पहले विपिन फार्म पर पहुंचे तो कल्लू को जमीन पर पड़ा देखा आनन-फानन में उसे सीएचसी हैदरगढ़ लाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# कनीज जहरा की याद में नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित

> शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां और चश्मे किए गए वितरित




**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

समाजसेवी और सपा नेता आदिल काजमी ने अपनी स्वर्गीय माता कनीज जहरा की स्मृति में एक विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। किंतूर गांव में मंगलवार को आयोजित इस शिविर का उद्घाटन उनके पिता नेहाल काजमी ने किया।

लेप्रोसी मिशन बाराबंकी के सहयोग से आयोजित इस शिविर में डॉक्टर सचिन वर्मा और डाक्टर रेहान काजमी, अफशां अंजुम , मुमताज अहमद, तनवीर हुसैन, जाकिर हुसैन सहित अन्य चिकित्सकों की टीम ने सैकड़ों मरीजों की जांच की।

शिविर में मरीजों को निःशुल्क दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। विशेष रूप से, मोतियाबिंद से पीड़ित सात मरीजों के लिए लेप्रोसी मिशन अस्पताल में निःशुल्क ऑपरेशन की व्यवस्था की गई है। इमाम खुमैनी फाउंडेशन ट्रस्ट किंतूर के बैनर तले आयोजित इस शिविर में स्थानीय नेताओं और समाजसेवियों की उपस्थिति रही, जिनमें सपा नेता विनोद कुमार यादव, डॉ. संतोष सिंह, बदोसराय ग्राम प्रधान निसार मेहंदी जुल्फी मियां,फैजी मियां सलमान अंसारी हाजी जुबेर खान , राहिल काजमी, असद काजमी, मोहम्मद गौस मौजूद रहे। यह शिविर इमाम खुमैनी और हाजी वारिस अली शाह की स्मृति को भी समर्पित था।

# ट्रक की टक्कर से बस पलटी, बाल-बाल बचे छात्र

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार की सुबह ग्राम्यांचल इण्टर कालेज के छात्रों को लेकर विद्यालय आ रही बस लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर दुर्घटना का शिकार हो गई। दुर्घटना में बस में सवार सभी 15 छात्र बाल बाल बच गए। सभी को मामूली चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार दुर्घटना हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के पूर्वी बार्डर पर स्थित नरायन चक गांव के समीप जनपद अमेठी क्षेत्र में हुई। अन्य दिनों की तरह विद्यालय की बस इन्हौना कस्बा व उसके समीपवर्ती गांवों के छात्रों को लेकर वापस विद्यालय आ रही थी। बस में 15 छात्र सवार थे।नारायन चक गांव के गेट के सामने बस रोककर चालक इस गांव के आधा दर्जन छात्रों के आने की प्रतीक्षा करने लगा।इसी समय सुल्तानपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बस हाइवे के किनारे खाईं में चली गई। देखते ही देखते बस में कोहराम मच गया। राहगीरों व समीपवर्ती गांवों के ग्रामीणों ने छात्रों को बस से सुरक्षित बाहर निकाला ।सभी छात्र बाल बाल बच गए। बस चालक की सूचना पर हैदरगढ़ व इन्हौना की पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंच गई। मामूली रूप से घायल छात्रों को इन्हौना में प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। ग्राम्यांचल सेवा समिति के प्रमुख सिद्धार्थ अवस्थी,आशुतोष अवस्थी व प्रधानाचार्य प्रेम कुमार गुप्ता ने बताया कि सभी छात्र सुरक्षित हैं। बताया कि खड़ी बस में टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जायेगा।

# डीएम ने दिये सड़क पटरियों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को बस स्टॉप से जेनेस्मा वाया रेलवे स्टेशन रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क पटरियों पर दुकानदारों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को देखकर नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पटरी पर दुकानदारों द्वारा किये गए अवैध अतिक्रमण को तुरन्त हटाया जाय साथ ही दुकानदारों को निर्देशित कर दिया जाए कि यदि दुबारा अतिक्रमण किया गया तो कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि दुकानदार आवंटित स्थान(चबूतरा) पर ही अपनी दुकानें लगाए सड़क की पटरियों को अतिक्रमण से मुक्त रखे। जिससे जाम की समस्या से लोगों को निजात मिल सके। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम नवाबगंज आर जगत साईं, ईओ नगर पालिका नवाबगंज सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने जेनेस्मा डिग्री कालेज का किया निरीक्षण, साफ-सफाई के दिये आदेश

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू मेमोरियल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (जेनेस्मा) का निरीक्षण किया। कॉलेज में छात्रों की उपस्थिति कम होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पठन–पाठन के लिये बनाये टाइमटेबल को देखा। इसके अलावा कॉलेज में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक भवन, लाइब्रेरी, परीक्षा भवन, विज्ञान प्रयोगशाला, सहित संपूर्ण कॉलेज का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी में रखी निष्प्रयोज्य वस्तुओं को हटाने के निर्देश दिए। साथ ही कॉलेज परिसर सहित कक्षा–कक्षों की नियमित साफ–सफाई के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कैंपस में बने अनुसूचित जाति आवासीय छात्रावास का भी निरीक्षण किया। छात्रावास में निर्माणाधीन शौचालय और पेयजल की समस्या को अविलंब दूर करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने छात्रों से बातचीत की और सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान जॉइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम श्री आर जगत साईं, जेनेस्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉ सीताराम सहित सम्बंधित अधिकारी एवं कॉलेज का स्टॉफ उपस्थित रहा।



## स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला आयोजित

**फतेहपुर, बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत बेलहरा के नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया जो स्वच्छ भारत मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत बेलहरा कार्यालय में आयोजित कार्यशाला स्वच्छ सर्वेक्षण की नई टूल किट पर केन्द्रित थी जिसमे सफाई कर्मियो और अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार ने उपस्थित लोगों से स्वच्छता अभियान से जुडी तमाम जानकारियां देते हुए बताया की स्वच्छ भारत मिशन को प्राप्ति की ओर पहुंचाने का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम समापन पर सफाई कर्मचारियो के उत्कृष्टता की सराहना करते हुए सबके उज्वल भविष्य की कामना के साथ उन्हे प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष नगर पंचायत शबाना खातून, अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी,लिपिक चंदन सिंह नेगी, कम्प्यूटर आपरेटर अरूण कुमार श्रीवास्तव, सफाई निरीक्षक संदीप कुमार सहित सभी प्रमुख अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### गुप्त नवरात्रि पर कराया अखंड रामायण का पाठ

**जालौन,उरई।** गुप्त नवरात्रि के छटवे दिन षष्ठी को ग्राम अकोढ़ी दुबे में स्थित हनुमानजी के मंदिर में श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ का आयोजन शुरू किया गया तथा सातवें दिन बुधवार को मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक समिति के सदस्य राम कुमार बाथम ने बताया कि ग्राम अकोढ़ी दुबे में स्थित श्री हनुमान जी के मंदिर में ग्रामवासियों के सहयोग से गुप्त नवरात्रि के छटवे दिन मंगलवार श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ शुरू करा दिया गया। पाठ के समापन के बाद 5 फरवरी दिन बुधवार को देश में अमन चौन व सुख समृद्धि के लिए हवन किया जायेगा। हवन के उपरांत गांव के साथ आसपास के गांवों के लोगों के विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### एलयूसीसी चिटफंड कंपनी पर लगा रुपये लेकर भागने का आरोप

**जालौन,उरई।** निवेश पर रकम दोगुना करने का लालच देने वाली एलयूसीसी चिटफंड कंपनी पर लोगों ने फिर रुपये लेकर भागने का आरोप लगाया है। स्थानीय कार्यालय में ताला लटकने के कारण निवेशक महीनों से परेशान हैं। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर कंपनी में जमा धन वापस दिलाने की मांग की है। ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के पदाधिकारियों में संगठन के तहसील अध्यक्ष ब्रजकिशोर, अशोक, लज्जाराम, हरदयाल शाक्यवार, राजेश कुमार सिंह, रामबरन, संतोष कुमार, प्रभात कुमार, अभिषेक सोनी, पुनीत, गिरीन्द्र, अरविन्द, विवेक, मोहित, गौरव, प्रमोद, योगेशचंद्र आदि ने एसडीएम को ज्ञापन देकर आरोप लगाया कि कि एलयूसीसी कंपनी में उन्होंने अपनी रकम जमा की थी। लेकिन अब कंपनी के स्थानीय कार्यालय में महीनों से ताला लटका हुआ है। जिसके चलते निवेशक परेशान हैं और एजेंटों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने जमाकर्ताओं के हित में पीड़ितों को उनकी निवेश की गई रकम को वापस दिलाने की मांग की है।

### युवक की करंट लगने से मौत

**कोंच, जालौन।** नगर के मुहल्ला आजाद नगर कोंच में अब्दुल सलाम पुत्र नूर खान का मकान बन रहा है। मकान में छपाई का ठेका 27 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र राजकुमार राठौर निवासी गोखले नगर लिए हुए था। मंगलवार की दोपहर करीब 1.30 बजे सुरेंद्र अपने साथी संदीप पुत्र दिनेश निवासी आजाद नगर के साथ घर में छपाई का काम कर रहा था। उस कमरे में रोशनी के लिए बिजली लाइन डालकर रोशनी की गयी थी। काम खत्म हो जाने के बाद सुरेंद्र बिजली लाइन हांथ से पकड़ कर हटा रहा था तभी वह करंट की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस कर अचेत हो गया। उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अविवाहित था। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### युवक को मारपीट कर किया घायल

**कोंच,जालौन।** कोंच कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला मालवीय नगर निवासी फैजान पुत्र गफ्फार ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 3 फरवरी की रात 10.40 बजे वह अपनी दुकान के नजदीक ही अपने जन्मदिन की पार्टी कर रहा था। इसी दौरान तिलक नगर निवासी 3 युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मौके पर आए और शराब पीने के लिए उससे रुपये मांगने लगे। उसने रुपये देने से मना कर दिया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर सड़क पर पटक दिया जिससे उसके सिर और गर्दन में गंभीर चोटें आ गयीं। मारपीट के दौरान युवकों ने उसकी जेब में से 3 हजार रुपये छीन लिए और घटना की पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। घटना को लेकर पीड़ित फैजान ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस द्वारा फैजान को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए सीएचसी भेजा गया है। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ कर उसका शांति भंग में चालान कर दिया है।

### घर में आग लगने से गृहस्थी खाक

**कोंच,जालौन।** ग्राम कन्हरी में घर में आग लगने से गृहस्थी का सामान आदि सामान जलकर राख हो गया नदीगाँव थाना क्षेत्र के ग्राम कन्हरी में उमाकांत पुत्र विद्या प्रसाद का छप्पर युक्त घर है। मंगलवार की सुबह घर के लोग खेत पर गए हुए थे और उमाकांत की पत्नी अकेली घर पर थी। सुबह करीब 8 बजे अचानक बिजली शॉर्ट सर्किट से छप्पर में आग लग गयी। आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने बमुश्किल आग बुझाई। आग से घर में रखा 3 कुंतल गेंहू, कपड़े, घर गृहस्थी का सामान, 25 हजार रुपये के नोट और सोने चांदी के जेवर जलकर खाक हो गए।

## आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में बाराबंकी को मिला चौथा स्थान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने मंगलवार को ई-डिस्ट्रिक्ट कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जन-शिकायत पोर्टल आईजीआरएस के निस्तारण सम्बन्धी जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर धर्मेंद्र उपाध्याय ने जिलाधिकारी को आईजीआरएस सम्बंधी शिकायतों के निस्तारण की जानकारी देते हुए बताया कि जन-शिकायतों के निस्तारण में 127 अंकों के साथ जिले को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इससे पहले जिले की 16 वीं रैंक थी। जिस पर जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जन-शिकायतों के निस्तारण को लेकर आप लोगों द्वारा किये जा रहे प्रयास सफल हो रहे है। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रीन गैंग महिला विंग की समन्वयक नीता वर्मा ने भावी पीढ़ी को हरियाली बढ़ाने का दिया संदेश

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

धरती पर हरियाली बढ़ाने हेतु ग्रीन गैंग से जुड़े पर्यावरण सैनिक लगातार जन-प्रेरणा का उपक्रम करते रहते हैं। पर्यावरण सैनिक नीता वर्मा ने भी अपने 30वें जन्मदिवस पर कुछ ऐसा ही नायाब किया है। ग्रीन गैंग महिला विंग की समन्वयक सिद्धौर ब्लॉक के ग्राम डिघावां निवासी नीता वर्मा ग्रीन गैंग के गठन से ही जुड़कर धरती पर हरियाली बढ़ाने की मुहिम में कार्य कर रही हैं। इनकी संलग्नता व लक्ष्य के लिए समर्पण को देखकर संचालक मंडल की संस्तुति पर इन्हें महिला विंग का समन्वयक नामित किया। ग्रीन गैंग की स्थापना के समय जब संस्थापक श्री प्रदीप सारंग ने सार्वजनिक रूप से अपने बाल हरे रँगवाये तो नीता की प्रेरणा से उपस्थित सभी ने विशेष कर महिलाओं बालिकाओं ने हरे टैटू गालों और हाथों में बनवाये थे। मंगलवार को अपने 30वें जन्मदिवस पर भावी पीढ़ी के दिल दिमाग मे हरियाली की पसन्दगी का वातावरण बनाने के उद्देश्य से नीता वर्मा पोस्टर कलर लेकर पड़ोस के एक स्कूल जाती हैं और छोटे छोटे बच्चों को उपहार देते हुए उनसे ढेर सारी बातें करती हैं और उनके गालों व हथेलियों पर हरे रंग से वृक्ष के टैटू बनाती हैं। बच्चों को हरियाली की महत्ता पर जानकारी देते हुए आसपास पौधे लगाकर बचाने की प्रेरणा भी देती हैं। श्रीमती नीता ने बच्चों से बात करते हुए कहा कि बच्चे ही भावी राष्ट्र निर्माता हैं, जैसी इनकी सोच होगी वैसा ही भविष्य का भारत बनेगा।



30 वें जन्मदिन पर ग्रीन गैंग संस्थापक प्रदीप सारंग, आंखें फाउंडेशन अध्यक्ष सदानंद वर्मा, ग्रीन गैंग अध्यक्ष एड रजत बहादुर वर्मा, संचालक मण्डल सदस्य रमेश चंद्र रावत, संचालक मण्डल सदस्य अब्दुल खालिक, कुलदीप, आकांक्षा वर्मा, काजल वर्मा, रीता वर्मा, प्रीति वर्मा, सरिता देवी, गुलजार बानो, सुलोचना यादव, सहित अनेक पर्यावरण सैनिकों ने शुभकामनाएं दी हैं।


# कार्यालय नगर पंचायत महराजगंज, रायबरेली

पत्रांक-735/न.पं.मह./ई-टे./नगरीय पेयजल/2024-25 दिनांक- 01.02.2025

## अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत महराजगंज जनपद रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत/अपंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को एवं शासन द्वारा प्राप्त शासनादेश संख्या-3/2017/1067/78-2-2017-42आईटी/2017 अनुभाग-2 दिनांक 12.05.2017 के क्रम में यू.पी. इलेक्ट्रानिक्स कारपोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड विडर्स/कान्टैक्टर्स/वेन्डर्स को सूचित किया जाता है, कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से प्रकाशित कार्यों को कराये जाने हेतु ई-निविदा के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा प्रपत्र वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है जिसे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नलिखित सारणी में प्रदर्शित है:-

टेण्डर शेड्यूल (http://e-tender.up.nic.in पर)

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ तिथि एवं समय | अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | 03.02.2025 (10:00 AM) | - |
| 2. | Tender Download | 03.02.2025 (10:00 AM) | 24.02.2025 (5:00 PM) |
| 3. | Bid Submission | 03.02.2025 (10:00 AM) | 24.02.2025 (5:00 PM) |
| 4. | Bid Opening | 25.02.2025 (2:00 PM) | |
| | Bid Opening Place | Office of the nagar Panchayat Maharajganj-Raebareli | |

निविदा मूल्य एवं जमानत धनराशि खाता संख्या 7855000100032601/IFSC CODE PUNB0785500 पंजाब नेशनल बैंक शाखा अतरेहटा महराजगंज रायबरेली में जमा किया जायेगा। उक्त वेबसाइट पर निविदा सम्बन्धी विस्तृत नियम शर्ते व विवरण उपलब्ध है। निविदादाताओं हेतु निविदा संशोधन सूचना www.e-tender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जायेगा पृथक से प्रकाशन नहीं किया जायेगा। ई-निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से भी किसी कार्य दिवस में की जा सकती है।

**राम आशीष**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, महराजगंज**
**जनपद- रायबरेली।**

**सरला साहू**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, महराजगंज**
**जनपद- रायबरेली।**

# विस चुनाव के लिए आप लोग एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करें



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद को ग्राम प्रधान बबलू बाथम ने मंत्री जी को चांदी का मुकुट पहनकर 51 किलो की माला पहनकरस्वागत किया इसी क्रम में छिबरामऊ ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल राहुल पाल अमित पाल मोनू बाथम आदि लोगों ने स्वागत किया।

**▸ डॉ संजय निषाद को ग्राम प्रधान बबलू बाथम ने चांदी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया**

जनसभा का संचालन ग्राम प्रधान बबलू बाथम द्वारा किया गया शहर में पैदल यात्रा के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया उसके बाद ग्राम मनिकापुर ग्राम प्रधान व निषाद पार्टी के जिला संयोजक बबलू बाथम के ग्राम मनिकापुर में एक बहुत बड़ी-निषाद पार्टी की जनसभा की गई जिसमें जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि आने वाला समय 2027 में विधानसभा का चुनाव होने वाला है इसके लिए आप लोगों को एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करो और सरकार में हिस्सेदारी बढ़ेगी किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो मुझे ग्राम प्रधान बबलू बाथमको अवगत कोई भी समस्या होगी मेरे कार्यकर्ताओं के ऊपर अत्याचार बर्दाश्त नहीं की जाएगी निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के द्वारा संवैधानिकअधिकार यात्रा पूरे उत्तर प्रदेश में निकली जा रही है मेरा समाज जागरूक हो जाए और आने वाले समय में एक जुट होकर मतदान करें और उन्होंने कहा कि सपा बसपा ने अपने ही लोगों को बढ़ावा दिया था और किसी भी जाट के लिए काम नहीं किया आज हम आप लोगों के बीच में आया हूं की मेरे लोग संविधान का अधिकार जन की बराबर के हिस्सेदार हैं हिस्सेदारी जब मिलेगी जब अपनी पार्टी निषाद पार्टी को आगे बढ़ने का काम करोगे जब पार्टी बढ़ेगी तो आप लोग भी बढ़ोगे हम लोगों के लिए किसी ने काम नहीं किया हम लोग सब पीछे रह गए इसीलिए आज हम आपके बीच आए हैं आप लोगों को आगे बढ़ाना है।

# ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर किया बेघर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

दहेजलोभी ससुरालियों ने महिला से गाली गलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। दहेज की मांग पूरी न होने पर उसे घर से निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुरसहायगंज के मोहल्ला निवासी विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के आदेश पर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से जनवरी 2024 को फर्रुखाबाद फतेहगढ़ स्थित चूड़ी वाली गली व हाल निवासी थाना कमालगंज ग्राम कतरौली पट्टी निवासी आवेश अहमद से नगदी और दान दहेज के साथ हुई थी। शादी के बाद पति आवेश अहमद, ससुर असगर, सास अनीसा बेगम, ननद खुशबू, सीबा बानो और देवर शाहिल ने दहेज में पांच लाख रूपये व सोने की चेन की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न शुरू कर दिया। पांच माह की गर्भ होने के बाद उसे भूखा प्यासा रखा और देवर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। 06 जुलाई 2024 को ससुरालियों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी देकर घर से निकाल दिया। कोतवाली पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

## बालश्रम अभियान में पकड़े गये बालश्रमिक

**कालपी,जालौन।** श्रम विभाग एवं मानव तस्करी विरोधी थाना प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार मौर्या की संयुक्त टीम ने कालपी बाजार में बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने चार स्थानों में किशोरों को काम करते हुए पकड़ लिया, इसके बाद संयुक्त टीम ने चार दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की। शासन की नीतियों के मुताबिक शासन से किशोरों से काम कराने पर रोक लगी हुई है, जिसके बावजूद कई दुकानदार नाबालिगों से काम करवाते हैं। नाबालिगों से काम कराने के रोक के लिए मानव तस्कर विरोधी थाना प्रभारी पुलिस लाइन उरई में स्थापित किया गया था। जिला प्रशासन के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा, मानव तस्कर विरोधी थाना प्रभारी विवेक कुमार मौर्या, उपनिरीक्षक विश्वनाथ सिंह की संयुक्त टीम ने कालपी बाजार में छापा मारकर अभियान चलाया तथा घूम-घूमकर दुकानों का निरीक्षण किया।

# संवैधानिक अधिकारयात्रा में कैबिनेट मंत्री का हुआ स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आमदल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर संजय निषाद का शहर में पूर्वी बाईपास से लेकर पश्चिमी बाईपास तक जोरदार फूल मालाओं से स्वागत किया गया और संवैधानिक अधिकार यात्रा के रूप में पैदल यात्रा निकाली ग्राम प्रधान बबलू बाथम निषाद पार्टी के जिला संयोजक के नेतृत्व में हजारों की संख्या में झंडा बैनर बाइक फोर व्हीलर गाड़ियों के साथ कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का फूल मालाओं से स्वागत हुआ जिस पर कैबिनेट मंत्री गदगद दिखे ग्राम प्रधान बबलू बाथम निषाद पार्टी के जिला संयोजक के नेतृत्व में पूर्वी बाईपास से लेकर जगह-जगह शहर के अंदर कैबिनेट मंत्री का बैंड बाजों के साथ स्वागत किया हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष दिखे गुरसहायगंज से लेकर छिबरामऊ तक बाइक से मंत्री जी बबलू बाथम प्रधान के साथ रोड शो किया इसी क्रम में छिबरामऊ ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि बादाम सिंह पाल ने पूर्वी बाईपास पर माला पहनकर मंत्री जी का स्वागत किया।निषाद पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दिया। जिस पर हर कार्यकर्ता मंत्री जी से अपना आशीर्वाद लिया और कहा कि अपनी पार्टी को मजबूत करो आगे बढ़ चढ़कर हिस्सा लो आने वाला समय 2027 में चुनाव होने वाला है और निषाद पार्टी से ज्यादा से ज्यादा विधायक पहुंचे हिस्सेदारी मिलेगी कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद पूर्वी बाईपास से लेकर सोरिख तिराहा तालग्राम तिराहा पीपल चौराहा पश्चिमी बाईपास फर्रूखाबाद चौराहा आदि जगह पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# रिक्त पदों पर 19 फरवरी को मतदान, मतगणना 21 को

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने राज्य निर्वाचन आयोग की अधिसूचना के अनुपालन में ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त पदों, जो न्यायालय के स्थगनादेश से बाधित न हो। पर उप निर्वाचन करायें जाने के आदेश जारी किये है। उन्होनें बताया कि ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं सदस्यों के रिक्त स्थानों/ पदों पर उप निर्वाचन हेतु प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों का पूर्ण विवरण देते हुए निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) द्वारा 05 फरवरी 2025 को सार्वजनिक सूचना निर्गत की जायेगी। विकास खण्ड उमर्दा के अन्तर्गत रिक्त स्थान/पद ग्राम पंचायत नौरंगपुर नगरिया व पैथाना में ग्राम प्रधान एवं विकास खण्ड उमर्दा के अन्तर्गत सदस्य ग्राम पंचायत तिर्वा देहात, जनखत, मवई बिलवारी, बेलामऊ सरैया तथा विकास खण्ड छिबरामऊ के अन्तर्गत सदस्य ग्राम पंचायत सिहंपुर, शाहजहॉपुर, कल्यानपुर, कल्यानपुर, हरिहरपुर, मिद्यौली, खुबरियापुर, खल्लारूपमंगदपुर, एवं विकास खण्ड तालग्राम के अन्तर्गत सदस्य ग्राम पंचायत बिलन्दपुर, व विकास खण्ड सौरिख के अन्तर्गत सदस्य ग्राम पंचायत बटेला, बटेला, और विकास खण्ड हसेरन के अन्तर्गत सदस्य ग्राम पंचायत करीं, गोपालपुर में निर्वाचन सम्पन्न होगें। बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की अन्तिम तिथि 08 फरवरी 2025 व समय पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्हन 04 बजे तक है। इसी प्रकार नाम निर्देशन पत्रों की जांच 10 फरवरी 2025 पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य की समाप्ति तक तथा उम्मीदवारी वापस लेने का दिनांक 11 फरवरी 2025 पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्हन 03 बजे तक व मतदान 19 फरवरी 2025 प्रातः 07 बजे से सांय 05 बजे तक और मतगणना 21 फरवरी 2025 प्रातः 08 बजे से कार्य समाप्ति तक है।

उप निर्वाचन में प्रधान, ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने, उनकी जांच करने, उम्मीदवारी वापस लेने, प्रतीक आवंटन तथा मतगणना का कार्य संबंधित विकास खण्ड मुख्यालय पर होगा। परिणाम की घोषणा भी संबंधित विकास खण्ड मुख्यालय पर की जायेगी। उपर्युक्त के मध्य पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेगें और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### जमीनी विवाद में भाई को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** परिवार के लोगों ने जमीन के विवाद को लेकर गाली गलौज की और युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी गुड्डू पुत्र मुलायम सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 28 जनवरी की सुबह करीब 10:30 बजे जमीन के विवाद को लेकर उसके भाई राजेन्द्र, उसकी पत्नी सोनी व पुत्रों गोलू, राजा ने उसके दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर लाठी-डंडों से उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में दंपती सहित चार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांव के लोगों ने खेत से निकलने के विवाद को लेकर गाली गलौज की। जिसमें दंपती सहित चार लोग घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत नदसिया के मजरा बहादुरपुर निवासी रामवेन्द्र पुत्र रामस्वरूप ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 03 फरवरी की सुबह लगभग 10 बजे गांव के जयसिंह, रंजीत, अजनीत, अवनीश ने खेत से निकलने के विवाद में दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में आई उसकी पत्नी रानी देवी, पुत्र मोहित व पुत्री प्रिया को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निबंध प्रतियोगिता में छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**कोंच,जालौन।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भाजपा नगर इकाई द्वारा आयोजित करायी गयी ''हमारा संविधान हमारा गौरव'' निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बालिकाओं सहित प्रधानाचार्या आभा तिवारी को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत सम्मानित किया। जूनियर स्तर पर शिवांगी अग्रवाल ने प्रथम, राधिका अग्रवाल ने द्वितीय, परिधि पटेल ने तृतीय एवं नव्या पटेल और निशी कुशवाहा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। सीनियर स्तर पर गायत्री वर्मा ने प्रथम, अनामिका चौधरी ने द्वितीय, स्नेहा कुशवाहा ने तृतीय और निशा व अनुष्का पटेल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में नगर महामंत्री आशुतोष मिश्रा, मनीष नगरिया, अनिल अग्रवाल, धर्मेंद्र राठौर, राघवेन्द्र निरंजन, प्रदीप वर्मा, बृजेंद्र कुशवाहा, बाबूराम पाल, दीपक मिश्रा, सौरभ पुरवार, शरद जाटव आदि उपस्थित रहे।

# परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर तक फोटोकापी स्कैनर आदि पर प्रतिबंध : जिलाधिकारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा कक्ष व स्ट्रांग रूम में लगे वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरे के डीवीआर में रिकार्डिंग क्षमता कम से कम 30 से 180 दिनों तक अनिवार्य रुप से होना चाहिये। इस बार उत्तर- पुस्तिका पर बारकोड रहेगा। बारकोड के हिसाब से कापी दी जायेगी। परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में फोटोकापी, स्कैनर आदि पर प्रतिबंध रहेगा।

यह बात जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट में यूपी बोर्ड परीक्षा- 2025 के संबंध में हुई बैठक में कही। जिलाधिकारी ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा को नकल पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी परीक्षा केंद्रों पर अवस्थापना संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। सीसीटीवी कैमरे सक्रिय होने चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केन्द्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किये जायेंगे और समय-समय पर परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण किया जायेगा। पेपर खोलने से पहले पेपर की डेट व समय और विषय चेक कर लिया जाये। परीक्षा केन्द्र में किसी के पास फोन व इलेक्ट्रानिक डिवाइस नही होना चाहिये। इसके साथ विधि व्यवस्था के अनुसार परीक्षा संपन्न कराई जाए। कहा कि हाई स्कूल एवं इंटरमीडियट के प्रश्नपत्र व उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित रखरखाव के लिए लोहे की डबल लॉकयुक्त आलमारियों की अलग-अलग व्यवस्था होनी चाहिए। स्वच्छ पेयजल, प्रकाश, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए। परीक्षा केंद्र पर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए 24 घंटे सशस्त्र पुलिस बल की व्यवस्था रहेगी। प्रश्नपत्र स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं बाहरी केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में ही डबल लॉक आलमारी में सील कराया जाएगा। बैठक में एडीएम आशीष कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पूरन सिंह सहित आदि संबंधित अधिकारी रहे।

# पुलिस छापेमारी में पांच जुआरी गिरफ्तार

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



पुलिस हिरासत में पकड़े गये जुआड़ी।

कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगा रहे 5 लोगों को पकड़ लिया है। पकड़े गये आरोपितों के पास 7900 रूपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हार-जीत का खेल लगातार चल रहा है। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी इस पर रोक नहीं लग पा रही है। मुकबिर की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र अपने हमराहियों खुर्शीद आलम, जयचंद, शुभम सिसोदिया की टीम ने नगर के मोहल्ला घुआताल में रज्जन सक्सेना के खाली पड़े प्लाट कुछ लोग एकत्रित होकर हार जीत की बाजी लगा रहे थे। पुलिस ने छापामारी कर हार-जीत की बाजी लगा रहे उमाशंकर कोष्टा, याशीन परवेज उर्फ सानू, विनीत कुमार, लोकेन्द्र कुशवाहा निवासीगण घुवाताल व उमर वर्मा निवासी बालमभट्ट को पकड़ लिया है ।पकड़े गये आरोपितों के पास फड़ पर 6750 रूपए व जामातलाशी में 1150 रूपए, मोबाइल, ताश की गड्डी बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपितों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# नशीला पदार्थ खिला तीन युवकों ने बनायी अश्लील वीडियो

**▸ पीड़ित के पिता ने आरोपियों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

किशोर को नशीला पदार्थ खिलाकार तीन युवकों ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और उसे ब्लेकमेल कर रहे हैं। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र निवासी एक पिता ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा उरई में पढ़ता है। उरई निवासी आकिाश, मंगल व आशीष ने बीती 15 जनवरी को उनके बेटे को किसी तरल पदार्थ में कोई नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया। इसके बाद बेहोशी की हालत में उसकी आपत्तिजनक वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो बनाने के बाद वह उनके बेटे को ब्लैकमेल करने लगे। पहले तो बेटे ने उन्हें नहीं बताया जब वह उसे बार बार ब्लेकमेल करने लगे तब बेटे ने उन्हें यह बात बताई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस बाबत कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जो उचित होगा, कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने कालपी कोतवाली के मालखाने व अभिलेखों का किया निरीक्षण



**कालपी (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने मालखाना के साथ अभिलेख व शस्त्रों को भी देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। विगत कई दिनों से कोतवाली मे सब कुछ दुरुस्त करने की कवायद चल रही थी जिसमे अभिलेखो के रखरखाव और सफाई व्यवस्था पर फोकस किया जा रहा था और सोमवार को जिले स्तर से आई टीम ने असलहों तथा कारतूस आदि का मिलान किया था और अब मंगलवार दोपहर में पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार ने निरीक्षण किया है इस दौरान उन्होंने मालखाना में रखे सामान के रखरखाव और उनकी मौजूदगी के बारे में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया जिसमें उनके रखरखाव के साथ विभिन्न रजिस्टरों में अपराध और अपराधियों के बारे दर्ज जानकारियों को देखा इसके अलावा उन्होंने कोतवाली परिसर में निरुद्ध वाहनों के निस्तारण करने के टिप्स देकर परिसर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और अन्त में कोतवाली स्टाफके साथ बैठक कर लम्बित विवेचनाओं के अतिशीघ्र तथा गुणवत्ता पूर्वक निस्तारित करने के निर्देश देते हुए जनता से अच्छा व्यवहार करने की भी नसीहत दी। इस मौके पर सीओ अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक, अतिरिक्त निरीक्षक मुहम्मद अशरफबरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश कुमार सिंह सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# किसान को बाइक सवार युवकों ने रोक की मारपीट

**जालौन उरई, समृद्धि न्यूज।**

**▸ पीड़ित ने जेब में पड़े 2200 रुपये छीनने का भी लगाया आरोप**

ट्रैक्टर से खेत पर जा रहे किसान को साइड लेने के नाम पर आधा दर्जन बाइक सवार युवक ने उसे रास्ते में रोक लिया।

रोककर युवकों ने गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित ने जेब में पड़े 2200 रुपये छीनने का भी आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। छिरिया मलकपुरा चौकी क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी नरेश कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह ट्रैक्टर से सिंचाई करने के लिए पाइप लेकर जा रहे थे। जब वह मलकपुरा मार्ग पर पहुंचे तो बाइक सवार युवकों ने साइड मांगने के लिए हार्न बजाया। जब उसने साइड देने के ट्रैक्टर साइड में लगाया तो बाइक सवार युवकों ने तमंचा दिखाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर न सिर्फ मारपीट की बल्कि जेब में रखे 2200 रुपये भी छीन लिए। मारपीट के बाद वह बाइक पर सवार होकर भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# विश्व कल्याण के लिए काम करता है गायत्री परिवार

**▸ एसबीआई के शाखा प्रबंधक ने 46 सदस्यों को किया सम्मानित**

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य अतिथि को मां गायत्री की प्रतिमा भेंट करते ब्लाक समन्वयक

कस्बे के मण्डी बाजार मोहल्ले में स्थित गायत्री निकेतन केन्द्र पर बुधवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पिछले नबंवर माह के दौरान सिद्धपीठ काली देवी मंदिर परिसर में हुए 24 कुण्डीय महायज्ञ में प्रतिभाग करने वाले गायत्री परिवार के 46 सदस्यों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्टेट बैंक तिर्वा के शाखा प्रबंधक नवनीत कुमार पाण्डेय ने कहा कि गायत्री परिवार विश्व कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहता है। सभी को गायत्री परिवार से जुड़ना चाहिए। इस मौके पर उन्होने पिछले नबवंर माह में सिद्धपीठ मां काली देवी मंदिर परिसर में गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 24 कुण्डीय महायज्ञ में प्रतिभाग करने वाले गायत्री परिवार के 46 सदस्यों को मां गायत्री की प्रतिमा व पटका देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गायत्री परिवार के ब्लाक समन्वयक राजू चौहान, दिलीप सक्सेना, राजेन्द्र सिंह, मान सिंह, रामऔतार मनवसिया, राजाराम शर्मा, नितिन समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# जिले में 10 से 25 फरवरी तक चलेगा फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ डीएम ने बैठक में अभियान को सफल बनाने के दिये निर्देश**



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एमडीए अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय अन्तर्तविभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ. एनडी शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकरी के द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत एमडीए फरवरी 2025 अभियान के बारे में समस्त संहयोगी विभागों के उत्तरदायित्वों एवं अब तक की गयी तैयारियों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उपरोक्त कार्यक्रम जनपद जालौन के केवल डकोर ब्लाक में ही चलाया जायेगा। तत्पश्चात चन्द्रशेखर, जिला मलेरिया अधिकारी के द्वारा एमडीए कार्यक्रम के सम्बन्ध में की जा रही तैयारियों के बारे में जानकारी दी गयी जनपद के ब्लाक डकोर की कुल जनसंख्या 162764 है।

एमडीए अभियान 10 से 25 फरवरी 2025 तक ब्लाक डकोर में चलाया जायेगा। 10 फरवरी को जनप्रतिनिध के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। अभियान के दौरान डीईसी व एल्बेन्डाजोल दवा खिलाने हेतु 130 टीमें गठित की गयीं हैं। जिसमें 260 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर लगाये गये है। जिसमे आशा, ऑगनवाड़ी कार्यकत्री, एवं स्वंय सेवी कार्यकर्ता कार्य करेंगें। निगरानी के लिये 26 सुपरवाइजरों को तैनात किया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर को प्रचार-प्रसार हेतु आईईसी सामग्री उपलब्ध करा दी गयी है। राज्य मुख्यालय से जनपद को दवा प्राप्त हो गयी है। कार्यक्रम के दौरान दवा खिलाये जाने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डकोर को 168000 एलबेडाजोल की गोलियां तथा 412500 डीईसी की गोलियां उपलब्ध करायी गयी है। यह दवा गर्भवती महिलाओं एवं गम्भीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को एवं 01 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को नहीं खिलाई जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त सहयोगी विभागों को शासनादेश में दिये गये कार्य निर्धारण उत्तरदायित्वों को टाइम लाइन में निर्धारित समय सीमा के अनुसार पूर्ण कराने एवं माइकोप्लान के अनुसार समस्त गतिविधियां शत-प्रतिशत सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनसामान्य में अधिकतम प्रभाव के लिये फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के सामने ही दवा खिलाई जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्रामों में ग्राम प्रधान दवा का स्वयं सेवन कर अभियान का शुभारम्भ करें तथा गांव में डुगडुगी पिटवाकर जनमानस को दवा खाने हेतु प्रेरित किया जाये।





# एक पर पायी गई डीजल में घटतौली, दो पर मिली अव्यवस्थायें

**पेट्रोल पम्पों पर छापेमारी**

**बिक्री पर लगायी रोक, दूसरे पर लगाया दस हजार रुपये का जुर्माना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के पेट्रोल/डीजल पम्पों पर घटतौली एवं अपमिश्रण की शिकायतों की जांच हेतु जिलापूर्ति अधिकारी ने जांच टीम का गठन किया। जांच टीम ने कई पेट्रोल पम्पों पर घटतौली पकड़ी। जिस पर पर जुर्माना वसूला गया तथा कई को चेतावनी दी गयी।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को शासनादेश के अनुसार जिलापूर्ति अधिकारी ने जांच टीम गठित की। टीम ने पेट्रोल/डीजल पम्पों पर घटतौली पकड़ने हेतु अभियान चलाया। टीम ने मे0 कौशली फिलिंग स्टेशन नेकपुर कला फतेहगढ़ पर छापा मारा। जहां पर पम्प की जांच के समय 06 नोजल से पेट्रोल एवं डीजल की डिलीवरी की जांच 05 लीटर माप से 03 बार करायी गयी। जिसमें 01 डीजल के नोजल से डिलीवरी की 05 लीटर माप से 03 बार माप करने पर प्रत्येक डिलीवरी में 30 एम.एल. डीजल की कमी पायी गयी। जिस पर तत्काल प्रभाव से उक्त नोजल से डीजल की बिक्री पर रोक लगायी गयी तथा वरिष्ठ निरीक्षक विधिक बांट माप विज्ञान को नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।



ठंडी सड़क स्थित पेट्रोल पर जांच पड़ताल करती टीम

मे0 गुप्ता फ्यूल्स सर्विश ठंडी सड़क पर जन सुविधाओं के अंतर्गत पीने के पानी का स्थान साफ सुथरा नहीं पाया गया। प्रोपराइटर/प्रबंधक को इस संबंध में कठोर चेतावनी जारी की गयी। मे. एस.सी.जे. रेलवे रोड फर्रुखाबाद पम्प पर जन सुविधाओं के अंतर्गत शौचालय में ताला बंद मिला पाया गया एवं मुफ्त हवा मशीन भी ताले में बंद पायी गयी। साथ ही पीने के पानी वाला स्थान अत्यधिक गंदा पाया गया। जिस पर शासनादेश संख्या-1703/29-7-2008-1-पी.पी./2000 दिनांक 05.08.2008 के प्रस्तर संख्या-17 के अनुपालन में प्रथम बार अनियमितता पाये जाने के फलस्वरुप पम्प स्वामी पर रुपया 10000 (दस हजार रुपये) अर्थदण्ड/जुर्माने की कार्यवाही की गयी।

## जिलाधिकारी के आदेश ताख पर, बिना हेलमेट बिक रहा पेट्रोल

**फर्रुखाबाद।** मार्ग दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शासन तमाम तरह के प्रयास कर रहा है, लेकिन जिम्मेदार इसका पालन कराने में नाकाम साबित हो रहे हैं। शासन के आदेश के क्रम में जिलाधिकारी ने जनपद के सभी पेट्रोल पम्प मालिकों को आदेश दिये कि वह 26 जनवरी के बाद अपने यहां बगैर हेलमेट पेट्रोल पम्प की बिक्री कदापि न करें, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश का पालन नहीं हो रहा है। वाहन चालक धड़ल्ले से बगैर हेलमेट पेट्रोल ले रहे हैं। जब इस संबंध में पेट्रोल पम्प कर्मचारियों से बात की गयी, तो उनका कहना था कि कोई हेलमेट लगाकर पेट्रोल लेने नहीं आता है। यदि वह नियमों का पालन करेंगे, तो उनकी बिक्री पर फर्क पड़ेगा। कई पेट्रोल पम्प मालिकों ने अपने यहां बैनर तक नहीं लगाया है। वहीं जब पूर्ति निरीक्षक से जानकारी की गयी, तो उनका कहना था कि हेलमेट चेक करना हमारे विभाग का काम नहीं है। यह काम सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी का है।



बिना हेलमेट के हो रही पेट्रोल की बिक्री

## कई पेट्रोल पम्पों पर दम तोड़ रही व्यवस्थायें

**फर्रुखाबाद।** यूं तो शासनादेश के अनुसार पेट्रोल पम्पों पर शुद्ध पेयजल, शौचालय तथा मुफ्त हवा देने का आदेश है, लेकिन जनपद के अधिकांश पेट्रोल पम्पों पर इन चीजों का अभाव है। जबकि व्यवस्थाओं के अभाव में पेट्रोल पम्प मालिक पर जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन कोई पेट्रोल पम्प मालिक इसका पालन नहीं कर रहा है। सब अपनी मनमानी कर रहे हैं। जब जिलापूर्ति अधिकारी से इस संबंध में बात की गयी, तो उन्होंने बताया कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

# आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर



कार्यालय में मौजूद एएसपी व पुलिसकर्मी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने में माह जनवरी 2025 में जनपद फतेहगढ़ द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान, जोन स्तर पर प्रथम स्थान तथा थाना वार रैंक में जनपद के समस्त थानों द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है। कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली फतेहगढ़, थाना मऊदरवाजा, थाना कादरीगेट, महिला थाना, कोतवाली कायमगंज, थाना शमशाबाद, थाना मेरापुर, थाना कम्पिल, थाना कमालगंज, थाना अमृतपुर, थाना राजेपुर, कोतवाली मोहम्मदाबाद, थाना जहानगंज, थाना नवाबगंज, थाना फर्रुखाबाद द्वारा सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया गया।

पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने इस उपलब्धि पर आईजीआरएस कार्यालय में तैनात निरीक्षक अवध नरायण पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड-ए अंकित कुशवाहा, मुख्य आरक्षी दिलीप कुमार, आरक्षी अभिषेक कुमार, आरक्षी बालकिशन, आरक्षी विजय कुमार, आरक्षी विवेक कुमार को सम्मानित किया।

# बच्चों को गली में खेलने से मना करने पर दबंगों ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गली में गाय बांधने का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारकी के अनुसार सुनील कुमार उम्र 20 वर्ष पुत्र स्वर्गीय शिवराम कुमार निवासी श्याम नगर थाना कादरीगेट गाय को बांधने गली में गया था।

वहां बच्चे खेल रहे थे। सुनील ने बच्चों को खेलने से मना किया। जिस पर पड़ोस ही रहने वाले मुन्ना पुत्र सोनेलाल, अनिकेत पुत्र राजू ने सुनील के साथ मारपीट की। जिससे उसके शरीर में कई स्थानों पर चोटें आयी हैं।



लोहिया में भर्ती घायल

पीड़ित सुनील की मां ने कादरीगेट थाने पर उपरोक्त लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुन्ना के भांजे को पकड़ लिया।

# अग्निवीर भर्ती में युवाओं ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) बरेली की अग्निवीर भर्ती रैली 29 जनवरी से फतेहगढ़ में चल रही है। भर्ती रैली 6 फरवरी तक चलेगी। रैली का आयोजन मुख्यालय भर्ती क्षेत्र लखनऊ के तत्वावधान में स्टेशन कमांडर फतेहगढ़ छावनी फतेहगढ़ नागरिक प्रशासन के सहयोग से किया जा सका है। मंगलवार को भी रैली में कुल 1003 युवाओं ने भाग लिया।

एआरओ बरेली के क्षेत्र में आने वाले जनपद फर्रुखाबाद, लखीमपुर, संभल, हरदोई, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, बहराइच, बलरामपुर, बदायूं, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती के जिन अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन सीईई पास कर लिया है वे फतेहगढ़ में रैली में भाग ले सकते हैं। सुबह 3 बजे जनपद बरेली के अभ्यर्थियों को स्पोर्ट्स स्टेडियम में एकत्र किया गया।



लांग जम्प लगाते युवा

यहां से टोंकन देने के बाद सभी को सिखलाईट रेजीमेंट सेंटर के बैरियर से सैन्य क्षेत्र में दाखिल किया गया। अभ्यर्थियों को लंबाई मापने के उपरांत माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने शैक्षिक प्रमाण पत्रों की पड़ताल की। प्रपत्रों की पड़ताल के उपरांत दौड़ के लिए युवकों को करियप्पा मैदान पर ले जाया गया। सैन्य भर्ती अधिकारी कि जानकारी के मुताबिक मंगलवार को 1276 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। 1003 युवाओं ने भर्ती प्रक्रिया में भाग लिया। दौड़ में 432 युवा कामयाब रहे।

# एक तो मौसम की मार, दूसरे अन्ना पशुओं की भरमार

**खून-पसीने से तैयार की गयी फसलों को चट कर रहे आवारा जानवर**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

अन्नदाता पर एक तो मौसम की मार, दूसरे क्षेत्र में आवारा अन्ना जानवरों का आतंक। जिससे किसान खासा परेशान है। पीड़ित किसानों ने आवारा गौवंशों से निजात दिलाये जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के गांव जाफरनगर में एक तो अन्नदाता मौसम की मार से परेशान है, दूसरे अन्ना गोवंशों से परेशान है। जिससे किसान खासा परेशान है। बताते चलें कि एक तो अन्नदाता मौसम की मार से परेशान है मौसम खराब होने से अन्नदाता के माथे पर चिंता की लकीरें देखी जा रही है, वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र में लहलहाती रवि की फसल में आवारा अन्ना जानवरों का आतंक है। जो की सरेआम खेतों को खड़ी फसलों को खा रहे हैं। किसानों का कहना कि खून पसीने से तैयार की गयीं फसलों को अन्ना जानवर खाकर नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कई बार अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की, लेकिन उनकी बात कोई सुनने वाला नहीं है। वह कहां तक अपनी फलसों की रखवाली करें। शाम तक वह खेतों पर रहते हैं, लेकिन रात में जैसे ही खेतों से जाते हैं, वैसे ही आवारा जानवर खेतों में घुस जाते हैं और गेहूं की फसल को खाकर नष्ट कर देते हैं।



गेहूं की फसल खा रहे अन्ना पशु

# विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर डीडीओ, डीसी मनरेगा खफा

**कर्मचारी जीपीएस कैमरे से फोटो लेकर अधिकारियों को भेजें**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास कार्यों की प्रगति जानने के लिए विकास खंड कार्यालय पर डीडीओ तथा डीसी मनरेगा ने कर्मचारियों के साथ बैठक की।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रुकैया खालिद दादपुर में मनरेगा तथा अन्य विकास कार्यों की जानकारी के लिए डीडीओ एस0के0 तिवारी ने गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला की बेहतर व्यवस्था से डीडीओ एसके तिवारी संतुष्ट दिखे। वापस लौटकर विकास खंड कार्यालय पर समस्त कर्मचारियों के साथ बैठक कर फार्मर रजिस्ट्री तथा जीरो पॉवर्टी आदि कई विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने सर्वप्रथम फार्मर रजिस्ट्री, जीरो पॉवर्टी, आवास योजना, मनरेगा सहित कई विकास कार्यों की समीक्षा की।

जिसमें उन्होंने बताया कि विकास खंड का कार्य धीमी प्रगति पर है जिसको सभी कर्मचारी मिलकर कार्यों को आगे बढ़ायें तथा दो दिन के अंदर प्रगति रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दें। डीडीओ ने उपस्थिति रजिस्टर का निरीक्षण किया तथा विकास खंड क्षेत्र के समस्त क्षेत्रीय कर्मचारियों को रात 9:00 बजे तक अपने-अपने ग्राम पंचायत में पहुंचकर जीपीएस कैमरे से फोटो खींचकर उच्च अधिकारियों को विकास खंड अधिकारी के माध्यम से भेजें। विकास कार्यों में धीमी प्रगति देखकर अधिकारियों का परा चढ़ा गया और विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव तथा डीसी मनरेगा रंजीत कुमार मीटिंग समापन के बाद विकास खंड क्षेत्र में निकल गए। सभी अधिकारियों ने बताया कि वह विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत में रात 12:00 तक निरीक्षण कर जीपीएस कैमरे से फोटो डालकर अवगत कराएंगे। वहीं समस्त ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने ग्राम पंचायत में पहुंचकर जीपीएस कैमरे से फोटो डालें तथा फार्मर रजिस्ट्री और जीरो पॉवर्टी योजना की प्रगति रिपोर्ट रात में ही उच्च अधिकारियों को विकास खंड अधिकारी के माध्यम से भेजें।



बैठक लेते डीडीओ व डीसी मनरेगा

इस मौके पर डीडीओ एसके तिवारी, डीसी मनरेगा रंजीत कुमार, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, एडियो पंचायत कृष्णपाल सिंह, ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई, बृजेश कुमार, जगवीर सिंह यादव, मोतीलाल, सुनील कुमार, बृजनंदन लाल, कुलदीप कुमार राजपूत, आकांक्षा सक्सेना, वेद प्रकाश, कामता सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, कनिष्ठ सहायक राज भारती, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, मनरेगा सहायक राहुल चंदेल, आलोक पाठक सहित समस्त कर्मचारी बैठक में मौजूद रहे।

# गंगा स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहे बीडीओ बढ़पुर

**नालों का गंदा पानी गिर रहा गंगा में, लोगों में रोष**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार के गंगा सफाई अभियान को बीडीओ बढ़पुर पलीता लगा रहे हैं। बीडीओ बढ़पुर अमरेश चौहान की लापरवाही से नाले नालियों गा गंदा पानी गंगा में गिर रहा है।

इसमें प्रधान भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा को अविरल और निर्मल बनाने के लिए गंगा में गिरने वाले नालों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए थे, लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियां बीडीओ उड़ा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में पक्की नालियों का निर्माण कराकर गन्दा पानी गंगा नदी में गिरा रहे है। जबकि गंगा नदी को अविरल और निर्मल बनाने के लिए सरकार जंहा सांस्कृतिक कार्यक्रम, पर्यावरण संरक्षण गोष्ठी कर लोगो को जागरूक कर रही हैं।




गोष्ठी में मौजूद संत व जनप्रतिनिधि

जब इस सम्बंध में जल शक्ति मिशन के तहत गंगा सफाई अभियान के लिए बनाए गए गंगा विचार मंच के जिला सयोजक भूपेंद्र सिंह से बात की गई, तो गंगा विचार मंच के जिला संयोजक ने बताया कि ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर के नाले अभी भी गंगा नदी में गिर रहे हैं। गंगा सफाई अभियान की बैठक में कई बार वह मुद्दा उठा चुके हैं। ग्राम पंचायत सोता बहादुरपुर के नाले नालियों का पानी गंगा में गिरने से रोका जाए। उन्होंने बताया कि प्रदेश और केंद्र सरकार ने दो सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाकर गंगा में गिरने वाले नालों पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

गंगा में गिरने वाले नालों की टेपिंग कराकर उन्हें सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़कर गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जा रहा, लेकिन बार-बार आला अधिकारियों से कहने के बाद भी ग्राम पंचायतों के नाले और नाली को गंगा में गिरने से नहीं रोका गया है। जब तक सभी नालों नालियों का पानी गंगा नदी में गिरने से नहीं रुकेगा तब तक अविरल गंगा निर्मल गंगा का सरकार का सपना नहीं साकार होगा।

# बाइक फिसलने से तीन घायल



लोहिया में ड्रेसिंग कराने के बाद बैठे घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक फिसलने से तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार शिव उम्र 21 वर्ष पुत्र सुभाष, आशीष कुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र रजनीश कुमार, राजीव कुमार उम्र 23 वर्ष पुत्र राजेश कुमार निवासी ग्वालटोली कोतवाली फतेहगढ़ के निवासी हैं। उपरोक्त लोग रामनगरिया मेला देखकर बाइक से वापस लौट रहे थे। नेकपुर पुल के पास बजरंग रेस्टोरेंट के निकट गिट्टी पड़ी होने से बाइक फिसल गयी। जिससे तीनों बाइक सवार गिरकर घायल हो गये। जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव नीबलपुर निवासी सनोज उम्र 25 वर्षीय पुत्र अवधेश कुमार अपनी बहन आकांक्षा उम्र 18 वर्षीय व अशिकी को बाइक द्वारा कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के टैगोर स्कूल में इन्टर का बायोलॉजी का प्रैक्टीकल दिलाने के लिए ले जा रहा था। जैसे ही वह कायमगंज क्षेत्र के विरियों के पास पहुँचा, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बुलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार भाई सहित दोनों बहनें घायल हो गईं। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलो को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 अमित कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर सनोज को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# अवैध खनन करते ट्रैक्टर को जिला खनन अधिकारी ने पकड़ा, किया सीज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

खनन कर रहे ट्रैक्टर को रोकने गए जिला खनन अधिकारी की गाड़ी पर ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। बाद में ट्रैक्टर को सीज कर दिया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव धूरीहार में जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप को सूचना मिली की क्षेत्र में अवैध खनन हो रहा है। जिसको रोकने के लिए जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और खनन को रोकने का प्रयास किया। ट्रैक्टरों को रोकने का इशारा किया वैसे ही जिला खनन अधिकारी के बताए अनुसार ट्रैक्टर चालक ने उनकी गाड़ी पर ट्रैक्टर चढ़ाने का प्रयास किया। जिससे उन्होंने आगे से घेरकर ट्रैक्टर को पकड़ लिया और थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची थाना पुलिस व जिला खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर थाने लेकर आए। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। जिला खनन अधिकारी ने ट्रैक्टर को थाना पुलिस को कब्जे में देकर और ट्रैक्टर को सीज करने की कार्रवाई की।




थाने में खड़ा ट्रैक्टर

# बाइक और मोपेड में भिड़ंत एक घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोपेड से दुकान का सामान लेने जा रहे वृद्ध को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया।

आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**परिजनों ने घायल को अस्पताल में कराया भर्ती**

जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के ग्राम भगोना निवासी 62 वर्षीय रमेश चन्द्र पुत्र महेतु अपनी परचून का सामान लेने मोपेड से जा रहा था। जैसे ही भट्ठा के पास मरहाला पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रहे बाइक संख्या यूपी 76एस/9980 के चालक ने मोपेड में टक्कर मार दी। इस दौरान बाइक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। जिससे वृद्ध गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सूचना घायल के परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने उसका उपचार किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक व मोपेड को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया और जांच पड़ताल की।

## एसीएमओ के पहुंचने पर पैथोलॉजी संचालक व छोलाछाप अपनी-अपनी दुकानें बंद कर हुए फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के कस्बे में पहुंचने की खबर मिलते ही अवैध तरीके से चल रही पैथोलॉजी तथा झोलाछाप अपनी-अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गये। कस्बा नवाबगंज में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 रंजन गौतम के कस्बे में पहुंचने की जानकारी लगते ही झोलाछाप तथा अवैध तरीके से संचालित पैथोलॉजी संचालक अपने-अपनी दुकान है बंद कर फरार हो गये। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम कस्बा नवाबगंज से बाईपास होते हुए चौराहे तक आए, लेकिन उन्हें कोई भी क्लीनिक व पैथोलॉजी की कोई भी दुकान खुली नहीं मिली। वहीं कस्बा नवाबगंज के फर्रुखाबाद रोड पर चौराहे के समीप एक डेंटल क्लीनिक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की गाड़ी रुकी और डेंटल क्लीनिक संचालक से बात कर रवाना हो गये। खबर लिखे जाने तक कोई भी चिकित्सक व पैथोलॉजी सेंटर पर कार्यवाही नहीं हुई है।

# ईओ ने अपनी देखरेख में चलवाया विशेष सफाई अभियान

**▸ स्वच्छ भारत मिशन के तहत चलाया जा रहा है अभियान**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


सफाई कार्य का निरीक्षण करते नगर पालिका ईओ

स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत कायमगंज नगर पालिका द्वारा वार्ड नं0 1 से 15 तक विशेष सफाई अभियान चलाकर नगर को साफ-सुथरा बनाने के लिए नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने अपनी देखरेख में नालियों की सफाई करायी।

मंगलवार को संयुक्त रुप से नालियों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका के सफाई कर्मियों को निर्देश दिये गये कि जिसकी जिस क्षेत्र में ड्यूटी लगायी गई है वह पूरे मन से सफाई कार्य करें। न ही कहीं पर नाली बजबजाती दिखायी दे और न ही सड़क पर कहीं कूड़ा दिखायी दे। अधिशासी अधिकारी लवकुमार मिश्रा ने चले रह सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारी व सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका द्वारा स्मार्ट सिटी के अनुरुप स्वच्छता कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्र में जो बड़े आकार के नाले व नाली है उन पर विशेष सफाई का ध्यान दिया जा रहा है।

नाले एवं नालियों में सुगम निकास हेतु स्वच्छता कायम रखने, नाले नालियों में कचरा डालने वाले लोगों को समझाकर स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की और यह भी चेतावनी दी कि यदि आप नियम विरुद्ध कार्य करेंगे और नगर के स्वच्छ वातावरण को दूषित करेंगे तो जुर्माने के साथ-साथ कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। इस दौरान नगर पालिका के एसआई अनिल आजाद, जेई प्रशांत कुमार, सफाई नायक रवि, विजेन्द्र, उमेश सहित अन्य नगर पालिका कर्मी अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज में भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रयोगात्मक परीक्षा में सवाल पूछती परीक्षक

यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाओं के दौर में कनोडिया बालिका इंटर कालेज में मंगलवार को भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। राजकीय बालिका इंटर कालेज लखनऊ से आयी अंजू ने बताया कि भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा में छात्राओं का वायवा लिया है। जिसमें 70 बालिकायें मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज की, 14 छात्र रामानंद बालक इंटर कालेज के, तीन छात्रायें अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कालेज की व 10 छात्रायें अहिल्याबाई होल्कर इंटर कालेज की है। टोटल 97 विद्यार्थियों की भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। कनोडिया बालिका इंटर कालेज की भूगोल प्रवक्ता मधु कटियार की देखरेख में प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई।

कनोडिया बालिका इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी के निर्देशन में सभी छात्राओं ने अपना मनोविज्ञान से परिचय देते हुए प्रयोगात्मक परीक्षा में भाग लिया। वहीं रस्तोगी इंटर कालेज में भी भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न हुई। 22 छात्रों ने प्रतिभाग किया, एक छात्र अनुपस्थित रहा। सुभाष शुक्ला की देखरेख में सभी छात्रों ने वायवा देते हुए परीक्षा में भाग लिया।

# सपा पदाधिकारी कार्यालय में सुनेंगे जनता की समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला समाजवादी पार्टी द्वारा जनता की जन समस्याओं का निस्तारण हेतु दिवस बार पदाधिकारियों की ड्यूटी लगायी गई है। प्रत्येक दिवस में पांच पदाधिकारी बैठ कर समस्यायें सुनेंगे और संबंधित विभाग को अवगत कराकर निस्तारण कराने का प्रयास करेंगे।

सोमवार से लेकर रविवार तक प्रत्येक दिवस बार नामों की सूची जारी की गई। जिसमें जिला कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं का नाम सूची में है, जो पार्टी कार्यालय पर बैठकर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे। यह जानकारी जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने दी है।

# जहां वेद नहीं होते वहां वेदना होती है: चन्द्रदेव शास्त्री


कार्यक्रम में मौजूद आचार्यगण व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में प्रातःकाल यज्ञ किया गया।

आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने बताया कि वेद ईश्वर की वाणी है, परमपिता परमात्मा ने सृष्टि के आदि में मनुष्यमात्र के कल्याण के लिए चार ऋषियों के अंतःकरण में वेदों का ज्ञान दिया। वेद ईश्वर का संविधान है, जैसे किसी देश के संविधान का पालन करने वाला व्यक्ति उस देश का श्रेष्ठ नागरिक कहलाता है, ऐसे ही ईश्वरीय संविधान वेद की आज्ञा का पालन करने वाला मनुष्य भगवान की कृपा को प्राप्त करता है। आचार्य प्रदीप शास्त्री ने बताया कि जहां वेद नहीं होते वहीं वेदना होती है। संस्कृत व्याकरण के आधार पर वेद शब्द चार धातुओं से बना है, विद् सत्तायाम्य, विद् ज्ञाने, विद् विचारणे, विद् लृ लाभे, जिसका अर्थ होता है- वेद सत्ता के ज्ञान से विचार करने पर लाभ मिलता है।

ईश्वर का सही स्वरूप हमें वेदों से ही मिलता है। इसलिए संसार की समस्त सत्य विद्याओं को जानने के लिए वेदों को पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना प्रत्येक मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है। पण्डित धर्मवीर आर्य, पण्डित धनीराम बेधड़क, पण्डित शिवनारायण आर्य आदि ने वेद महिमा एवं ईश्वर महिमा के भजनों एवं उपदेशों से श्रोताओं को वेद के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने मंच का संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, मंगलम आर्य, डॉ0 सत्यम आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार, उदिता आर्या, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।



सीओ को सम्मानित करते हर्ष दुबे

# युवा महोत्सव के हर्ष दूबे ने सीओ को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 21वां फर्रुखाबाद युवा महोत्सव 2025 के अंतर्गत आयोजित सम्मान समारोह में पुलिस विभाग द्वारा आम जन मानस को उत्कृष्ट सेवाएं देने के लिए पुलिस उपाधीक्षक ऐश्वर्या उपाध्याय को राष्ट्रीय पुलिस वीरता एवं समाज सेवा सम्मान 2025 से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान युवा महोत्सव समिति के प्रतिनिधि एवम् मिस्टर फर्रुखाबाद हर्ष दूबे ने प्रदान किया। सम्मान में सम्मान पत्र एवं प्रतीक चिन्ह एवम् पुलिस वीरता पटका प्रदान किया। इसके साथ ही समिति के संरक्षक का भी आभार व्यक्त किया गया।

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के छात्रों को दी गई विदाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

सीपी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ हवन-पूजन के साथ हुआ। सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने श्रद्धा और भक्ति भाव से भाग लिया।

विद्यालय में सीनियर छात्रों के सम्मान में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने विशेष टाइटल पहनाकर उन्हें सम्मानित किया और उनके सुनहरे भविष्य की मंगलकामना की। प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने विद्यार्थियों को परीक्षा प्रवेश पत्र के साथ उपहार भेंट किए और आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अनुशासन, मेहनत और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी से ईमानदारी और धैर्य के साथ अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने का आग्रह किया। निर्देशिका डॉ. मिथिलेश अग्रवाल, उप-निर्देशिका अंजू राजे एवं प्रधानाचार्य संजय बिष्ट ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने छात्रों को आत्मनिर्भर बनने, सदैव सीखते रहने और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह में छात्रों की भावनाएँ मुखरित हुईं। कुछ की आँखें नम थीं, तो कुछ अपने शिक्षकों और साथियों के साथ बिताए पलों को याद कर भावुक हो उठे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में एक पारिवारिक माहौल देखने को मिला। सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर इस क्षण को अविस्मरणीय बनाया।

## खबरें एक नजर में

### संवैधानिक अधिकार यात्रा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने जानकारी दी है कि कैबिनेट मंत्री डा0 संजय निषाद जनपद में पांच फरवरी को आयेंगे। उनका आवास विकास व चौक पर स्वागत किया जायेगा और वह नवादा सिरौली तक संवैधानिक अधिकार यात्रा में भाग लेंगे।

### मेला रामनगरिया में भण्डारा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला श्री रामनगरिया में चल रहे उपकारी राष्ट्रीय चिंतन मिशन के पंडाल में विशाल भंडारे का आयोजन 5 फरवरी को सुबह 11 बजे से होगा। यह जानकारी देते हुए मिशन के सचिव वैभव सोमवंशी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश पाल सिंह उपकारी के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम होगा। सुबह संत भोज व कन्या भोज होगा और 11 बजे से सभी भक्तों के लिए मां गंगा की इच्छा तक भंडारे का आयोजन होगा। उन्होंने सभी भक्तों से भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

### बलात्कार के मामले में वांछित बाल अपचारी गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार वादिनी की तहरीर के आधार पर वादिनी की पुत्री रात्रि के समय कथा सुनने गयी थी। वादिनी की नाबालिग पुत्री सड़क के उस पार पेशाब करने गयी थी, तभी बाल अपचारी द्वारा सरसों के खेत में ले जाकर बलात्कार करना, जाति सूचक गाली-गलौज करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 19825 धारा 64/351(3)/352/61(2) बीएनएस 384 पाक्सो एक्ट 3(1)द, घ, 3(2)(5) एस.सी./एस.टी.एक्ट दिनांक 30.01.2025 कोतवाली कायगमंज में पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में पीड़िता के बयान अन्तर्गत धारा 180/183 बीएनएसएस के आधार पर बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### रोडवेज की टक्कर से बाइक सवार संगनी समेत तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव त्योरखास निवासी सिप्रा सक्सेना उम्र 43 वर्ष संगनी के पद पर कार्य कर रही है। मंगलवार को वह अपने पति अभिषेक सक्सेना, बेटी क्षमा को साथ लेकर बाइक द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कायमगंज क्षेत्र के गाँव प्रेमनगर गॉव जा रही थीं। जैसे ही वह तीनों लोग बाइक द्वारा गाँव ढमढेरा के निकट पहुंचते ही सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी इससे बाइक सवार लोग काफी दूर जा गिरे और तीनों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से तीनों घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर अभिषेक को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रस्तोगी इंटर कालेज में साइबर क्राइम कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



छात्रों को जानकारी देते क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद कामील

साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के अन्तर्गत रस्तोगी इंटर कालेज में कार्यशाला का आयोजन हुआ। साइबर क्राइम कार्यशाला में क्राइम इंस्पेक्टर मोहम्मद कामील ने छात्रों को जागरुक करते हुए साइबर अपराध की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि किसी तरह की अनजान कॉल आती है, अगर वह किसी को प्रताड़ित करें तो वह इस संबंध में हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। साथ ही किसी तरह की भड़काऊ पोस्ट को व्हाट्सएप पर न डाले जो साइबर अपराध की श्रेणी में आते है। अगर कोई साइबर क्राइम करता है तो उसकी जानकारी संबंधित थाना व चौकी को दें, जिससे अपराध से बचा सकें। शहर कोतवाली राजीव पाण्डेय ने भी साइबर अपराध रोकने की विस्तार से जानकारी दी। एसआई राहुल सिंह, एसआई यतेन्द्र सिंह, एसआई मोनू शाक्य, कम्प्यूटर आपरेटर अंकुर पनवार व आरक्षी प्रीती के अलावा शिक्षक सुभाष शुक्ला, विजेन्द्र मथुरिया, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, गजेन्द्र सिंह, डॉ. यशवंत सिंह, राकेश प्रसाद, देवेन्द्र कुमार, शैलेश दुबे, महाराज सिंह, राजेन्द्र सिंह, सुधाकर चतुर्वेदी, संजीव चौहान, हिमांशु शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

# दहेज हत्या के मामले में पति को सात वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज विशेष न्यायाधीश कक्ष 5 न्यायाधीश रीतिका त्यागी ने दहेज हत्या के मामले में रमेश सिंह पुत्र रामबक्स सिंह निवासी कुबेरपुर डूंगरसी कोतवाली मोहम्मदाबाद को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 17 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

बीते लगभग 28 वर्ष पूर्व कोतवाली मोहम्मदाबाद पुलिस को रामदेव सिंह पुत्र धनपाल निवासी जैतपुर आगरा ने दी गयी तहरीर में बताया मैंने अपनी बहन पूनम उर्फ छुन्नी की शादी रमेश सिंह के साथ हिन्दू रीति रिवाज से की थी। मैंने शादी में अपनी क्षमता से अधिक दान दहेज दिया था। शादी के बाद से ही रमेश मुझसे अतिरिक्त दहेज की मांग करता था। एक दो बार मेरी बहन को मेरे साथ भेज दिया।

उसके बाद रमेश मेरी बहन को अपने साथ ले गया। कुछ दिनों बाद रमेश ने अपने चाचा और चाची व बिट्टो देवी के सहयोग से मेरी बहन की हत्या कर दी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता भानु प्रकाश मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीष रीतिका त्यागी ने रमेश को दोषी करार देते हुए सात वर्ष का कारावास व 17 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# दो पक्षों में मारपीट, दोनों का किया चालान

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव भगौतीपुर निवासी रामवीर जाटव पुत्र सोनपाल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि वह भारतीय किसान यूनियन (भानू गुट) जिला संगठन का सचिव है। आज हमारे गॉव के रक्षपाल पुत्र रामलाल ने आते ही मेरे साथ गाली-गलौज कर लाठी-डन्डों से मारापीटा। वहीं रक्षपाल ने पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि गाँव में कम्बल बांटने को लेकर रामवीर नेतानगरी दिखाने लगा। मेरे द्वारा विरोध करने पर रामवीर ने रक्षपाल को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रामवीर व रक्षपाल का मेडीकल परीक्षण करवाकर वैधानिक कार्यवाही कर दोनों पक्षों का चालान कर दिया।

# ई-रिक्शा पलटने से मां की गोद में बैठे मासूम की मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**



गड्ढे में पहिया जाने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे मां की गोद में बैठे मासूम की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। शव देखकर स्वजन बिलखने लगे। स्वजन शव लेकर घर चले गए। स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी राजकुमार मंगलवार सुबह ई-रिक्शा से स्वजनों व मोहल्ले वालों के साथ जनपद कासगंज के गांव बहादुरनगर स्थित साकार विश्व हरि (भोले बाबा) के आश्रम जा रहे थे। ई-रिक्शा पर महिलाओं, बच्चों समेत आठ लोग सवार थे। जैसे ही ई-रिक्शा राजा का रामपुर कासगंज मार्ग पर गांव गढ़िया के निकट पहुंचा, तभी सामने से आ रहे लकड़ी भरे ट्रैक्टर ने ओवरटेक किया। चालक ने ई-रिक्शा को सड़क किनारे उतारने का प्रयास किया। जिससे ई-रिक्शा का पहिया सड़क किनारे गड्ढे में चला गया। जिससे ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से सवारियां एक दूसरे के ऊपर जा गिरीं। जिससे मां मानसी की गोद में बैठा सात माह का ऋषभ दबकर घायल हो गया। जबकि अन्य लोग बाल-बाल बच गए। राहगीरों ने ई-रिक्शा को सीधा कर सभी को बाहर निकला। मौके पर पहुंचे स्वजन ऋषभ को निजी अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर पर स्वजन बिलखने लगे। मासूम की मौत से पिता ब्रह्मदत्त बिलखने लगे। ब्रह्मदत के अनुसार ऋषभ उसका इकलौता पुत्र था। स्वजन शव लेकर घर चले गए। स्वजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# महिला सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर



महिला सम्मेलन में मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष व सीओ सिटी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को मेला रामनगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने कहा कि महिलाओं को शत-प्रतिशत साक्षर बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। जब महिलायें साक्षर होंगी, तो वह अपने पैरों पर खड़ी हो सकेंगी। रमला राठौर ने कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई योजनायें चला रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलायें हर क्षेत्र में अपना नाम कर रही है।

डॉ. रजनी सरीन ने कहा कि आज महिलायें पुरुषों के कंधे से कंधा मिलकर चल रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योगी सरकार कई कदम उठा रही है। चाहे कोई भी क्षेत्र हो, हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी है। इस मौके पर सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय, कुसुम, नीरजा, अलका सक्सेना, अनीता राठौर, सुधा चौहान, रामा सिंह, हेमू, लक्ष्मी, प्रीती तिवारी, आशा सोमवंशी, चित्रा अग्निहोत्री, अनुजा सोमवंशी, उर्मिला पाण्डेय, हंसमुखी, गीता चौहान, निशा परिहार, नीरज प्रजापति आदि सहित सैकड़ों महिलायें मौजूद रहीं।

# गुरु मंत्र: इतिहास में अच्छे अंक दिलायेगा घटनाओं की तिथियां व समय प्रबंधन............

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से सम्पन्न होने जा रही है। जिसकी तैयारियों को लेकर छात्र शिक्षकों के मार्गदर्शन में पढ़ाई कर रहे है। परीक्षा पर चर्चा के दौरान अपने अनुभव साझा करते हुए

## परीक्षा पर चर्चा


ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, प्रवक्ता

कन्हैया लाल रामशरण रस्तोगी इंटर कालेज के इतिहास प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इंटर मीडिएट में इतिहास छात्रों के लिए इतिहास अपने आप में एक मजेदार विषय है, लेकिन ऐतिहासिक घटनाओं की तिथियां व उनका कालचक्र याद करने में पसीने छूट जाते है। हालांकि विद्यार्थी समय प्रबंधन और सतत अभ्यास से इस कमजोरी को आसानी से दूर कर सकते है। बोर्ड परीक्षा में समय कम है। छात्रों को बिल्कुल घबराने की जरुर नहीं है। अभी भी इस विषय में अच्छे अंक अर्जित कर सकते है। अपने उपयोगी टिप्स देते हुए प्रवक्ता ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि इतिहास विषय का प्रश्न पत्र 100 अंक का होता है। पांच खण्ड होते है। खण्ड (क) में दस विकल्पी प्रश्न होते है। जिनके कुल 10 अंक निर्धारित है। खण्ड (ख) में 10 अंक के पांच अतिलघु उत्तरीय प्रश्न होते है। खण्ड (ग) में 6 लघुउत्तरीय प्रश्न होते है। प्रत्येक लघुउत्तरीय प्रश्न के पांच अंक निर्धारित होते है। खण्ड (घ) में 10 अंक के तीन विस्तृत उत्तरीय प्रश्न होते है। प्रश्न के खण्ड में इतिहासिक तिथियों से संबंधित दस प्रश्न और मानचित्र से संबंधित पांच प्रश्न कुल 20 अंक के होते है। तीनों को बांटकर विद्यार्थी रिविजन करें। भाग एक में हड़प्पा की पुरातात्विक खोज की कहानी, हड़प्पाकालीन प्रमुख स्थानों के पुरातात्विक विवरण है।


रजनीश शिवा, अध्यापक

फिरोज गांधी इंटर कॉलेज कमालगंज के इतिहास व समाजिक विज्ञान अध्यापक रजनीश शिवा ने बताया कि हाईस्कूल में छात्र विशेष राइटिंग पर ध्यान रखें। समाजिक विज्ञान, भूगोल, नागरिक शास्त्र व इतिहास के हिस्से को अगर छात्र सही तरीके से रिविजन करें तो उन्हें पूरे नम्बर मिलेंगे। भूगोल में नक्शा अत्याधिक महत्वपूर्ण है। इतिहास में तिथियां अहम है। बहुविकल्पीय प्रश्नों पर ध्यान देना चाहिए और उनके ठीक से उत्तर बोर्ड परीक्षा में लिखे। जिससे उन्हें पूरे अंक मिल सकें। बार-बार रिविजन से प्रश्न याद हो जाता है।


छात्र- राज सिंह राठौर

### इतिहास विषय में तिथियों का विशेष ध्यान रखा है: राज सिंह राठौर

रस्तोगी इंटर कालेज कक्षा-12 के छात्र राज सिंह राठौर ने बताया कि विद्यालय में गुरुजनों द्वारा पढ़ाये गये इतिहास विषय के तीनों भाग का सही से रिविजन किया है। समय सारणी के साथ विशेष याद किये गये प्रश्नों को पहले हल करेंगे। ऐतिहासिक घटनाओं से संबंधित स्थान व उनकी तिथियां क्रमबद्ध लिखेंगे और मानचित्र से संबंधित अधिक से अधिक अभ्यास कर रहे है।


छात्र-आशू

### समाजिक विज्ञान में सभी प्रश्न अच्छे से याद किये है: आशू

मोहन लाल शुक्ला आदर्श इंटर कालेज कक्षा 10 के छात्र आशू ने बताया कि समाजिक विज्ञान में सभी प्रश्नों को अच्छे से याद किया है। बहुविकल्पीय प्रश्नों पर विशेष ध्यान रखा है। अगर उत्तर ठीक है तो पूरे नम्बर मिल सकते है। ज्यादातर प्रश्नों को लिख-लिखकर याद किया है। विद्यालय में पढ़ाये गये सभी पाठों का विशेष ध्यान रखते हुए बार-बार रिविजन किया है।

# भारत किसी भी महामारी से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार : जेपी नड्डा

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि देश के पास भविष्य में किसी भी महामारी और आपात स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली है।

राज्यसभा में पूरक प्रश्नों के उत्तर देते हुए नड्डा ने कहा कि महामारी की रोकथाम और तैयारी एक साझा वैश्विक जिम्मेदारी है। देश में भविष्य की महामारियों एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के खिलाफ बेहतर तैयारी के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को उनकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान करती है। मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान डीएमके की सांसद डॉ. कनिमोझी एमवी सोमू और सीपीआई सांसद एए रहीम ने भविष्य में आने वाली बीमारियों से निपटने की सरकार की तैयारी पर सवाल पूछा। उसके जवाब में जेपी नड्डा ने सदन को बताया कि पिछले दस सालों में स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, विशेष रूप से कोरोना महामारी के दौरान त्वरित कार्रवाई की गई। नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल(एनसीडीसी) के तहत देश में एक एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम है, जो रोग निगरानी के लिए एक मंच है। इसके अलावा देश में रैपिड रिस्पोंस टीमें हैं, जिसे त्वरित प्रतिक्रिया टीम कहा जाता है, जो राज्यों में है। इसके साथ स्वास्थ्य नियंत्रण और रोकथाम के लिए विकेन्द्रीकृत बहु-विषयक टीमें हैं। इसके अलावा, हमारे पास एक एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच है, जहां उन्नत डेटा के साथ विश्लेषण और विश्लेषणात्मक डेटा और डेटा मॉडलिंग उपकरण हैं।

### 112 करोड़ रुपए से एनओएचएम की शुरुआत

जेपी नड्डा ने कहा कि महामारी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नागपुर में 112 करोड़ रुपये से राष्ट्रीय एक स्वास्थ्य मिशन (एनओएचएम) की शुरुआत की गई है। वित्तीय आंवटन की जानकारी देते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि कोरोना काल के दौरान इमरजेंसी रिस्पोंस हेल्थ सिस्टम पैकेज प्रथम पैकेज के तहत 2021 में 8473 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। इसके दूसरे चरण में 12740 बजट आवंटित किए गए। क्षमता निर्माण के लिए 64180 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। तमिलनाडु के लिए 615 करोड़ रुपये दिए गए। उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के पास 150 प्रयोगशालाएं हैं। उन्होंने कहा कि वायरल अनुसंधान निदान प्रयोगशालाएं भी हैं। भारत में पुणे में एक विश्व स्तरीय राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान है। उन्होंने कहा कि हमारे पास एक बहुत मजबूत प्रणाली है जहां भी कोई महामारी या महामारी की संभावना होती है, ये प्रयोगशालाएं पुष्टि करती हैं कि किस प्रकार का उत्परिवर्तन हो रहा है, क्या परिवर्तन हो रहा है, किस प्रकार की दवा दी जानी है या किस प्रकार का उपचार दिया जाना है। 3 बीएसएल लैब तमिलनाडु में है। इसलिए हमारे पास पुख्ता स्वास्थ्य प्रणाली मौजूद है।

### मुख्यमंत्री सुक्खू आज रखेंगे प्रदेश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना की आधारशिला

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को मार्च 2026 तक देश का प्रथम हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं और पांच फरवरी को हिमाचल इस दिशा में उत्कृष्ट नवाचार की पहल करेगा। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू बुधवार को प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में हिमाचल के प्रथम बड़ी हरित हाईड्रोजन परियोजना की आधारशिला रखेंगे। सुक्खू सोलन ज़िला के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दभोटा में 01 मेगावाट ग्रीन हाईड्रोजन संयंत्र का शिलान्यास करेंगे। लगभग 9.04 करोड़ रुपये के निवेश से निर्मित किए जाने वाले इस ग्रीन हाईड्रोजन प्लांट में प्रतिदिन 423 किलोग्राम ग्रीन हाईड्रोजन उत्पादन की क्षमता होगी। इस परियोजना का निर्माण कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं कैंसर के मामले लक्षणों पर ध्यान देने की जरूरत : डॉ. श्रुति

**विश्व कैंसर दिवस पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित**

समृद्धि न्यूज




**नई दिल्ली।** कैंसर बहुत ही घातक बीमारी है, पर इस समय इसके इलाज में भी काफी प्रगति हुई है। इसी को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। भारत में कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विशेषज्ञों ने 2025 में भारत में कैंसर के मामलों में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया है। इसीलिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस 2025 के अवसर पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम, कैंसर एक्शन हॉस्पिटल, पश्चिम विहार, नई दिल्ली के ओपीडी एरिया में दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के डॉ. संजीव गुप्ता- मेडिकल डायरेक्टर, डॉ श्रुति भाटिया- प्रिंसिपल कंसलटेंट गायनी ऑन्कोलॉजी व डॉ. मनोज कुमार शर्मा- डायरेक्टर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डॉ. समित पुरोहित- डायरेक्टर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी और डॉ. जेबी शर्मा- डायरेक्टर मेडिकल ऑन्कोलॉजी सहित कई कैंसर विशेषज्ञ शामिल हुए और विभिन्न तकनीकी मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गई। इस मौके पर एक्शन कैंसर हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि कैंसर के मामले भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर बहुत ही सतर्क रहने की आवश्यकता है। लक्षणों पर ध्यान देकर समय रहते अस्पताल पहुंचने से इलाज में आसानी होती है और मरीज को जल्द ठीक किया जा सकता है। डॉ. श्रुति भाटिया- प्रिंसिपल कंसलटेंट, गायनी ऑन्कोलॉजी ने बताया कि, कैंसर के लक्षणों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है, इसके लक्षणों में वजन में कमी आना, बुखार, भूख में कमी आना, खांसी या मूंह से खून आना, त्वचा में गांठ बनना और त्वचा के रंग में बदलाव, पाचन संबंधी समस्याएं, जोड़ो और मांसपेशियों में दर्द, अधिक थकान और कमजोरी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। डॉ मनोज कुमार शर्मा- डायरेक्टर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी ने बताया कि कैंसर जैसे रोगों को ठीक करने के लिए आजकल अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध है परंतु इसके लिए लक्षणों पर ध्यान देकर तुरंत अस्पताल पहुंचना आवश्यक है।

# पूर्व सैनिक की हत्या में कई लोगों हिरासत में, तलाशी अभियान तेज

एजेंसी

**हमलावरों को भागने से रोकने के लिए अतिरिक्त बल तैनात**

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सोमवार को एक पूर्व सैनिक की हत्या के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ सहित सुरक्षाबलों ने हमलावरों का पता लगाने के लिए प्रयास तेज कर दिए। गांव और आस-पास के इलाकों में कई स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस दौरान बडी संख्या में लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

कुलगाम जिले के बेहीबाग इलाके में सोमवार देर शाम बंदूकधारियों ने पूर्व सैनिक मंजूर अहमद पर उनके घर में घुसकर गोलियां चलाईं। वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। हमले में उनकी पत्नी और भतीजी भी घायल हो गईं। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस और सेना के अधिकारी स्थिति का आकलन करने के लिए मौके पर पहुंचे। इलाके की तुरंत घेराबंदी की गई और हमलावरों को भागने से रोकने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि हमले के बाद गांव और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया। सुरक्षाकर्मी घने बगीचों, रिहायशी इलाकों और संदिग्ध ठिकानों की तलाशी ले रहे हैं। हमलावरों का पता लगाने में सहायता के लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी तैनात किया गया है। घटना की जांच करने और जिम्मेदार लोगों की पहचान करने के लिए कई टीमें बनाई गई हैं।


### कूनो राष्ट्रीय उद्यान में गूंजी किलकारी, मादा चीता वीरा ने दिया दो शावकों को जन्म

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान से खुशखबरी सामने आई है। यहां एक बार फिर दो नन्हें चीता शावकों की किलकारी गूंजी है। मंगलवार को मादा चीता वीरा ने दो नन्हें शावकों को जन्म दिया है। इसके बाद कूनो में चीतों की कुल संख्या 26 हो गई है, जिसमें 14 शावक और 12 वयस्क चीते शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी साझा करते हुए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से कहा कि नन्हें चीतों की किलकारी से फिर गूंजा कूनो.. मध्य प्रदेश की जंगल बुक में दो चीता शावकों की दस्तक...। मुझे यह जानकारी साझा करते हुए अत्यंत आनंद की अनुभूति हो रही है कि मध्य प्रदेश की धरती पर चीतों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।



संगम में स्नान के बाद वृट वृक्ष की पूजा करते भूटान के राजा नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह। समृद्धि न्यूज

### दलित बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में सपा का कैंडिल मार्च



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में एक दलित बेटी के साथ दुष्कर्म और हत्या के विरोध में समाजवादी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी की महिला सभा की कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय व कोन में कैन्डिल जलाकर मृतक आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना किया और पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए के मुआवजे की मांग की। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव डॉ0 श्रेया सोनकर ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो महिला सभा बड़ा आंदोलन करने के लिये बाध्य होगी। वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इन्दू कुमारी ने भी दलित की बेटी के साथ हुये दुष्कर्म के मामलें को लेकर कैन्डिल मार्च निकाला। कैन्डिल मार्च में नगर अध्यक्ष वन्दना गुप्ता, रजिया खातुन, जुबैदा अंसारी, बिन्दु सोनकर, सरोज सोनकर, गुड़िया गुप्ता, प्रज्ञा, साध्वी, राजमनी देवी, गुड्डू यादव, झल्लू यादव, रवि सोनकर, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे


## खबरें एक नजर में

### किआ सिरोस ने 8.99 लाख में पेश किया नया एसयूवी सेगमेंट



**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** किआ इंडिया, प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली एक प्रमुख कंपनी, ने अपनी नई किआ सिरोस को लॉन्च किया है। यह मिड और कॉम्पैक्ट एसयूवी कैटेगरी के बीच एक नया सेगमेंट पेश करता है। इसकी कीमत 8.99 लाख रुपये रखी गई है। किआ सिरोस का डिज़ाइन अपने प्रीमियम मॉडल्स श्वङ्क9 और कार्निवल से प्रेरित है, जिसमें अत्याधुनिक तकनीक, प्रीमियम कम्फर्ट और बोल्ड डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन देखने को मिलता है। यह भारतीय उपभोक्ताओं के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित हो सकता है। किआ सिरोस में असाधारण तकनीक और स्मार्ट कनेक्टिविटी का खास ध्यान रखा गया है। इस सेगमेंट में पहली बार ओवर-द-एयर सॉफ्टवेयर अपडेट सिस्टम पेश किया गया है, जो 16 कंट्रोलर्स के ऑटोमैटिक अपडेट की अनुमति देता है।जूनसू चो, चीफ सेल्स ऑफिसर, किआ इंडिया ने कहा, ्रभारत में एसयूवी की मांग लगातार बढ़ रही है, खासकर उन युवाओं में जो टेक्नोलॉजी के शौक़ीन और रोमांच पसंद करते हैं। ऐसे लोग अपनी गाड़ियों से बहुत कुछ उम्मीद करते हैं। किआ इंडिया ग्राहकों की बदलती जरूरतों के हिसाब से नई और बेहतरीन डिज़ाइन वाली गाड़ियाँ बना रहा है, जो ऑटोमोटिव इंडस्ट्री की सीमाओं को आगे बढ़ा रही हैं। किआ सिरोस हमारी नई एसयूवी है, जिसमें आधुनिक तकनीक, बेहतरीन आराम और आकर्षक डिज़ाइन का बेहतरीन संयोजन है।

### अदाणी-इस्कॉन के सहयोग से सेवा-सत्कार का महाकुंभ जारी



**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।** सोमवार यानी 3 फरवरी 2025 को महाकुंभ का दूसरे सबसे पवित्र स्नान का दिन रहा। देश-दुनिया से लोग प्रयागराज पहुंचे और उन्होंने त्रिवेणी में डुबकी लगाई। प्रयागराज में आध्यात्म का महाकुंभ तो चल ही रहा है साथ ही सेवा और सत्कार का महाकुंभ भी जारी है। ऐसे ही एक महाकुंभ का भागी बन रहा है अदाणी और इस्कॉन का साथ। अदाणी समहू इस्कॉन के साथ मिलकर देश दुनिया से आए लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था कर रहा है। इस परमार्थ के लिए दुनिया की सबसे बड़ी रसोई दिनरात काम पर लगी रहती है। मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी के स्नान के दिनों को मिलाकर देखा जाए तो तकरीबन 5.5 लाख लोगों ने अदाणी-इस्कॉन का महाप्रसाद ग्रहण किया। इन 22 दिनों में तकरीबन 28 लाख लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया और इसका वितरण लगातार जारी है। अदाणी और इस्कॉन की तरफ से महाप्रसाद का वितरण 13 जनवरी 2025 को आरंभ हुआ और लगातार जारी है। महाकुंभ क्षेत्र में मौजूद 40 से ज्यादा सेंटर्स पर महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। इसके लिए क्षेत्र में ही 3 रसोईघर लगातार भोजन प्रसाद का निर्माण करते रहते हैं। 13 जनवरी 2025 से लेकर 3 फरवरी 2025 तक 2 लाख किलो से ज्यादा चावल, 1 लाख किलो से ज्यादा आटा, 1 लाख 50 हजार किलो से ज्यादा सब्जियां, 1 लाख 35 हजार किलो से ज्यादा दालें और 19000 किलो से ज्यादा देसी घी का इस्तेमाल हो चुका है।

### राज्य स्तरीय विशाल कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**मड़िहान (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** मड़िहान विधानसभा में स्थित गोल्हनपुर गांव में राज्यस्तरीय विशाल कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नागेश कुमार सिंह एडवोकेट व विधायक रमाशंकर सिंह पटेल रहे। ग्राम प्रधान इंश पटेल द्वारा दोनों अथितियों का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नागेश कुमार सिंह एडवोकेट ने फीता काटकर क्रिकेटरों का उत्साह वर्धन किया।वही अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया।इस दौरान उन्होने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 7 जनवरी को किया जाएगा।इस अवसर पर भारी संख्या में ग्रामीणों के अलावा युवा मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पलटी बोलोरो, चार घायल

समृद्धि न्यूज



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा अदवा मार्ग पर मंगलवार की दोपहर बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बोलोरो वाहन चालक समेत तीन लोग मामूली रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया जिस पर पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया। जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के हिंनौता गांव निवासी बोलोरो चालक अब्दुल हमीद बोलोरो वाहन पर गाँव निवासी शकुंतला व लालबाक्स व दो बच्चो को बैठाकर हलिया रिश्तेटेदार के यंहा आ रहा था की जैसे ही हथेड़ा अदवा सम्पर्क मार्ग हथेड़ा गांव में पहुंचा की अचानक बोलोरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। जिससे बोलोरो चालक सहित उसमें सवार लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दिया।

मौके पर पहुँचे उपनिरीक्षक श्याम लाल व महेंद्र प्रताप यादव ने घायलों को एम्बुलेंस सेवा वाहन 102 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भिजवाया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है। घायलों की हालत सामान्य है। घटना के बाद मौके पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ जुट गई। बोलोरो वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

### सोलह पाउच शराब बरामद, ढाबा संचालक पर मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरी बाजार के पहले स्थित ढाबा से पुलिस ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर सोलह पाउच शराब बरामद किया है। उपनिरीक्षक परमात्मा यादव को सूचना मिली की देवरी बाजार से पहले बम्बइया ढाबा पर अबैध शराब विकती है यदि चेक किया जाय तो मिल सकती है। पुलिस ने पकड़े गये लोगों से नाम पता पूछा तो अपना नाम श्याम सुंदर साहू निवासी बांकी थाना अमिलिया जिला सीधी मध्य प्रदेश बताया। अबैध शराब के संबंध में पूछने पर हिला हवाली करने लगा। पूछताछ पर बताया की देशी शराब के ठेके से देशी शराब खरीद कर लाता हूँ तथा ग्राहकों से मुनाफा लेकर बेचता हूँ। पूछने पर की कहा शराब रखे हो तो ढाबा संचालक उपरोक्त होटक के कोने में सफेद बोरी लेकर आया। बोरी का तालाशी लेने पर सोलह पाउच देशी शराब बरामद हुई। जिस पर पुलिस ने ढाबा संचालक के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ढाबा संचालक को निजी मुचलके पर छोड़ दिया है और मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की ढाबा संचालक के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ढाबा संचालक को निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया है।

### गंगा का पानी लिफ्ट कराकर जरगो, असरौरा डैम को भरने का सर्वे पूरा

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्थानीय विधायक अनुराग सिंह ने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के पदाधिकारियों साथ अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड चुनार व उनकी टीम के साथ बैठक कर समसपुर से गंगा का पानी लिफ्ट कराकर जरगो डैम व अहरौरा डैम को भरने के संबंध में सिंचाई विभाग के द्वारा की गई प्राथमिक सर्वे को देखा और उसके विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर विधायक अनुराग सिंह ने बताया कि हमारा पूर्ण प्रयास है किसान भाइयों के सिंचाई की समस्या का पूर्ण समाधान कराने का जिसके क्रम में प्राथमिक सर्वे की प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया गया है तथा विधायक ने अभी बताया कि योगी सरकार पूरी तरह से किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री एवं सिंचाई मंत्री के अनुशंसा से यह कार्य तीव्र रूप से प्रगति पर है। जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाकर किसानों की सिंचाई की समस्या को का पूर्ण रूप से निदान कर दिया जाएगा।

# विधायक ने किया स्वच्छता प्रतिष्ठान का उद्घाटन, अंत्येष्टि स्थल का शिलान्यास



समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत गलरा में मंगलवार को छानबे विधायक रिंकी कोल ने बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी संग ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय व विंध्य स्वच्छता मार्ट का उद्घाटन किया।

ग्राम प्रधान ममता अरुण मिश्रा ने विधायक रिंकी कोल का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। विधायक ने गांव में अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए सेवटी नदी के पास भूमि पूजन व शिलान्यास किया। छानबे विधायक रिंकी कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में गांवों का तेजी से विकास हो रहा है आमजन को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने ग्रामीणों से सामुदायिक शौचालय का उपयोग करने की अपील करते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की।इस दौरान विधायक रिंकी कोल व ग्राम प्रधान ममता अरुण मिश्रा ने बरगद और गूलर का पौधारोपण किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, ग्राम सचिव राजेंद्र प्रसाद, बिजेंद्र पांडेय, डॉ दयानंद मिश्र, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, मार्तण्ड सिंह, पंचायत सहायक ज्ञानी मिश्रा, हरिशंकर पटेल, नरेंद्र मिश्र, अशफाक अहमद आदि मौजूद रहे।

# 38वें राष्ट्रीय खेल : अंडमान और निकोबार ने स्वर्ण रजत व कांस्य सहित तीन पदकों पर किया कब्जा

समृद्धि न्यूज




**देहरादून।** राष्ट्रीय खेल 2025 के रोड साइक्लिंग फ़ाइनल के पहले दिन अंडमान और निकोबार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित तीन पदक अपने नाम किए। वहीं, सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) ने भी दमदार प्रदर्शन किया और एक स्वर्ण व एक रजत पदक जीते।

महिला एलीट स्क्रैच 10 किमी दौड़ में कर्नाटक की कीर्ति रंगास्वामी सी ने स्वर्ण पदक जीता। असम की चयनिका गोगोई को रजत और हरियाणा की मीनाक्षी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पुरुषों की एलीट स्क्रैच रेस 15 किमी में एसएससीबी के साहिल कुमार ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। केरल के अद्वैत शंकर एसएस ने रजत और एसएससीबी के कृष्णा नायकोडी ने कांस्य पदक जीता। महिला एलीट स्प्रिंट में महाराष्ट्र की श्वेता बालू गुंजल ने 12.745 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। अंडमान और निकोबार की सेलेस्टिना ने 12.848 सेकंड में दौड़ पूरी कर रजत पदक अपने नाम किया, जबकि दिल्ली की त्रियशा पॉल ने 12.799 सेकेंड में स्प्रिंट पूरी कर कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र की अगाशे शुशिकला दुर्गाप्रसाद 12.567 सेकेंड के समय के साथ चौथे स्थान पर रहीं और कुछ मिली सेकेंड के अंतर से पदक चूक गईं। पुरुष एलीट स्प्रिंट स्पर्धा में अंडमान और निकोबार के डेविड बेकहम ने 10.691 सेकेंड में दौड़ पूरी कर स्वर्ण पदक जीता।

मणिपुर के लैटोनजाम रोनाल्डो सिंह ने 10.724 सेकंड के समय के साथ रजत पदक अपने नाम किया, जबकि अंडमान और निकोबार के एसो ने 10.826 सेकेंड में दौड़ पूरी कर कांस्य पदक जीता। रोड साइक्लिंग के पहले दिन कुल 12 पदक अलग-अलग राज्यों और बोर्ड्स के खिलाड़ियों ने जीते, जिसमें अंडमान और निकोबार के शानदार प्रदर्शन ने सबका ध्यान खींचा।

### 100वां टेस्ट खेलने के बाद संन्यास लेंगे दिमुथ करुणारत्ने



**नई दिल्ली।** अनुभवी श्रीलंकाई बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने ने घोषणा की है कि इस सप्ताह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनका 100वां टेस्ट मैच उनके करियर का आखिरी टेस्ट होगा। गुरुवार को करुणारत्ने श्रीलंका के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले सातवें क्रिकेटर बन जाएंगे। वह गाले में मैदान पर उतरेंगे, जहां उन्होंने नवंबर 2012 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने टेस्ट करियर की शुरुआत की थी। करुणारत्ने ने अपने करियर में श्रीलंका के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। वह टेस्ट क्रिकेट में श्रीलंका के लिए चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उनके नाम 7172 टेस्ट रन दर्ज हैं, जिसमें एक सलामी बल्लेबाज के रूप में 7079 रन शामिल हैं। संन्यास के फैसले को लेकर करुणारत्ने ने समाचार पत्र डेली एफटी से बातचीत में कहा, एक टेस्ट खिलाड़ी के लिए सिर्फ चार मैचों में अपनी फॉर्म बनाए रखना और खुद को प्रेरित रखना कठिन होता है।्र उन्होंने यह भी बताया कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप शुरू होने के बाद श्रीलंका को बहुत कम द्विपक्षीय सीरीज खेलने का मौका मिला है। करुणारत्ने के प्रदर्शन पर नजर डालें तो 2024 की शुरुआत से अब तक उन्होंने 11 टेस्ट मैचों में 27.05 की औसत से सिर्फ 541 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में वह 7 और 0 रन पर ही आउट हो गए थे। उन्होंने कहा, मैंने एंजेलो मैथ्यूज और दिनेश चांडीमल से चर्चा के बाद यह फैसला लिया। हम तीनों के एक साथ संन्यास लेने की बजाय, एक-एक करके यह कदम उठाना बेहतर होगा।

# विधायक अनुराग सिंह ने नव निर्मित विद्यालयों का किया लोकार्पण



समृद्धि न्यूज

**सीखड़ (मिर्जापुर)।** विधायक अनुराग सिंह ने किया विद्यालयों के नव निर्मित भवनों का लोकार्पण सीखड़ विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय पचरांव सेकंड,प्राथमिक विद्यालय फुलहां एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पसियाही के नव निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण किया।

लोकार्पण के पूर्व उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक चुनार अनुराग सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को विश्व स्तरीय शिक्षा उपलब्ध करवाने एवं उनके आत्मविश्वास में निखार लाने के लिए सरकार द्वारा राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा से अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई आरंभ की गई है। इस निर्णय से भविष्य में छात्र विश्व में कहीं भी अपनी क्षमता के आधार पर रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा भी मौजूद रहे।

उक्त अवसर पर विद्यालय की प्रधान अध्यापिका रुचि सिंह व प्रधानाध्यापक सुरजीत सिंह ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह और धीरज त्रिपाठी ने किया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज, ग्राम प्रधान अजय कुमार सिंह, नंदलाल साहनी,आलोक कुमार सिंह, संतोष सिंह, शीतलेश्वर प्रसाद पाठक, ज्ञानधर शुक्ला अमित दूबेसहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिका एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

डॉ. जे.पी. तिवारी



चिकित्सा प्रभारी
प्राथमिक
स्वास्थ्य केंद्र
उरवा बाजार।

समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस एवं महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

दिलीप कुमार




अवर
अभियंता
विद्युत उपकेंद्र
धुरियापार